छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 26 नवम्बर 2023
वर्ष - 65 | अंक - 221 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

एक परिवार के 48 सदस्यों ने एक साथ डाला वोट पृष्ठ 2

मड़ई
छत्तीसगढ़ी दिवस म उठत सवाल पृष्ठ 6

हार्दिक पांड्या को शायद लगता है कि उनका समय पूरा हो गया है और अब वापस मुंबई इंडियंस लौट जाएं : एबी डिविलियर्स पृष्ठ 8

देश विदेश
- फिलिस्तीन के समर्थन में अमेरिका में प्रदर्शन
- कराची के शॉपिंग मॉल में लगी आग, नौ लोगों की मौत
- ऑस्ट्रेलिया में कथित हमले के बाद भारतीय छात्र कोमा में

पृष्ठ 7

## राजस्थान में 68 फीसदी से अधिक मतदान

### सर्वाधिक 76.57 फीसदी मतदान जैसलमेर में, सबसे कम 60.71 फीसदी पाली जिले में दर्ज



**जयपुर**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान की 199 विधानसभा सीटों पर शनिवार शाम 6 बजे मतदान सपन्न हो गया। पांच बजे तक 68 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के अनुसार शाम 5 बजे तक प्रदेश में 68.24 फीसदी मतदान हुआ है। कई जगह झड़प और बवाल हुआ। बूथ कैप्चर किया गया। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। सर्वाधिक 76.57 प्रतिशत मतदान जैसलमेर जिले में हुआ, जबकि सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली जिले में दर्ज किया गया।

**भरतपुर जिले की कामां व नगर में विवाद**

भरतपुर जिले की कामां और नगर विधानसभा क्षेत्र में विवाद हुआ। नगर विधानसभा क्षेत्र के सुकेत गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल के बूथ पर हंगामा कर दिया। यहां एक व्यक्ति दीवार फांदकर बूथ में घुस गया और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मारपीट शुरू कर दी। उसने वीवीपैट में तोड़फोड़ की। हंगामे की वजह से करीब 30 मिनट तक मतदान बंद रहा। धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में खुले का पूरा गांव में बूथ कैप्चरिंग करने की कोशिश की गई। यहां लोगों की फ्लाइंग स्क्वॉड के मजिस्ट्रेट हरिओम सिरवार से झड़प हो गई। गाड़ी में तोड़फोड़ कर ड्राइवर से मारपीट की। कैमरामैन का कैमरा और फोन छीनकर ले गए। इसके बाद गांव के दो पक्षों के बीच फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। घटना में मजिस्ट्रेट के ड्राइवर सहित तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के रजई कला गांव में भी फायरिंग का मामला सामने आया। कंचनपुर के एक मतदान केंद्र पर बसपा प्रत्याशी जसवंत गुर्जर और भाजपा कैंडिडेट गिर्राज मलिंगा के समर्थक आमने-सामने हो गए। वहीं अब्दुलपुर गांव में दो पक्ष आपस में भिड़ गए और पथराव कर दिया।

**फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा**

सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा हो गया। दोनों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। घटना बोचीवाल भवन के पीछे बूथ संख्या 128 से 200 मीटर दूर मोहल्ले में हुई। पथराव में एक कॉन्स्टेबल समेत 3 लोग घायल हो गए। चूरू के सरदारशहर के एक बूथ पर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई है। जोधपुर के लूणी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जोगाराम पटेल के कार्यालय पर हमले का आरोप लगाया। सीकर, श्रीगंगानगर जिलों के कई बूथों पर ईवीएम में खराबी के कारण मतदान में देरी हुई। अलवर, झालावाड़, श्रीमाधोपुर सहित कई विधानसभाओं के बूथों पर दूल्हा-दुल्हन भी वोट करने पहुंचे। टोंक की निवाई विधानसभा में 113 साल की वोटर भूली देवी ने भी वोट डाला।

## मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार की तबीयत नाजुक, मिलने पाटन पहुंचे सीएम भूपेश



**रायपुर**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्ययमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल की तबियत काफी नाजुक बतायी जा रही है। पिता की तबियत बिगड़ने की जानकारी के बाद सीएम भूपेश बघेल आज शनिवार को शांति नगर स्थित पाटन सदन पहुंचकर पिता से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य संबधित जानकारी ली। कुछ दिन पहले ही नंद कुमार बघेल की तबियत बिगड़ने पर उन्हे मोवा के बालाजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जिन्हे उपचार के बाद स्वास्थ्य लाभ मिलने पर हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया था। आज बताया जा रहा है कि एक बार फिर नंद कुमार बघेल की तबियत ज्यादा खराब हो गयी। स्थिति नाजुक होने की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने पिता से मिलने तत्काल शांति नगर स्थित पाटन सदन पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पाटन सदन पिता के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद डॉक्टरों की टीम से इलाज के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री के पिता की तबियत एक बार फिर ज्यादा खराब होने पर डॉक्टरों की टीम द्वारा बेहतर इलाज करने का प्रयास किया जा रहा है।

## नैनीताल में कार गहरी खाई में गिरी, 5 की मौत

**नैनीताल**। नैनीताल जिले में शनिवार को दिल्ली के पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिर गई। इसमें सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। नैनीताल के कोटाबाग क्षेत्र में हुआ। माना जा रहा है कि इसी वजह से कार चालक ने संतुलन खो दिया। लोगों ने कार को खाई में गिरा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि बाघनी गांव में पर्यटकों की कार खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत हुई है। मृतकों की शिनाख्त अब तक नहीं हुई है।

### सिलक्यारा सुरंग मामला

## फिर बाधित हुआ बचाव अभियान

### सुरंग के भीतर टूटी बरमा मशीन



**उत्तरकाशी**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए अभियान चल रहा है लेकिन इस बीत अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने शनिवार को बताया कि सुरंग में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान के 14वें दिन बरमा मशीन खराब होने से अब इस प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है क्योंकि यह ऑपरेशन तकनीकी रूप से और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**अब धैर्य की जरूरत है**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने कहा कि अब धैर्य की जरूरत है क्योंकि बचावकर्मियों को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति युद्ध जैसी है और ऑपरेशन को लेकर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है।

**वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू की जाएगी**

रिपोर्ट के मुताबिक, बचाव अभियान में ऑगर (बरमा) मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है जो मलबे के बीच से ड्रिलिंग कर रही है लेकिन रास्ते में धातु बाधा आने पर इसका काम रुक जाता है। इस बीच कई बार बरमा मशीन में खराबी का सामना करना पड़ा है। बचावकर्मी अब बरमा मशीन को निकाल रहे हैं। इसके बाहर आने पर मैन्युअल ड्रिलिंग और वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू की जाएगी।

फिलहाल मुख्यमंत्री धामी एक बार फिर टनल पर पहुंचे हैं। उन्होंने वर्टिकल ड्रिल पर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी विशेषज्ञों की सलाह से आगे के एक्शन पर फैसला लिया जाएगा। एनडीएमए सदस्य ने कहा कि फिलहाल 47 मीटर की खुदाई हो चुकी है, उसे स्थिर रखना है और बरमा मशीन का टूटा हुआ हिस्सा हटाना है।

### कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

देहरादून। उत्तरकाशी सिलक्यारा में 14 दिन से टनल में फंसे मजदूरों को निकालने की लगातार कोशिश की जा रही है। हर दिन मजदूरों के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई न कोई बाधा आ जाती है। जिसके कारण अभी तक टनल में फंसे मजदूरों को नहीं निकाला जा सका है। वहीं, टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने में हो रही देरी के मामले पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। मामले में कांग्रेस ने बीजेपी सरकार और सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने बाकायदा इसके लिए एक पोस्टर भी जारी किया है।

## सार संक्षेप

### संविधान दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का होगा आयोजन

**नई दिल्ली**। विधि एवं न्याय मंत्रालय रविवार को यहां भारतीय विधि संस्थान के सहयोग से विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में संविधान दिवस मनाएगा। इसी दिन 1949 में भारत ने संविधान को अपनाया था। इस कार्यक्रम में पांच तकनीकी सत्रों वाली एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी भी आयोजित की जायेगी। इससे कानूनी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और शिक्षा जगत सहित अन्य लोगों को 2047 के विजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में कानूनों में सुधार की जरूरतों पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिलेगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और वह पूर्ण सत्र में मुख्य भाषण देंगे।

### ट्रेड फेयर के अंतिम वीकेंड पर उमड़ी भीड़

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ट्रेड फेयर के अंतिम वीकेंड पर दिल्ली पवेलियन में जमकर भीड़ उमड़ी एवं लोग पेवेलियन के सभी स्टालों पर जमकर खरीदारी करते देखे गए। दिल्ली पवेलियन में बने अक्षरधाम मंदिर के साथ सेल्फी लेने का भी लोगों में जमकर क्रेज देखा गया। वहीं पवेलियन में रोज हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्टेज शो का भी लोगों ने लुत्फ उठाया।

### मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत ट्रेन द्वारकाधीश रवाना

**नई दिल्ली**। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत शनिवार को 83वीं ट्रेन दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यात्रा पर जाने से पहले यहाँ एक कार्यक्रम में तीर्थयात्रियों से मुलाकात के बाद कहा कि दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर ट्रेन लगभग हर सप्ताह तीर्थयात्रा पर जा रही है। इसी कड़ी में आज भी एक ट्रेन 780 तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही है।

### जेयू में रैगिंग से मौत मामले में छह आरोपी छात्रों के विवि में प्रवेश पर रोक

**कोलकाता**।। जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के छह छात्रों को, जो इस साल संस्थान के एक नए छात्र की दुःखद मौत के मामले में आरोपी हैं, अनिश्चित काल के लिए विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

### दिल्ली को कोई राहत नहीं

**नई दिल्ली**। दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शनिवार शाम 389 पर रहा जो बहुत खराब श्रेणी में है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के आंकड़ों में यह बात कही गई है।

### महाराष्ट्र में मुसलमानों को 5फीसदी आरक्षण नहीं मिलने पर उलेमाओं कीआंदोलन की चेतावनी

पुणे। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड (एआईयूबी) ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर महाराष्ट्र में मुस्लिम समुदाय को राज्य सरकार द्वारा शिक्षा में 5 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा नहीं किया गया तो यह समुदाय बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।

### टीएमसी सांसद की बढ़ सकती है मुश्किलें

## महुआ मामले में सीबीआई जांच शुरू



- आचार समिति भी कर चुकी है निष्कासित करने की सिफारिश

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा में पैसा लेकर सवाल पूछने आरोपों से घिरी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के मामले में सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर प्रारम्भिक जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि इस मामले में अब महुआ की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिलहाल प्रारम्भिक जांच में एजेंसी पहले यह सुनिश्चत करेगी कि आरोप जांच के योग्य है अथवा नहीं। अगर इस जांच में सीबीआई को पर्याप्त साक्ष्य मिल जाते हैं तों वह महुआ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच आगे बढ़ा सकती है। मालूम हो कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत के आधार पर मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन्होंने टीएमसी सांसद पर संसद में सवाल पूछने के बदले एक कारोबारी से पैसा लेने का आरोप लगाया था।

**संसद सदस्यता भी हो सकती है समाप्त**

इस मामले में लोकसभा आचार समिति ने पहले ही महुआ मोइत्रा को दोषी मानते हुए निचले सदन सदन से निष्कासित करने की अपनी सिफारिश लोकसभा अध्यक्ष के पास भेज दी है। माना जा रहा है कि 4 दिसम्बर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में यह प्रस्ताव लोकसभा में रखा जा सकता है। सदन सहमत हुआ तो टीएमसी सांसद की सदस्यता खत्म हो सकती है।

## डीए डीआर के आदेश में विलम्ब से रोष



- ब्यूरोकेट पर अड़ंगा लगाने का आरोप
- अनुमति कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए और आदेश ब्यूरोकेट अधिकारियों का

**रायपुर**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग से अनुमति के बाद भी महंगाई की मार झेल रहे कर्मचारी और पेंशनरों को केंद्र की भांति महंगाई भत्ता और महंगाई राहत के भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से आदेश जारी करने में हो रहे विलम्ब से भारी रोष है। आरोप लगाया है कि इस अनावश्यक देरी के लिए केवल व्यूरोकेट ही जिम्मेदार है। ऐसा प्रतीत होता है कि वे जानबूझकर अड़ंगा लगा रहे हैं। उक्त आरोप जारी विज्ञप्ति में छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक तथा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने लगाया है। उन्होंने बताया कि 2017 से अबतक कई महीने का डीए डीआर का एरियर हजम करने वाली छत्तीसगढ़ सरकार पर ब्यूरोकेट्स पूरी तरह से हावी है। जब जब केन्द्र सरकार डीए डीआर देती है तब देर सबेर अपने लिए खुद के हस्ताक्षर से पूरा एरियर का आदेश जारी कर यही ब्यूरोकेट राज्य सरकार के खजाने को खाली करती आ रहे हैं। कर्मचारियों और पेंशनरों के मामले में आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है का पहाड़ा पकड़ कर मितव्यता के नाम पर पूरा एरियर की राशि हजम कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग से अनुमति कर्मचारियों और पेंशनरों को डीए डीआर देने हेतु ली गई और अनुमति आते ही अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी अपना खुद का महंगाई भत्ता (डीए) आदेश जारी कर लिए। जिनके लिए अनुमति ली गई उन पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए आदेश का कोई पता नहीं है।

हद तो तब हो गई जब एक ही दिन एक नहीं दो अलग अलग आदेश जारी कर पहले 42 और दूसरे आदेश में 46 फीसदी के महंगाई भत्ता लेने के आदेश खुद के हस्ताक्षर से निकाल लिए। यह अपने आपमें अदभुत उदाहरण बन गया है। जबकि दोनो डीए के आदेश एक साथ एक ही आदेश में जारी हो सकता था। तब एक ही तिथि में दो बार अलग अलग आदेश करने के पीछे क्या राज है समझ से परे है।

### बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामला

## पॉक्सो केस बंद करने पर 11 जनवरी को फैसला लेगी अदालत

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं, इस पर आदेश की घोषणा 11 जनवरी 2024 तक के लिए टाल दी है।

पटियाला हाउस कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) छवि कपूर ने यह कहकर मामले को स्थगित कर दिया कि आदेश तैयार नहीं है। पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट 15 जून को दायर की गई थी, और पिछली सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा इसका विरोध नहीं किया गया था। 1 अगस्त को कथित पीड़िता और उसके पिता ने मामले में पुलिस की रिपोर्ट पर कोई आपत्ति नहीं जताते हुए पुलिस जांच से संतुष्टि व्यक्त की थी। उन्होंने एएसजे कपूर के समक्ष कक्ष में कार्यवाही में अपना बयान दर्ज कराया था। 4 जुलाई को कोर्ट ने पुलिस की कैंसिलेशन रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता से जवाब मांगा था। पुलिस द्वारा पटियाला हाउस कोर्ट में दायर की गई 550 पेज की रिपोर्ट में कहा गया था कि नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों में कोई पुष्टिकारक सबूत नहीं मिला।

### तेलंगाना में प्रचार के लिए जुटे दिग्गज

## मोदी के दो यार, ओवैसी व केसीआर: राहुल



**हैदराबाद**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस सनेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में आदिलाबाद जिले में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के दो यार हैं। एक ओवैसी और एक केसीआर हैं। केसीआर चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी दिल्ली में प्रधानमंत्री रहें। वहीं, नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि केसीआर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रहें। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के कामारेड्डी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन और बीआरएस पार्टी पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि भले ही टीआरएस ने अपना नाम बदलकर बीआरएस कर लिया और यूपीए ने अपना नाम बदलकर इंडिया गठबंधन कर लिया, लेकिन इससे उनका भ्रष्टाचार और कुशासन का इतिहास नहीं बदलेगा।

**राहुल के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा**

राहुल गांधी बनाम भाजपा की लड़ाई गहराती जा रही है। अब राहुल के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लकर भाजपा ने चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज करा, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए उन पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि राहुल के एक्स पर किए एक पोस्ट जिसमें स्वास्थ्य सेवा, गैस सब्सिडी, कृषि ऋण राहत, अंग्रेजी शिक्षा, ओबीसी आरक्षण से संबंधित वादे के साथ ही राजस्थान में चल रही मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया था, वह 48 घांटे की मौन क्षेत्र सीमा का उल्लंघन है।

### सौम्या विश्वनाथन मर्डर मामला

## 4 दोषियों को उम्रकैद

नई दिल्ली, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। पत्रकार सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में दिल्ली कोर्ट ने 15 साल बाद शनिवार को दोषियों को सजा सुनाई। साकेत कोर्ट ने कहा कि अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस की कैटेगरी में नहीं आता, इसलिए मौत की सजा की अपील खारिज की जाती है। ट्रायल जस्टिस रविंद्र कुमार पांडे ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है, जबकि पांचवें दोषी अजय सेठी को 3 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इससे पहले 18 अक्टूबर को कोर्ट ने 5 आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार, अजय सेठी और बलजीत मलिक को दोषी करार दिया था। इन पर मकोका लगाया गया था।

उधर, फैसले के बाद सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन ने कहा- मैं चाहती थी कि जो मैं झेल रही हूं, वे (सौम्या के हत्यारे) भी जिंदगी भर वही सब झेलें। मैं संतुष्ट हूं, लेकिन यह नहीं कहूंगी कि मैं खुश हूं। 25 साल की सौम्या विश्वनाथन हेडलाइंस टुडे की पत्रकार थीं।

30 सितंबर 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। वे ऑफिस से अपनी कार से घर आ रही थीं। पुलिस ने दावा किया था कि हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था।

### आंदोलन — संयुक्त किसान मोर्चा व सेंट्रल ट्रेड यूनियन ने किया आह्वान

## देशभर के किसान मजदूरों का आज से विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। 26-28 नवंबर तक देशभर के राज्यों की राजधानी में किसान और मज़दूर साझा महापड़ाव डालेंगे। इस महापड़ाव का आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा और सेंट्रल ट्रेड यूनियन के सांझे मच ने किया है।**

*दिल्ली में मजदूर संगठन संयुक्त रूप से शुरआती दो दिन 26 और 27 नवंबर को दिल्ली के राज्यपाल के ऑफिस के बाहर महापड़ाव डालेंगे, जबकि 28 तारीख को दिल्ली एनसीआर के मज़दूर किसान संसद के पास जंतर मंत्र पर महापड़ाव डालेंगे। 26 अक्टूबर को दिल्ली में सेंट्रल ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच और संयुक्त किसान मोर्चा ने एक आयोजन इसे लेकर फैसला किया था। सभी ने देश की राजधानी में तीन दिन के साझे महापड़ाव को सफल बनाने और इस दौरान उठाने वाले मुद्दों पर अपनी बात रखी। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों ने सांझा अभियान भी चलाए। इस दौरान उन्होंने पर्चा वितरण किया और लोगों से दिल्ली के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील भी जारी की है।*

*कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि पूरे देश में मजदूर किसान 26 से 28 नवंबर तक देश के सभी राज्यों के माननीय राज्यपाल महोदयों के कार्यालय पर 3 दिन का महा पड़ावकरने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि महापड़ाव के अंतिम दिन 28 नवंबर 2023 को प्रात: 10:00 बजे से जंतर मंतर नई दिल्ली पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे जिसमें नोएडा ग्रेटर नोएडा से बड़ी संख्या में मजदूर किसान हिस्सेदारी करेंगे। उन्होंने मजदूरों किसानो एवं आम जन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सभी से उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के नेताओ ने बताया की दिल्ली किसान आंदोलन के बाद केंद्र सरकार ने अन्य लंबित मुद्दों जिसमे एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी देने, बिजली संशोधन कानून 2022 की वापसी, लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों को न्याय देने का आश्वाशन दिया लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात करते हुए किसानों को धोखा देने का काम किया है।*

**28 दिल्ली एनसीआर के मजदूर किसान जंतर मंतर पहुंचेंगे**

# देश

**उवाच**

"केंद्र की अग्निवीर योजना के तहत 18 साल का युवा सेना में भर्ती होता है और 22 साल की उम्र में उसे घर लौटा दिया जाएगा, न पेंशन मिलेगी और न ही कोई सुविधाएं प्रदान की जाएगी।"

–भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 15.0 |
| मुंबई | 33.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 26.0 |

# राजस्थान के भाग्य पर मतदाताओं ने लगाई मुहर

- **नव मतदाताओं में पहला वोट देने पहुंचीं महिला मतदाताओं में दिखा विशेष उत्साह**
- **प्रदेश में 199 सीटों पर 5.25 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने डाला वोट**

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में शनिवार को मतदान के लिए पूरा प्रदेश एकजुट हुआ। प्रदेश में 199 सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। इस चुनाव में प्रदेश के 5.25 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया है। नव मतदाताओं में पहला वोट देने पहुंचीं महिला मतदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान आम जनता के साथ ही अलग-अलग पार्टियों के नेता भी मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंचे।

**परिवार के संग गहलोत ने किया मतदान**

जोधपुर में सीएम अशोक गहलोत ने परिवार के साथ डाला वोट। वहीं, गहलोत ने दावा किया कि यह चुनाव मोदी का नहीं है, यह विधानसभा चुनाव है। आज के बाद ये दिल्ली वाले सब गायब हो जाएंगे, हम पांच साल यहीं रहेंगे। गहलोत सरदारपुरा विधानसभा सीट पर वोट डालने के बाद बोले, पूरा मामला अंडर करंट चल रहा है। राजस्थान चुनाव में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने अपना वोट डाला। उसके बात मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि यहां पर मेरी कई हफ्तों से भागदौड़ जारी है। इसलिए वोटिंग खत्म होने के बाद सबसे पहले एक रात चैन से नींद पूरी करूंगा। राजस्थान के चुनावी रण में वसुंधरा राजे ने भी अपने मत का उपयोग किया। झालरापाटन सीट से भाजपा प्रत्याशी राजे ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बूथ पर अपना वोट डाला। इस दौरान उनके साथ उनके पौत्र विनय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने पहली बार वोट डालकर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई है। राजे ने सभी से मतदान के इस पर्व में भागीदारी निभाने की अपील की है। वहीं सांसद और विधायक प्रत्याशी दीया कुमारी ने मतदान किया। वोट डालने के बाद दीया कुमारी पंहुची झोटवाड़ा स्थित श्री गणेश मंदिर।





**मतदान से पहले दंडवत हुए किरोड़ीलाल मीणा**

किरोड़ीलाल मीणा ने मतदान से पहले मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने कहा कि आज देश, धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध होकर मतदान करने का दिन है। देश को बचाने व बढ़ाने के लिए उन सब घटनाओं को याद रखना है, जिनसे राजस्थान शर्मसार (महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगार युवाओं की मेहनत पर पेपर लीक करा कर डाका डाला, पुजारियों को जलाकर हत्या और दलितों पर अत्याचार) हुआ है। आज आपका दिया वोट सनातन और बेरोजगार युवाओं की सुरक्षा के साथ ही धार्मिक तुष्टीकरण की संकुचित राजनीति पर गहरी चोट करेगा।

सीपी जोशी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने हनुमान जी के दर्शन और आशीर्वाद के बाद चित्तौड़गढ़ में सामुदायिक भवन, मधुबन सेती के मतदान केंद्र पर अपना वोट किया। प्रदेश के सभी मतदाताओं से आग्रह किया, राजस्थान में सुशासन की सरकार लाने और बेहतर भविष्य के लिए लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपना वोट अवश्य दें और परिजन तथा मित्रों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को मतदान दिवस पर सपरिवार मतदान किया। शेखावत ने अपनी धर्मपत्नी नोनद कंवर के साथ सुबह 8.45 बजे रातानाड़ा मोहनपुरा पुलिया स्थित न्यू गर्वनमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मतदान केन्द्र पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ बूथ संख्या 83 पर मतदान किया। बड़ी बेटी सुहासिनी शेखावत और छोटी बेटी सुरंगमा ने भी मतदान किया।

## कोटा में दिव्यांग मतदाताओं के लिए बनाया गया अनोखा बूथ

**कोटा।** राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के तहत कोटा के नयापुरा इलाके में दिव्यांग मतदाताओं के लिए एक अनोखा मतदान केंद्र बनाया गया है। इस बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए न केवल विशेष व्यवस्था की गई है बल्कि मतदान कराने वाले अधिकतर दिव्यांग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इसके अलावा मतदान केंद्र को फूलों के गुलदस्ते और गुब्बारों से विशेष रूप से सजाया गया। दिव्यांग मतदाताओं को वोट डालने में कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई। स्थानीय प्रशासन के द्वारा मतदान को बढ़ाने के लिए अलग-अलग तरीकों से बूथ को डिजाइन किया गया। इसके तहत दिव्यांग मतदाताओं के लिए कुछ ऐसे बूथ डिजाइन किए गए जहां पर उन्हें मतदान करने में कोई परेशानी नहीं हो। कोटा के सिविल लाइंस स्थित एग्रीकल्चर कार्यालय में बनाए गए दिव्यांग बूथ पर रैम्प डिजाइन किया गया ताकि दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर के जरिए सीधे ईवीएम तक पहुंच सकें। इसके अलावा बूथों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए और दिव्यांग मित्रों की ड्यूटी लगाई गई। वहीं, अंटाघर चौराहा स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में महिला शक्ति मतदान केंद्र बनाया गया है। जहां पर महिलाओं की अधिक संख्या देखने को मिली। यहां सुरक्षाकर्मी के तौर पर भी महिला सुरक्षा कर्मी लगाए गए हैं। सिविल लाइन में ही एक मतदान केंद्र दिव्यांगों के लिए बनाया गया है। इसके अलावा ग्रीन पोलिंग बूथ बनाया गया, जहां पर मतदाताओं को पौधे दिए गए इसके साथ ही पहली बार कोटा में 33 ट्रांसजेंडर ने भी मतदान किया। मतदान केंद्र पर सुबह करीब 1 घंटा ईवीएम मशीन खराब रही। जिसके कारण मतदान देरी से शुरू हुआ और मतदाताओं को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा कोटा जिले की 6 विधानसभा सीटों पर सुबह से ही मतदान हुआ।





## एक परिवार के 48 सदस्यों ने एक साथ डाला वोट

**ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते हुए पहुंचे मतदान केंद्र**

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह साफ दिखाई दिया। कई ऐसी तस्वीरें आईं जिसमें लोकतंत्र के पर्व की ताकत दिखा दी। जयपुर में एक परिवार ने मतदान के पर्व को बड़े ही उत्साह से मनाया। परिवार के 48 सदस्य ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते हुए वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंचे। परिवार के सदस्यों की कतार इतनी लंबी थी कि सभी एक तस्वीर में भी कैद नहीं हो सके। टोंक जिले की निवाई विधानसभा क्षेत्र में 113 साल की बुजुर्ग अम्मा भूली देवी ने वोट देकर नई सरकार चुनने में अपनी भागीदारी दी। वहीं, जयपुर के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 87 साल के आनंद प्रकाश आहूजा ने वोट दिया। इस दौरान स्काउट गाइड के वॉलंटियर्स उनकी मदद करते नजर आए। जयपुर में ब्यूटी पेजेंट प्राइड मिस राजस्थान की विनर रहीं भवलीन कौर ने पहली बार मतदान किया। मिसेज इंडिया श्वेता मेहता मोदी ने भी मतदान कर लोगों से वोट देने की अपील की। जयपुर जिले के हवामहल विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले भगवान सहाय गुर्जर की तबीयत खराब थी। वे चलने में असमर्थ थे। ऐसे में परिजन उन्हें खाट पर लेकर मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान कराया।

**90 साल की माधवी देवी ने भी किया मतदान**

जयपुर की सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में 90 साल की माधवी देवी ने मतदान किया। वे अपने बेटे के साथ वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचीं थीं। श्रीमाधोपुर के बूथ संख्या 119 पर दुल्हन दीक्षा को घर ले जाने से पहले गाड़ी रोक कर दूल्हे सौरभ पंसारी ने पहली बार मतदान किया। सौरभ दुल्हन दीक्षा को जयपुर से लेकर श्रीमाधोपुर पहुंचे थे। सौरभ इंडियन ऑयल कंपनी में कार्यरत हैं। बांसवाड़ा के चौरासी विधानसभा क्षेत्र का सलाखड़ी गांव गुजरात के कडाणा बांध के बैक वाटर टापू पर स्थित है। इस गांव में 92 वोटर्स हैं। टापू पर बसे गांव के लोगों का मतदान केंद्र बैक वाटर के किनारे पर है। गांव के मतदाता नाव में बैठकर मतदान केंद्र तक पहुंच रहे हैं। बीकानेर के खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड तीन में दृष्टिहीन पेमाराम बावरी सबसे पहले वोटिंग करने वालों में रहे। पेमाराम का पैर भी खराब है। इसके बाद भी पैदल वोट देने पहुंचे। झालावाड़ शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रुखसार ने पहली बार मतदान किया। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बूथ संख्या 32 में वोट डाला। रुखसार की शनिवार को ही शादी है।

## राजस्थान में लगातार तीसरी बार 200 नहीं, 199 सीटों पर हुआ मतदान



**जयपुर।** राजस्थान में 200 सीटों वाली विधानसभा की 199 सीटों पर शनिवार को वोट डाले गए। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। हालांकि, राजस्थान में पिछले तीन विधानसभा चुनाव 199 सीटों पर ही हुए हैं और एक सीट पर चुनाव बाद के लिए टाला गया है। दरअसल, 14 नवम्बर को राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस के उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन हो गया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में गुरमीत का निधन हुआ। 75 साल के गुरमीत सिंह कुन्नर को दिल्ली एम्स में 12 नवम्बर को भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता काफी समय से बीमार चल रहे थे। बता दें कि गुरमीत श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के मौजूदा विधायक और प्रत्याशी थे। वहीं चुनाव से पहले प्रत्याशी के निधन के कारण इस सीट का चुनाव स्थगित हो गया। अब चुनाव आयोग इस सीट पर उप-चुनाव कराएगा, जिसके लिए अभी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। राजस्थान में पिछला विधानसभा चुनाव 7 दिसंबर 2018 को कराया गया था। यह चुनाव भी 200 की बजाय 199 सीटों पर संपन्न हो सका था। दरअसल, चुनाव से पहले 29 नवम्बर को अलवर जिले की रामगढ़ विधानसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। इस वजह से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 52 की उप-धारा (1) (सी) के प्रावधानों के तहत रामगढ़ सीट के रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान को बाद में अधिसूचित होने वाली तारीख तक स्थगित कर दिया। वहीं, धारा 52 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने 28 जनवरी 2019 को यहां उप-चुनाव कराया था। उप-चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अलवर की रामगढ़ विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही 200 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस के पास 100 सीटों के साथ पर्याप्त बहुमत हो गई थी। रामगढ़ सीट के लिए उप-चुनाव 28 जनवरी 2019 को हुआ।

**सार संक्षेप**

### हैदराबाद एक स्मारक पट्टिका का विमोचन करेंगे मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1945 में श्री रामचंद्र मिशन की स्थापना करने वाले और बाबूजी के नाम से मशहूर शाहजहांपुर के रामचंद्र जी महाराज की 125वीं जयंती के अवसर पर रविवार को हैदराबाद एक स्मारक पट्टिका का विमोचन करेंगे। प्रधानमंत्री का हैदराबाद शहर के बाहरी इलाके में स्थित श्री रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस का वैश्विक मुख्यालय कान्हा शांति वनम जाने का कार्यक्रम है। वह कान्हा शांति वनम में सुविधा केंद्र का एक निर्देशित दौरा भी करेंगे। पिछले 78 वर्षों से, रामचंद्र मिशन वैश्विक समुदाय को ध्यान की शिक्षा मुफ्त में प्रदान कर रहा है।

### मोदी को खुद भी मीठा बोलना चाहिए : भूपेश

**नई दिल्ली।** राजनीतिक सरगर्मियों और सियासी बयानबाजी के बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोदी और भाजपा नेताओं के बयानों पर सवाल खड़े किए। राहुल गांधी को निर्वाचन आयोग की तरफ से भेजे गए नोटिस पर एक सवाल के जवाब में कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा कि जब मूर्खों का सरदार जैसे बयान दिए जाते हैं, तो किसी को बुरा नहीं लगता। उन्होंने पीएम मोदी को मीठा बोलने की नसीहत दी और कहा कि जो उन्हें खुद के लिए पसंद नहीं, वैसे शब्दों का इस्तेमाल दूसरों के लिए भी नहीं किया जाना चाहिए।

### तेलंगाना में शहीदों की आकांक्षाएं अधूरी : शाह

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के कार्यकाल में राज्य के लोगों की अधूरी आकांक्षाओं पर चिंता व्यक्त की। शाह ने यहां संवाददाताओं से तेलंगाना के लोगों की कड़ी मेहनत के बावजूद प्रदेश के स्वाभिमान एवं सुभिक्षा तेलंगाना के आदर्शों और यहां के शहीदों की आकांक्षाएं अधूरी हैं। उन्होंने युवाओं, दलितों और पिछड़े समुदायों के बीच व्याप्त असंतोष पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मतदाताओं से 30 नवम्बर को भाजपा को अपना भरपूर समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने तेलंगाना और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में मतदाताओं की भूमिका पर जोर दिया तथा सकारात्मक परिवर्तन के लिए उनसे भाजपा को मौका देने के लिए पर विचार करने का आग्रह किया।

## मप्र में आदिवासियों के साथ पर बनेगी सरकार!

- **संभावनाओं की समीक्षा में जुटे राजनीतिक दल**

**भोपाल,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है। अब दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस में अपनी संभावनाओं की समीक्षा की जा रही है। सबसे ज्यादा नजर आदिवासी वोट बैंक पर है क्योंकि इस वर्ग के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों पर जिसने जीत हासिल की, उसके हाथ में सत्ता आई। पिछले तीन चुनाव तो यही कहानी कह रहे हैं। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से आदिवासी वर्ग के लिए 47 सीटें आरक्षित है और इन सीटों की हार-जीत राज्य की सियासत में बड़ा बदलाव ला देती है। जिस भी राजनीतिक दल को इन सीटों में से ज्यादा पर जीत हासिल हुई, उसे सत्ता नसीब हुई है, इतना ही नहीं लगभग हर चुनाव में यहां मतदाताओं का रूख भी बदलता नजर आता है। राज्य की इन 47 सीटों की समीक्षा की जाए तो एक बात साफ हो जाती है कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों में से 30 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी।

## भाजपा के खिलाफ माकपा की राष्ट्रव्यापी लड़ाई : येचुरी

- **देशभर में बेरोजगारी के ज्वलंत मुद्दे पर डाला प्रकाश**



**भाजपा ने प्रमुख संस्थानों पर अपना प्रभाव डाला है : सीताराम येचुरी**

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने शनिवार को कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए उनकी पार्टी प्रतिबद्ध है। येचुरी ने शनिवार को हैदराबाद में मीडिया से बातचीत के दौरान देशभर में युवाओं के बीच बेरोजगारी के ज्वलंत मुद्दे पर प्रकाश डाला और पांच राज्यों के चुनावों में भाजपा के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण स्थिति के बारे में बात की। उन्होंने मध्य प्रदेश में भाजपा की शक्ति पर संदेह व्यक्त किया, यह सुझाव दिया कि वास्तविक परिणाम कथित शक्ति के अनुरूप नहीं आ सकते हैं। येचुरी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने प्रमुख संस्थानों पर अपना प्रभाव डाला है और उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को कथित रूप से बंदी बनाने के लिए पार्टी की आलोचना की। उन्होंने भाजपा के खिलाफ एकजुट होने के अपने पहले के वादे के बावजूद अकेले चुनाव लड़ने के लिए मुख्यमंत्री केसीआर की आलोचना की और कहा कि अगर त्रिशंकु स्थिति उत्पन्न होती है तो माकपा कांग्रेस का समर्थन करेगी, क्योंकि वे पहले से ही भारत गठबंधन का हिस्सा हैं।

### उत्तराखंड सुरंग घटना में जवाबदेही की कमी पर उठाए सवाल

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी ने भाजपा पर बिना किसी जिम्मेदारी के शासन चलाने का आरोप लगाया और उत्तराखंड सुरंग घटना में जवाबदेही की कमी पर सवाल उठाते हुए घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर जवाब मांगा। येचुरी ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और नोटिस जारी करने में चुनाव आयोग के विफल होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में माकपा अकेले खड़ी है इसके बावजूद कांग्रेस को नुकसान नहीं होने का भरोसा है।

## तेलंगाना में रायतु बंधु राशि का होगा वितरण



- **चुनाव आयोग ने फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को दी मंजूरी**

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के किसानों को रायथु बंधु योजना के तहत राशि वितरण तुरंत किया जा सकेगा। तेलंगाना के करीब 1.74 करोड़ किसानों को चुनाव आयोग की अनुमति के बाद करीब सोलह हजार करोड़ रूपए का वितरण शीघ्र होगा। बीआरएस पार्टी को रायतु बंधु राशि वितरण का भारी लाभ विधान सभा चुनाव में मिलेगा। चुनाव आयोग ने राशि वितरण की अनुमति दे दी है। राज्य कृषि विभाग ने एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग ने यासांगी सीजन के लिए रायथुबंधु फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को मंजूरी दे दी है। हर साल, जैसे ही मानसून का मौसम और यासंगी का मौसम शुरू होता है, तेलंगाना राज्य सरकार किसानों को फसल निवेश के लिए वित्तीय सहायता के रूप में रायथुबंधु फंड जारी करती है।

### 70 लाख किसानों को होगा लाभ

राज्य कृषि विभाग के अनुसार, रायथु बंधु के माध्यम से इस यासांगी सीजन में 70 लाख किसानों को लाभ होगा। राज्य कृषि विभाग ने कहा कि इस यासांगी सीजन से संबंधित रायथुबंधु को छोटे भूमि क्षेत्र वाले किसानों को वितरित करने की प्रक्रिया पहले शुरू की जाएगी। इस महीने की 25, 26 और 27 तारीख को बैंकों में छुट्टियां हैं। साथ ही, चुनाव आयोग ने इस महीने की 29 और 30 तारीख को रायथुबंधु के वितरण की अनुमति नहीं दी है। तदनुसार, डीबीटी पद्धति के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में रायथु बंधु निवेश वित्तीय सहायता को सीधे जमा करने के लिए धनराशि जारी की जाएगी।

## तेलंगाना में बदलाव की मांग कर रही जनता : शिवकुमार

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना के लोग भारत राष्ट्र समिति के शासन से परेशान हैं और राज्य में बदलाव की आकांक्षा रखते हैं। शिवकुमार ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हैदराबाद और बेंगलुरु को देश का जुड़वां राज्य माना जाता है। हैदराबाद के विकास का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्रियों एन चंद्रबाबू नायडू और वाई एस राजशेखर रेड्डी को दिया जाता है। शिवकुमार ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में अपने चुनावी वादे पूरे कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव में घोषित पांच गारंटी लागू हो चुकी हैं। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनने का भरोसा जताते हुए छह गारंटी लागू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) और मंत्री केटीआर से स्थिति को समझने के लिए कर्नाटक का दौरा करने का आग्रह किया। शिवकुमार ने कहा है कि प्रत्येक राज्य की अलग-अलग आवश्यकताएं हैं और उनकी योजनाएं प्रत्येक राज्य में लोगों की जरूरतों के अनुरूप हैं।

## राजस्थान विस चुनाव में लंदन से वोट डालने आए मतदाता



- **लंदन-पेरिस की तर्ज पर जयपुर के विकास की जगी आस**

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विकास करने के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने बढ़-चढ़कर वोट डाला और चाहते हैं कि राजस्थान में ऐसी सरकार बने जो राज्य का विकास करे और लोगों के लिए सुख सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाए। कृष्ण कुमार गोयल पेशे से मैनेजमेंट अकाउंटेंट हैं और रोजगार के लिए लंदन में रहते हैं लेकिन जब उन्हें पता चला कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, तो वोट डालने के लिए वह अपनी पत्नी नम्रता अग्रवाल के साथ जयपुर आ गए। कृष्ण कुमार गोयल ने कहा कि वे युवा हैं और अपने वोट का महत्व समझते हैं। वे चाहते हैं कि राजस्थान में ऐसी सरकार बने जो रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए। उनके जैसे युवाओं को रोजगार के लिए दूसरी जगह पर न जाना पड़े। वह चाहते हैं कि जयपुर का विकास भी लंदन-पेरिस की तर्ज पर हो और यहां भी वे हर सुख सुविधाएं मौजूद हों, जो दुनिया के किसी भी कोने में हैं। उनका कहना है कि राज्य में युवाओं में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यदि उचित अवसर उपलब्ध कराया जाए तो यहां की युवा बेहतर विकास करके दिखा सकते हैं।

**सर्वे** *राजस्थान विधानसभा चुनाव में ढूंढाड़ रहा सत्ता का केंद्र*

# ढूंढाड़ ने राज्य को दो मुख्यमंत्रियों के साथ दिए कई बड़े क्षत्रप

**जयपुर, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव में ढूंढाड़ को सत्ता का केंद्र माना जाता है। इस क्षेत्र ने राज्य को दो मुख्यमंत्रियों (हीरा लाल शास्त्री और टीका राम पालीवाल) के साथ कई बड़े क्षत्रप भी दिए हैं। ढूंढाड़ में जयपुर, दौसा, टोंक और सवाई माधोपुर जिले आते हैं। इस क्षेत्र में 32 विधानसभा सीटे हैं।**

ढूंढाड़ में जातिगत समीकरण भी बहुत ज्यादा प्रभाव रखते हैं। यहां का शहरी इलाका भाजपा का गढ़ रहा है। खास तौर पर जयपुर में आने वाली सीटों पर भाजपा की अच्छी पकड़ बनाई है। हालांकि, पिछले चुनाव में यहां कांग्रेस मजबूत रही। ढूंढाड़ में सामान्य वर्ग के बनिया, राजपूत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा के साथ रहे हैं। लेकिन, यहां की कई सीटों पर एससी/एसटी का भी दबदबा है। एसटी वर्ग के बड़े क्षत्रप किरोड़ी लाल मीणा, नमो नारायण मीना, जसकौर मीना जैसे नेता इसी क्षेत्र ने दिए हैं। इस क्षेत्र की कई सीटों पर गुर्जर समुदाय की संख्या भी अच्छी खासी है।



- **पिछले चुनाव में कांग्रेस ने बदले समीकरण**

राजनीतिक एक्सपर्ट कहते हैं कि 2018 के चुनाव में गुर्जरों ने कांग्रेस को एकतरफा वोट दिया था। यही वजह थी कि कांग्रेस ने इस क्षेत्र में जीत हासिल की। लेकिन, इस बार कांग्रेस की राह यहां आसान नहीं है। क्योंकि, सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के कारण गुर्जर वोटर कांग्रेस से नाराज बताए जा रहे हैं। इस नाराजगी को दूर करने के लिए गहलोत और पायलट को साथ आना पड़ गया। 2008 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां 11 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस के खाते में 13 सीट आई थी। निर्दलीय उम्मीदवारों ने 5, बहुजन समाज पार्टी ने 2 और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने 1 सीट पर जीत दर्ज की थी। 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस क्षेत्र में 28 सीटें जीतीं थी। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने दो सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस और निर्दलीय को एक-एक सीट मिली थी। 2018 में चुनाव में कांग्रेस ने यहां जोरदार वापसी करते हुए 20 सीटों पर कब्जा किया, जबकि भाजपा और स्वतंत्र उम्मीदवारों को 6-6 सीट पर जीत मिली थी। हाड़ौती को भाजपा का सबसे मजबूत किला माना जाता है। ये पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत सरकार के वरिष्ठ मंत्री शांति धारीवाल का इलाका है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी इसी हड़ौती इलाके से आते हैं। हाड़ौती ने राजस्थान को दो मुख्यमंत्री भी दिए है। पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे। वसुंधरा राजे झालावाड़ की झालरापाटन सीट से विधायक और उनके पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़ सीट से सांसद हैं। भाजपा के पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत भी बारां से चुनाव लड़ चुके हैं। हाड़ौती की बात करें तो इसमें चार जिले कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ आते हैं। इन जिलों में विधानसभा की 17 सीटें हैं।

# साहित्य

कहानी



# दुःख का अधिकार

■ यशपाल

मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। प्राय: पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है। वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाजे खोल देती है, परंतु कभी ऐसी भी परिस्थिति आ जाती है कि हम जरा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं। उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है। जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है।

बाज़ार में, फुटपाथ पर कुछ ख़रबूज़े डलिया में और कुछ जमीन पर बिक्री के लिए रखे जान पड़ते थे। ख़रबूज़ों के समीप एक अधेड़ उम्र की औरत बैठी रो रही थी। ख़रबूज़े बिक्री के लिए थे, परंतु उन्हें खरीदने के लिए कोई कैसे आगे बढ़ता? ख़रबूज़ों को बेचनेवाली तो कपड़े से मुँह छिपाए सिर को घुटनों पर रखे फफक-फफककर रो रही थी।

पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।

एक आदमी ने घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा, 'क्या जमाना है! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।'

दूसरे साहब अपनी दाढ़ी खुजाते हुए कह रहे थे, 'अरे जैसी नीयत होती है अल्ला भी वैसी ही बरकत देता है।'

सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा, 'अरे, इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इनके लिए बेटा-बेटी, ख़सम-लुगाई, धर्म -ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।'

परचून की दुकान पर बैठे लाला जी ने कहा, 'अरे भाई, उनके लिए मरे-जिए का कोई मतलब न हो, पर दूसरे के धर्म-ईमान का तो खयाल करना चाहिए! जवान बेटे के मरने पर तेरह दिन का सूतक होता है और वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर ख़रबूज़े बेचने बैठ गई है। हजार आदमी आते-जाते हैं। कोई क्या जानता है कि इसके घर में सूतक है। कोई इसके ख़रबूज़े खा ले तो उसका ईमान-धर्म कैसे रहेगा? क्या अँधेर है!'

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा- उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। ख़रबूज़ों की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती।

लड़का परसों सुबह मुँह- अँधेरे बेलों में से पके ख़रबूज़े चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डस लिया।

लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई। झाड़ना-फूँकना हुआ। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ आटा और अनाज था, दान-दक्षिणा में उठ गया। माँ, बहू और बच्चे 'भगवाना' से लिपट-लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफ़े चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था।

ज़िंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी-ककना ही क्यों न बिक जाएं ।

भगवाना परलोक चला गया। घर में जो कुछ चूनी-भूसी थी सो उसे विदा करने में चली गई। बाप नहीं रहा तो क्या, लड़के सुबह उठते ही भूख से बिलबिलाने लगे। दादी ने उन्हें खाने के लिए ख़रबूज़े दे दिए लेकिन बहू को क्या देती? बहू का बदन बुख़ार से तवे की तरह तप रहा था। अब बेटे के बिना बुढ़िया को दुअन्नी-चवन्नी भी कौन उधार देता।

बुढ़िया रोते-रोते और आँखें पोंछते-पोंछते भगवाना के बटोरे हुए ख़रबूज़े डलिया में समेटकर बाज़ार की ओर चली-और चारा भी क्या था?

बुढ़िया ख़रबूज़े बेचने का साहस करके आई थी, परंतु सिर पर चादर लपेटे, सिर को घुटनों पर टिकाए हुए फफक-फफककर रो रही थी।

कल जिसका बेटा चल बसा, आज वह बाज़ार में सौदा बेचने चली है, हाय रे पत्थर-दिल!

उस पुत्र-वियोगिनी के दु:ख का अंदाजा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दु:खी माता की बात सोचने लगा। वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पंद्रह-पंद्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बर्फ़ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठे थे।

जब मन को सूझ का रास्ता नहीं मिलता तो बेचैनी से कदम तेज हो जाते हैं। उसी हालत में नाक ऊपर उठाए, राह चलतों से ठोकरें खाता मैं चला जा रहा था। सोच रहा था- शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और--- दु:खी होने का भी एक अधिकार होता है।

पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।
पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।


व्यंग्य

■ शरद जोशी

## बुद्धिजीवियों का दायित्व

लोमड़ी पेड़ के नीचे पहुंची. उसने देखा ऊपर की डाल पर एक कौवा बैठा है, जिसने मुंह में रोटी दाब रखी है. लोमड़ी ने सोचा कि अगर कौवा गलती से मुंह खोल दे तो रोटी नीचे गिर जाएगी. नीचे गिर जाए तो मैं खा लूं.

'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल'



लोमड़ी ने कौवे से कहा, ' भैया कौवे! तुम तो मुक्त प्राणी हो, तुम्हारी बुद्धि, वाणी और तर्क का लोहा सभी मानते हैं. मार्क्सवाद पर तुम्हारी पकड़ भी गहरी है. वर्तमान परिस्थितियों में एक बुद्धिजीवी के दायित्व पर तुम्हारे विचार जानकर मुझे बहुत प्रसन्नता होगी. यों भी तुम ऊंचाई पर बैठे हो, भाषण देकर हमें मार्गदर्शन देना तुम्हें शोभा देगा. बोलो मुंह खोलो कौवे!'

इमर्जेंसी का काल था. कौवे बहुत होशियार हो गए थे. चोंच से रोटी निकाल अपने हाथ में ले धीरे से कौवे ने कहा - 'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल, क्षमा करें. यों मैं स्वतंत्र हूं, यह सही है और आश्चर्य नहीं समय आने पर मैं बोलूं भी.'

इतना कहकर कौवे ने फिर रोटी चोंच में दबा ली.

ग़ज़ल

■ बिस्मिल अज़ीमाबादी

न अपने ज़ब्त को रुस्वा करो सता के मुझे
ख़ुदा के वास्ते देखो न मुस्कुरा के मुझे

सिवाए दाग़ मिला क्या चमन में आ के मुझे
क़फ़स नसीब हुआ आशियाँ बना के मुझे

अदब है मैं जो झुकाए हुए हूँ आँख अपनी
ग़ज़ब है तुम जो न देखो नज़र उठा के मुझे

इलाही कुछ तो हो आसान नज़%अ की मुश्किल
दम-ए-अख़ीर तो तस्कीन दे वो आ के मुझे

ख़ुदा की शान है मैं जिन को दोस्त रखता था
वो देखते भी नहीं अब नज़र उठा के मुझे

मिरी क़सम है तुम्हें रहरवान-ए-मुल्क-ए-अदम
ख़ुदा के वास्ते तुम भूलना न जा के मुझे

हमारा कौन ठिकाना है हम तो %बिस्मिल% हैं
न अपने आप को रुस्वा करो सता के मुझे

हरमिंदर साहिब, अमृतसर का यात्रा संस्मरण

# नानक नाम चढ़दी कलां- तेरे भाणे सरबत दा भला

■ मिर्ज़ा जाहिद बेग


दुनिया के सभी धर्म अपने पवित्र ग्रंथों में समस्त मानवता के लिए करुणा और प्रेम का सन्देश देते हैं लेकिन इन धर्म ग्रंथों को आम तौर पर कोई अन्य धर्मावलम्बी नहीं पढ़ता। वो इनके अनुयायियों को देखता है और उस धर्म के बारे में, उसके दूतों, अवतारों और पैगंबरों के बारे में अपनी राय क़ायम करता है। मेरा अपना अनुभव और मानना है कि इस मामले में सिख धर्म के अनुयायी अन्य धर्मों के अनुयायियों से अक्सर बेहतर साबित हुए हैं।

पंद्रहवीं शताब्दी में गुरु नानक देव जी द्वारा सिखी की स्थापना से ही सिखों ने सम्पूर्ण मानवता की सेवा और राष्ट्रप्रेम के अनुपम प्रतिमान स्थापित किये हैं यद्यपि अपने धर्म की स्थापना से ही उन्होंने अत्याचार का दंश झेला है। शुरुआत में मुगलों ने अपने राजनैतिक मक़सद के लिए उनका दमन किया। विभाजन के समय भी सबसे ज़्यादा हिंसा उन्हीं के ख़िलाफ़ हुई। इंदिरा जी की हत्या से उपजे आक्रोश के फलस्वरूप उन्हें जान और माल का अपूरणीय नुक़सान हुआ पर सलाम इस क़ौम को कि उनके दिल में किसी धर्म के प्रति कटुता स्थायी रूप से जगह नहीं बना पाई।

व्यक्तिगत तौर पर आप किसी भी सिख से मिलिए उसकी गर्मजोशी और मृदु व्यवहार आपको इस क़ौम का क़ायल बना देगा। अपने गुरुओं की सीख को उन्होंने पूरी तरह आत्मसात किया हुआ है। खालसा एड इंटरनेशनल के सेवा कार्यों के बारे में तो अब लगभग सारी दुनिया जान ही चुकी है। आप दुनिया के किसी भी गुरूद्वारे में चले जाइये वहाँ का आत्मीय माहौल, सेवा की परम्परा और हर मज़हब के दर्शनार्थियों के लिए निरंतर चलते लंगर आपको अपना मुरीद बना लेंगे। जब तक आप दर्शन कर के बाहर आएंगे सेवादार आपके जूते चमका देंगे, आपको पता भी नहीं चलेगा की आपके जूते चमकाने वाला कौन है? हो सकता है कि वह विदेश में रहने वाला कोई अरबपति सिख या आईएएस-आईपीएस हो।

मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले। इंदौर से पहला पड़ाव अमृतसर था। लगभग शाम के 5 बजे ट्रेन इंदौर से निकली। हमारे कूपे में सामने वाली बर्थ पर एक छोटा सा सिख परिवार बैठा था - माँ, उनका नौजवान बेटा और एक किशोरवय बेटी। उनके पिता और चाचा पकिस्तान से लरकाना साहिब में मत्था टेक कर 3 दिन बाद आने वाले थे और वे उन्हें लिवाने के लिये अमृतसर जा रहे थे।

जैसा कि अमूमन ट्रेन यात्राओं में होता है परिचय की शुरुआत 'आप कहाँ जा रहे हैं' से हुई। जैसे ही उन्हें पता चला कि हम मुस्लिम हैं और हरमिंदर साहिब दर्शन के लिए जा रहे हैं वो इतने प्रसन्न और अभिभूत हुए कि उसको बयाँ करना मुश्किल है। पंजाबी अपने खाने/खिलाने के शौक के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं आप यक़ीन नहीं करेंगे दोस्तो, अमृतसर तक लगभग 35 घंटों के सफर में उन्होंने हमें 35 रूपये भी खर्च नहीं करने दिए। इतना सारा और इतनी तरह का खाना ले



कर वो चले थे कि पूरे सफर के दौरान हम अपना टिफ़िन निकाल ही नहीं पाए। यही नहीं अपने परिजनों के लिए स्वर्णमंदिर परिसर के बाहर ट्रस्ट की धर्मशाला में आरक्षित एसी कक्ष 24 घंटे के लिए हमें उपलब्ध करा दिया, अपने साथ हरमिंदर साहिब के दर्शन कराये और वाघा सरहद तक लेकर गये।

दूसरे दिन हम स्वर्ण मंदिर परिसर में शाम को टहल रहे थे। मग़रिब की नमाज़ का वक़्त हो गया था, मैं टहलता हुआ बच्चों से थोड़ा दूर आ गया था। बेटे ने मुझ से आ कर कहा-'डैडी मम्मी नमाज़ पढ़ने का बोल रही हैं।' मैंने कहा-'ठीक है परिसर के बाहर चलते हैं।'

तब तक श्रीमती जी भी वहां आ गईं और कहा कि 'इतनी भीड़ है बाहर निकलने में और कमरे तक पहुँचने में एक घंटे से ज़्यादा वक़्त लग जायेगा और नमाज़ कज़ा हो जायगी।' अब मैं सकपकाया मुझे पता था कि उन्होंने किशोरावस्था के बाद अब तक शायद एक नमाज़ भी नहीं छोड़ी थी। वे बोलीं -'यहीं कहीं पढ़ लें।'

मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले।

घर से दूर हजारों सिखों के बीच उनके सबसे पवित्र धर्म-स्थल पर बीबी-बच्चों को नमाज़ पढ़ने का कहने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। मैं सिखों और मुस्लिमों के रक्त-रंजित इतिहास को जानता था। यद्यपि यह भी जानता था कि 1588 में गुरु अर्जन साहिब ने लाहौर के एक मुस्लिम फ़क़ीर(सूफी संत) हजरत मियां मीर जी से हरमिन्दर साहिब की नींव रखवाई थी पर यह भी सत्य है कि पिछले 422 सालों में पंजाब की पांचो नदियों में दोनों क़ौमों का बहुत रक्त बह चुका था। शायद पढ़ा-लिखा होना इंसान को पूर्वाग्रही भी बना देता है। हमारी इस उहापोह को वहाँ तैनात एक सेवादार ने भांप लिया और हिन्दी मिश्रित गुरुमुखी में मुझसे कहा -'बोलें क्या बात है ?'

मेरे कुछ कहने से पहले ही बिटिया जे़निफ़र ने उन्हें सारा माज़रा कह सुनाया। सेवादार महाशय मुस्कराये और बोले-' तो इसमें क्या दिक़्क़त है?' बस, फिर क्या था पवित्र सरोवर मेरे परिवार के लिए वज़ुख़ाना बन गया। सेवादार ने भीड़ को एक तरफ़ किया। दिशा भ्रम होने के कारण हमें बताया कि मग़रिब (पश्चिम) किस तरफ़ है। अपने उत्तरीय को पवित्र सरोवर में डुबो कर नमाज़ पढ़ने के स्थान को पोंछा, जब तक श्रीमती जी और बच्चे नमाज़ पढ़ते रहे, वे अपनी चिर-परिचित नीले रंग की पोशाक में चार फ़ीट लम्बी तलवार क़मर से लटकाये वहीं खड़े रहकर नमाज़ियों के सामने से लोगों को निकलने से रोके रहे।

ज़रा तसव्वुर कीजिये मित्रों दुनिया के सबसे पवित्र सिख धर्मस्थल पर हज़ारों सिखों के बीच में मेरा परिवार हरमिंदर साहिब में अपने रब की बारग़ाह में सज़दा कर रहा था। बेटे के सर पर टोपी के स्थान पर अकाल तख़्त के प्रतीक वाला भगवा सरोपा (रुमाला) बंधा हुआ था। बिटिया और श्रीमती जी के सर पर हिज़ाब था। उन तीन नमाज़ियों के एहतराम में निहंग सर पर पगड़ी और क़मर में तलवार बांधे खड़ा था। यह एक कल्पनातीत दृश्य था। जिसका चित्रण करना नामुमकिन है। जो संवेदनशील होंगे उन्हें दिख रहा होगा कि इन नमाज़ियों, उस निहंग और वहाँ से ख़ामोशी से गुज़र रहे दर्शनार्थियों पर अल्लाह की रहमत के साथ-साथ तमाम प्रात:स्मरणीय गुरुओं और मियां मीर का आशीर्वाद भी बरस रहा था।

देवउठनी एकादशी के दिन श्रद्धालुओं द्वारा घरों में चाँवल आटे से चौक बनाया जाता है। तुलसी माता चौरा के चारो ओर गन्ने का मंडप बनाकर विधि विधान से पूजन किया जाता है। इस दिन तुलसी माता को महंदी, मौली धागा, फूल, चंदन, सिंदूर, सुहाग के सामान की वस्तुयें अक्षत, मिष्ठान और पूजन सामग्री आदि भेंट की जाती हैं। तुलसी और शालिग्राम का धूमधाम से विवाह कराया जाता है। आज के दिन तुलसी, शालिग्राम जी की पूजा होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, तुलसी विवाह का आयोजन करने पर एक कन्या दान के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। भगवान शालिग्राम ओर माता तुलसी के विवाह के पीछे की एक प्रचलित कहानी है. दरअसल, शंखचूड़ नामक दैत्य की पत्नी वृंदा अत्यंत सती थी. शंखचूड़ को परास्त करने के लिये वृंदा के सतीत ?व को भंग करना जरूरी था। माना जाता है कि भगवान विष ?णु ने छल से रूप बदलकर वृंदा का सतीत्व भंग कर दिया और उसके बाद भगवान शिव ने शंखचूड़ का वध कर दिया। इस छल के लिये वृंदा ने भगवान विष ?णु को शिला रूप में परिवर्तित होने का शाप दे दिया। उसके बाद भगवान विष ?णु शिला रूप में तब ?दील हो गये और उन ?हें शालिग्राम कहा जाने लगा। फिर वृंदा ने तुलसी के रूप में अगला जन्म लिया था, भगवान विष ?णु ने वृंदा को आशीर्वाद दिया कि बिना तुलसी दल के उनकी पूजा कभी संपूर्ण नहीं होगी। भगवान शिव के विग्रह के रूप में शिवलिंग की पूजा होती है, उसी तरह भगवान विष्णु के विग्रह के रूप में शालिग्राम की पूजा की जाती है। यह भी मान्यता है कि वृँदा के सती होने के बाद उनकी राख से ही तुलसी के पौधे का जन्म हुआ था। इसके बाद तुलसी पौधे के साथ शालिग्राम के विवाह रचाने की परंपरा शुरु हुई।

# शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में मनाया गया देवउठनी पर्व



**खरोरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला मेंआज देवउठनी त्यौहार बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।देवउठनी त्यौहार क्यों मनाते हैं के बारे में संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा ने बच्चों को बताया कि सनातन धर्म के अनुसार भगवान श्रीहरि विष्णु आषाढ़ शुक्लपक्ष को देवसयनी एकादशी को क्षीरसागर में शयन करतें हैं।देवशयनी एकादशी के बाद कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है।कार्तिक शुक्ल पक्ष में देवउठनी एकादशी मनाया जाता है।कहा जाता है कि भगवान श्रीहरि विष्णुजी आज ही के दिन शयननिद्रा से जागृत होता है और हिन्दू धर्म के मान्यता के अनुसार आज से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाता है।देवउठनी एकादशी के दिन सालिगराम के रुप में भगवान श्रीहरि विष्णुजी का विवाह तुलसीमाता में विद्यमान माता लक्ष्मी जी का विवाह किया जाता है।

बच्चों को देवउठनी एकादशी के बारे में बताने के बाद गन्ने से सुसज्जित मंडप में तुलसी एवं सालिगराम के पूजन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।संस्था प्रमुख ने सर्वप्रथम भगवान गौरी गणेश में दीप प्रज्वलित कर पूजन किया, उसके उपरान्त माता तुलसी एवं भगवान सालिगराम का पूरे विधि-विधान के साथ पूजन कार्य सम्पन्न किया।श्रीफल, केला, आंवला, जाम, कांदा, चना भाजी, सिंघाड़ा, बेर, संतरा, पेड़ा एवं माता श्रृंगार ओढ़नी सहित अर्पित किया गया। शाला के बच्चे भगवान श्रीहरि विष्णु एवं माता लक्ष्मी के रुप में सुसज्जित होकर शाला में पधारे जिसका शाला में उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा तालियों के गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया, स्वागत के पश्चात आकर्षक रूप में सजे भगवान श्रीहरि विष्णुजी एवं माता लक्ष्मी को आसन में विराजित कर पुरे विधि-विधान से पूजा किया गया।शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती शांति देवांगन, पालक समिति के सदस्य मनीषा गेण्ड्रे एवं शिक्षक स्टाफ के द्वारा पारी पारी से पूजन कार्य सम्पन्न करने के उपरान्त सभी महिलाओ नें गन्ने से सुसज्जित मंडप का सात फेरे लिए और आशीर्वाद प्राप्त किए।आज के कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिती के अध्यक्ष श्रीमती शांति देवांगन, मनीषा गेण्ड्रे, संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा, जयप्रकाश टंडन, लता देवांगन, अंजनी गिलहरे, गणेश्वरी नवरंगे, रेखा देवांगन, किरण वर्मा, इंदु देवांगन, रसोईया लक्ष्मी बंजारे, भुखैईया निर्मलकर, गायत्री सिन्हा, सफाई कर्मचारी ललिता सिन्हा एवं सभी छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

# भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में हर्षोल्लास मनाई गई देवउठनी एकादशी



**खरोरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में आज देवउठनी एकादशी पर्व हर्षोल्लास से विद्यालय में मनाया गया। पौराणिक कथाओं के अनुसार देवसुतनी एकादशी के दिन से भगवान श्री विष्णु क्षीरसागर में शयन करने चले जाते है। जो आज देवउठनी एकादशी के दिन जागेंगे। विद्यालय में गन्ने का मंडप बनाकर भगवान श्री शालीग्राम और तुलसी माता का विवाह सम्पन्न किए, साथ ही साथ भगवान के विवाह में शकरकंद चनाभाजी, कच्चा सिंघाड़ा, बेर इत्यादि अर्पित कर पूजा अर्चना भी किए। इस पूजा पर्व में विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव, महेंद्र साहू, श्वेता शर्मा, रीता रानी वर्मा, संगीता नायक, सुनीता सिंह, सी.खरे, जयंती साहू, नीतू यादव, मोंगरा साहू, गीतांजली पान, अमर बर्मन, अंजलि वर्मा व समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# पेंशनर कल्याण संघ का दीपावली मिलन के साथ कार्यकारिणी का विस्तार



**महासमुंद,** 25 नवंबर (देशबंधु)।पेंशनर कर्मचारी भवन में पेंशनर कल्याण संघ द्वारा दिपावली मिलन का आयोजन किया गया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कार्यकारणी का विस्तार भी किया। जानकारी देते हुए संघ के सचिव बी.आर देवांगन ने बताया कि नए सदस्यों को पेंशनर कल्याण संघ द्वारा श्रीफल से सम्मानित किया गया। 17 दिसंबर को भानुप्रतापपुर में आयोजित सम्मेलन में भाग लेने वाले साथियों को जानकारी देते हुए बातया कि तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में बस से जाने का कार्यक्रम है।इसके लिए कोषाध्यक्ष मनराखन ध्रुव के पास राशि जमा की जा सकती है। दिवंगत पेंशनर रामानुज ध्रुव, इतवारी राम साहू को श्रद्धांजलि दी गई।उन्होंने बताया कि सुधा शर्मा, उषा शर्मा, रामप्यारी गुरूदत्ता ने 5-5 सौ रुपए और गौतम सिंह दीवान ने 1 हजार रुपए की राशि संघ को दी है। प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। कार्यकारणी विस्तार में नारायण लाल चंद्राकर, के.आर चंद्राकर, रूपेश्वर प्रसाद तिवारी, के.के हनुमंता को संरक्षक, गाड़ाराय साहू, वैष्णव पात्र, एमआर पटेल, थामसिंग ठाकुर उपाध्यक्ष, मनराखन ध्रुव कोषाध्यक्ष, पीसी पुरोहित, जे.एस अहिर, के.के चंद्राकर प्राचार सचिव, बोधराम साहू, कन्हैयालाल दीवान सह सचिव, कार्यकारिणी में मनोज कुमार, गुलाब किशोर स्वर्णकार, एच.आर बघेल, बसंत कुमार चंद्राकर, मन्नुलाल साहू शामिल है। ताराचंद कौशिक विकासखंड अध्यक्ष, एच.आर साहू व बीएल चंद्राकर संगठन मंत्री बनाए गए है।

# चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर जिले में घटित अपराधों में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए, जिसके पालन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा चोरी के, मामले में 01 आरोपी को किया गया गिरफ्तार।विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 02.06.23 को प्रार्थी, ने रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक घटना समय को ॠङ्कस् जूपिटर स्कूटी सोल्ड को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया, की लिखित आवेदन पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना दौरान पता चला कि उक्त चोरी गए स्कूटी वाहन थाना डोगरीपाली में ह्लक्क्र एक्ट के प्रकरण में जप्त होना, पाया गया तथा, आरोपी का पता किया, जो आरोपी पूर्व में किसी अपराध में, जेल में निरुद्ध होने, पर माननीय न्यायलय दुवारा प्रोडक्सन वारंट जारी होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर मेमोरंडम कथन लिया गया। आरोपी सुंदरपाल पिता आनंद ठाकुर उम्र 20 वर्ष साकिन पुरानी मंडी बाजार पारा सरायपाली हाल मुकाम झिलमिला चौक थाना सरायपाली जिला महासमुंद को धारा 379 द्बश्चष् के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

संपूर्ण विवेचना कार्यवाही में उप.निरी. शिव कुमार धारी ।ष्ट चंद्रशेखर पटेल आर.कमल कुर्रे चंदन दिनकर का विशेष योगदान रहा।

# कोडारबांध खल्लारी मंदिर में आंवला भात का आयोजन कल

**महासमुंद,25** नवंबर (देशबंधु)।जय मां खलारी मंदिर कोडारबांध तुमगांव में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आंवला पूजन एवं आंवला भात का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष किशोर चंद्राकर ने बताया कि यह आयोजन 27 नवंबर सोमवार को मंदिर परिसर में सुबह 10 बजे पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ होगा। प्रसाद वितरण दोपहर 12 बजे से होगा। यह आयोजन विगत 20 वर्षों से निरंतर हो रहा है जहां काफी तादात में लोग श्रद्धालु शामिल होते हैं। समिति द्वाराअधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य अर्जित करने श्रद्धालुओं से अपील की गई है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**कार्य विवरणः किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग के निविदा आवंटन हेतु ई-नीलामी**

किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन पर दो पहिया एवं चार पहिया पार्किंग स्टैंड के ठेके के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। केटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट **(https://ireps.gov.in)** पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार हैः

| केटेलॉग क्रमांक | श्रेणी | नीलामी तिथि व समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| BSP-PARK-KDTR4 | (पार्किंग मिश्रित) | 05.12.23 15:00:00 | PARKING-BSP-KDTR-MX-24-23-1 | किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में दो पहिया चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल। | 1096 दिनों |

सीपीआर/10/306 कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MAHESH KUMAR NEBHANI S/O SHRIDHAR LAL NEBHANI resident of C-19 MUTHA NAGAR GALI NO.-7, BEHIND GURUNANAK HALL TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MAHESH KUMAR NEBHANI S/O SHRIDHAR LAL NEBHANI so in future I should be recognized by my new name that is MAHESH NEBHANI S/O SHRIDHAR LAL NEBHANI in all Government and other documents.

**MAHESH NEBHANI**
C-19 MUTHA NAGAR GALI NO.-7, BEHIND GURUNANAK HALL TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHOK KUMAR LAXMANRAO PATHAK S/O LAXMANRAO PATHAK resident of P4 PRIY DARSHINI NAGAR PHASE 2 SHRI JAGANNATH MANDIR PACHPEDHI NAKA RAIPUR 492001 (C.G.) have changed my old name ASHOK KUMAR LAXMANRAO PATHAK S/O LAXMANRAO PATHAK so in future I should be recognized by my new name that is ASHOK KUMAR PATHAK S/O LAXMANRAO PATHAK in all Government and other documents.

**ASHOK KUMAR PATHAK**
P4 PRIY DARSHINI NAGAR PHASE 2 SHRI JAGANNATH MANDIR PACHPEDHI NAKA RAIPUR 492001 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NARAYAN KUMAR GWALANI S/O ASHOK GWALANI resident of H.NO. 53 BHAGAT SINGH WARD BHATAPARA DISTT. BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name NARAYAN KUMAR GWALANI S/O ASHOK GWALANI so in future I should be recognized by my new name that is NARAYAN GWALANI S/O ASHOK GWALANI in all Government and other documents.

**NARAYAN GWALANI**
H.NO. 53 BHAGAT SINGH WARD BHATAPARA DISTT. BALODA BAZAR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHRIRAM S/O ANKALU SAHU resident of SEMARIYA, BEMETARA, KANHERA (C.G.) 491335 have changed my old name SHRIRAM S/O ANKALU SAHU so in future I should be recognized by my new name that is SHRIRAM SAHU S/O ANKALU SAHU in all Government and other documents.

**SHRIRAM SAHU**
SEMARIYA, BEMETARA, KANHERA (C.G.) 491335

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DRISHTI SANTWANI D/O PREM KUMAR SANTWANI resident of C-19, MUTHA NAGAR, GALI NO.07, TELIBANDHA, RAVIGRAM, TELIBANDHA, RAIPUR (C.G.) 492006 have changed before marrige my old name DRISHTI SANTWANI D/O PREM KUMAR SANTWANI so in future I should be recognized by after marrige my new name that is DIA NEBHANI W/O NEERAJ NEBHANI in all Government and other documents.

**DIA NEBHANI**
C-19, MUTHA NAGAR, GALI NO.07, TELIBANDHA, RAVIGRAM, TELIBANDHA, RAIPUR (C.G.) 492006

**न्यायालय तहसीलदार, भाटापारा के न्यायालय मे मामला क्रमांक- 202311210500028**

**ईश्तहार**

मामले की श्रेणी: राजस्व

विषय: अ-27 सन: 2023-2024

भाटापारा ( प ह न. 00011 )

**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्रीमति जानकीदेवी, श्रीमति मनीषासिंह, श्रीमति प्रतिमा संह, श्रीमति कवितासिंह उर्फ कविता सेंगर, श्रीमति रंजीतासिंह, श्रीमति संजना, श्रीमति सोनिया सिंह, अनावेदक पक्षकार - श्री अभयसिंह, आयुषीसिंह, श्रीमति संगीतासिंह, श्रीमति शकुंतलाठाकुर, श्रीमति उषादेवी, श्रीमति किरणसिंह, श्रीमति आशासिंह, श्रीमति शिलासिंह, श्रीमति उर्मिलासिंह, श्रीमति शर्मिला बैस, श्रीमति शेफाली ठाकुर**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति जानकीदेवी पति स्व. श्री ललितसिंह ठाकुर निवासी महोल्ला शंकर वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भाटापारा प0ह0नं0 11 रा0नि0मं0 भाटापारा तहसील भाटापारा स्थित परिवर्तित भूमि शीट क्रमांक 02 भूखड क्रमांक 82 क्षेत्रुल 4919 वर्गफीट राजस्व अभिलेख में आवेदिका जानकीदेवी वगैरह के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के संबंध में उपपंजीयक कार्यालय भाटापारा में दिनांक 12/09/2023 को पंजीकृत विभाजन पत्र निष्पादित किया गया है। पंजीकृत विभाजन पत्र के अनुसार आवेदिकागण को 2464.50 वर्गफीट भूमि एवं अनावेदकगण को 2464.50 वर्गफीट बटवारा में प्राप्त हुआ है। उक्त पंजीकृत विभाजन पत्र के अनुसार आवेदिकागण एवं अनावेदकगण का खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 11.12.2023 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्तसंबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 11.12.2023 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है. नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/11/2023 को जारी किया जाता है।

सील तहसीलदार भाटापारा

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00081 बोरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-6304527102 023048

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00081 के अंतर्गत ग्राम बोरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी धनवन्तरी सोनबेर पिता/पति कनक राम साहू पता वार्ड नं. 8 बुढ़ादेव पारा नगरी धमतरी छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1601/44 0.0093, 1601/44 0.0093 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता उषा साहू पिता/पति कनक राम साहू पता एफ-37 मीना बाजार बस्ती मुंगेली नाका के पास बिलासपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 23.11.2023**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हरभजन सिंग पिता अवतार सिंग दत्ता निवासी सिविल लाईन रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 384/19, 384/25, 385/12, 385/3, 385/4, 386/4, 386/5 रकबा कुल 0.442 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 27.10.2023 के परिपालन में दिनांक 01.12.2023 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 67 के पुरैना स्थित कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-11

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00053 डूमरतालाब ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2022234407 22000049

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00053 के अंतर्गत ग्राम डूमरतालाब के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती शांता देवी झा पिता/पति शीलाकांत झा पता चौबे कॉलोनी रायपुर, श्रीमती संगीता पाठक पिता/पति सत्य जीत पाठक पता चौबे कालोनी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/126 0.0139 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती संगीता पाठक पिता/पति सत्यजीत पाठक पता 9/32 शाला मार्ग चौबे कॉलोनी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 02 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
**आम सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हितग्राही 1. श्री अपूर्व घोष 2. श्री अरबिन्द कुमार घोष दोनों के पिता स्व. श्री अधीर कुमार घोष को भवन/भूखण्ड क्रमांक एम.आई.जी.-20 टाटीबंध रायपुर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित/नामांतरित किया गया है, हितग्राही द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड अधिकार में संपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।**

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1 रायपुर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
**आनलाईन नं. 202311211100005**
**अ/2 वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति सावित्री बाई सेन पति लेसिंग सेन निवासी ग्राम पिपराही तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम- हथनी प.ह.न. 40 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 681/26 रकबा 0.009 हेक्टर अर्थात 1000 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1 एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सम्बन्ध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 05/12/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
**आनलाईन नं. 202311211100006**
**अ/2 वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार रजक पिता धनेश्वर प्रसाद रजक निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम- हथनी प.ह.न. 40 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 209/2 रकबा 0.0146 हेक्टर अर्थात 1575 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1 एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सम्बन्ध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 05/12/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
**आनलाईन नं. 202311211100004**
**अ/2 वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति संतोषी यादव पति बबलू यादव निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम- हथनी प.ह.न. 40 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 33/27 रकबा 0.0098 हेक्टर अर्थात 1050 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1 एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सम्बन्ध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 05/12/2023 तक आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
**आनलाईन नं. 202311211100003**
**अ/2 वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार के पत्र क्रमांक 2555/डाय.-125/नग्रानि/2023 बलौदाबाजार दिनांक 09/11/2023 के अनुसार आवेदक राजेश धारानी पिता खेमचंद थारानी के ग्राम- हथनी प.ह.नं.40 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 878/1 कुल रकबा 0.538 हे. का मूल ख.नं. 878 का भू-उपयोग विकास योजना अनुसार प्रस्तावित आवासीय, प्रस्तावित वाणिज्यिक एवं प्रस्तावित मार्ग रूक्र-12(24 मी.) प्रयोजनार्थ होना बताया है। उक्त अभिमत के आधार पर आवेदक राजेश थारानी पिता खेमचंद थारानी निवासी संत कंवरराम वार्ड भाटापारा के द्वारा ग्राम- हथनी प.ह.नं.40 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार - भाटापारा, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 878/1 कुल रकबा 0.538 है. में से 12000 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण के लिए आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, बी- बैनामा की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो पकरण नियत 05/12/2023 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त पत्ति/दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा



**रायपुर,** 25 नवंबर । राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को भुवनेश्वर के कलिंग इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंस ने डी. लिट. की मानद उपाधि प्रदान की है। यह उपाधि उन्हें आज ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास के हाथों से प्रदान की गई। हरिचंदन को यह सम्मान सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में सक्रियता के माध्यम से उल्लेखनीय जन सेवा के लिए दिया गया है। कलिंग इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंस के कुलपति प्राध्यापक और गणमान्य अतिथि उक्त अवसर पर आयोजित समारोह में उपस्थित थे।

# प्रदेश में 4 दिसम्बर तक मनाया जाएगा पुरूष नसबंदी पखवाड़ा

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा चलाया जाएगा। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर पुरूष नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान ए.एन.एम. और मितानिनें घर-घर जाकर चिन्हांकित हितग्राहियों को परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के बारे बताएंगी। हितग्राहियों को जरूरी परामर्श और परिवार नियोजन की सेवाएं भी इस दौरान प्रदान की जाएंगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में परिवार कल्याण के उप संचालक डॉ. टी.के. टोंडर ने बताया कि देश की बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है। इसके लिए सबको जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में दो लाख 59 हजार 985 महिलाओं और 26 हजार 510 पुरूषों की नसबंदी की गई है। वर्ष 2017-18 में 53 हजार 236 महिलाओं एवं 7119 पुरुषों, 2018-19 में 61 हजार 342 महिलाओं एवं 5361 पुरुषों, 2019-20 में 59 हजार 991 महिलाओं एवं 6775 पुरुषों, 2020-21 में 28 हजार 159 महिलाओं एवं 2826 पुरुषों, 2021-22 में 57 हजार 257 महिलाओं एवं 4429 पुरुषों व 2022-23 में 80 हजार 704

- महिला व पुरूष नसबंदी के बारे में किया जाएगा जागरुक
- पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों की दी जाएगी जानकारी

महिलाओं एवं 6216 पुरुषों का नसबंदी ऑपरेशन किया गया है। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन के साधन नि:शुल्क उपलब्ध हैं। इनमें पुरूष एवं महिला नसबंदी, निरोध, गर्भ निरोधक गोली, इंजेक्शन, कॉपर-टी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। परिवार नियोजन के लिए आवश्यक है कि पहले और दूसरे बच्चे के बीच तीन साल का अंतराल हो।

परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उपायों पर डॉ. टोंडर ने बताया कि सभी जिला चिकित्सालयों, चिन्हांकित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालयों में एन.एस.व्ही. की सुविधा उपलब्ध है। पुरूष नसबंदी उन दंपत्तियों के लिए परिवार नियोजन का सबसे आसान उपाय है जिन्हें और बच्चे नहीं चाहिए। एन.एस.व्ही. बिना चीरा व टांके के दस से 20 मिनट में पूरी की जाती है, और इस प्रक्रिया में दर्द नहीं होता। नसबंदी के बाद किसी भी प्रकार की शारीरिक दुर्बलता नहीं होती, बल्कि पहले जैसा ही भारी काम कर सकते हैं। शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में नसबंदी के बाद पुरूष हितग्राहियों को तीन हजार रुपए और महिला हितग्राहियों को दो हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह महिला नसबंदी की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और सरल है। पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले योग्य दंपति को गर्भनिरोधक के संबंध में परामर्श देते हुए इच्छित गर्भ निरोधक साधन या सेवा इच्छानुसार उपलब्ध कराई जाएगी।

# दुर्ग विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 3 दिसंबर को रद्द

### भगत की कोठी रिशेड्यूल

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। ईस्ट कोस्ट रेलवे के वॉलटयर रेल मंडल में पलासा-विशाखापत्तनम और रायगड़ा-विजयनगरम सेक्शन पर आईएचएस कार्यों और स्टोन स्लैब पुलों के पुनर्निर्माण के संबंध में कट और कवर विधि द्वारा आरसीसी सेगमेंटल बॉक्स लगाने के लिए ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक के लिए जाने के कारण कोचिंग ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।



3 दिसंबर को गाड़ी संख्या 18529/18530 दुर्ग- विशाखापट्टनम-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

18574 भगत की कोठी- विशाखापट्टनम एक्सप्रेस को 3 दिसंबर को भगत की कोठी स्टेशन से 7 घंटे रीशेड्यूल किया जाएगा।

दिसंबर को 20.30 बजे रवाना होने के बजाय 3 दिसंबर 2023 को 3.30 बजे रवाना किया जाएगा।

# अब हाथी करेंगे तस्करों की निगरानी!

## रेत तस्करों को खदेड़ते गजराज का वीडियो वायरल

**कोरबा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले रेत तस्करों पर लगाम लगाने का जिम्मा हाथी ने उठा लिया है. दरअसल इन दिनों कटघोरा वन मंडल क्षेत्र में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है. वहीं धड़ल्ले से जंगल के अंदर ट्रैक्टर से अवैध रेत खनन किया जा रहा था. इस बीच हाथियों ने रेत तस्करों की पोल खोल दी. इतना ही नहीं रेत माफियों पर रोक लगाने के लिए एक्शन भी लिया. जब अवैध रेत खनन कर ट्रैक्टर से रेत माफिया जा रहे थे तब उन्हें दंतैल हाथी ने रोक लिया और ट्रैक्टर को वापस खींचकर जंगल की ओर ले जाने लगा. वहीं ट्रैक्टर पर सवार लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है. जो काफी वायरल हो रहा है.



कटघोरा वन मंडल में रेत माफिया कार्रवाई से बचने के लिए चेक पोस्ट के रास्ते के बजाए जंगल के अंदर से अवैध रूप से रेत की तस्करी कर रहे हैं. वहीं रेत माफियाओं जब ट्रैक्टर से रेत ले जा रहे थे. तब केंदई रेंज के मिसिया नर्सरी के पास उनका सामना दंतैल हाथी से हो गया. दंतैल हाथी ने रेत से भरे ट्रैक्टर को खींच कर जंगल की ले जाने की कोशिश की फिर उसके बाद उसे धक्का देकर साइड कर दिया. वहीं हाथी को देखकर ट्रैक्टर सवार भागकर अपनी जान बचाए.

बता दें कि कटघोरा वनमण्डल के केंदई रेंज के ग्राम मिसिया नर्सरी के पास की हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है. बीते दिनों हांथीयों ने केंदई वनपरिक्षेत्र में ही 12 मवेशियों को मौत के घाट उतारा था. जिसके बाद ग्रामीण दहशत में है और रतजगा करने को मजबूर हैं. कटघोरा वनमण्डल में 60 हांथीयों का दल लगातार उत्पात मचा रहे हैं. जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं.

# सहकारी बैंक का लेखपाल निलंबित शिकायत पर कलेक्टर ने की कार्यवाही




**रायपुर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के लेखपाल रोहित कुमार वर्मा को दुर्ग कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने सस्पेंड कर दिया है। कलेक्टर ने ये कार्यवाही रोहित द्वारा भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार करने को लेकर की गई है।

लेखापाल वर्मा ने व्हाट्सएप ग्रुप में भाजपा के चुनाव प्रचार वाले स्लोगन शेयर किए थे, जिसकी शिकायत कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की थी। जांच के बाद इस मामलें में यह कार्रवाई की गई है।

जांच में शासकीय कर्मचारी सेवा के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं शासकीय सेवक अधिनियम के उल्लंघन को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

### सीएम बघेल पहुंचे अपने गांव कुरुदडीह

# परिवार के साथ परंपरानुसार बढ़ौना रस्म का किया निर्वहन

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। सीएम भूपेश बघेल परिवार के साथ पतन के अपने गांव कुरुदडीह पहुंचे जहां उन्होंने खेतों में फसलों की लुआई पूरी हो जाने के बाद लुआई को अंतिम रूप देते हुए परंपरानुसार बढ़ौना रस्म का निर्वहन किया। उन्होंने धान फसल की कटाई की और छत्तीसगढ़ी परंपरा बढ़ौना परम्परा को निभाया, इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी मुक्तश्वरी बघेल, बेटे चेतन बघेल समेत परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के वोटिंग के बाद फिर से छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सरकार बनने का दावा भी किया। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये कहा कि आज अपने खेत के ब्यारा में धान की गुणवत्ता देखी। इस बार धान की अच्छी पैदावार हुई है। महतारी की कृपा सब पर बनी रहे।



# अमृतधारा जलप्रपात के पास मिला नर्सिंग की छात्रा का कंकाल

**मनेंद्रगढ़,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में लापता नर्सिंग छात्रा की लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। अमृतधारा जलप्रपात से लगे जंगल में युवती के कंकाल का सिर और धड़ अलग-अलग जगह पर मिले हैं। पुलिस ने मृत युवती की पहचान केल्हारी थाना क्षेत्र से लापता नर्सिंग छात्रा के रूप में की गई है। घटनास्थल के पास मिले कपड़े और जूते से परिजनों ने उसकी पहचान की है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मानते हुए मृतिका के संदेही प्रेमी को हिरासत में ले लिया है।

जंगल से लापता छात्रा का कंकाल मिलने का ये मामला पोड़ी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को पोड़ी थाना अंतर्गत नागपुर चौकी पुलिस को अमृतधारा जलप्रपात से लगे जंगल में एक नर कंकाल मिलने की सूचना ग्रामीणों के माध्यम से मिली थी। सूचना पर नागपुर चौकी प्रभारी दिनेश चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर जांच के लिए पहुंचे थे। घटनास्थल से युवती के कपड़े और जूते भी पुलिस ने बरामद किये। नर कंकाल लड़की का होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी गयी।



मृतिका

- मचा हड़कंप, बॉयफ्रेंड हिरासत में

लड़की के कंकाल मिलने की जानकारी के बाद केल्हारी थाना प्रभारी सुनील तिवारी गुम नर्सिंग की पढ़ाई कर रही लापता छात्रा सुस्मिता खलखो के पिता जेरोम खलखो और परिजनों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी के बाद पोड़ी थाना प्रभारी के साथ ही अंबिकापुर से फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंची। घटनास्थल से मिले लड़की के कपड़े और जूता के साथ ही अन्य सामानों के जरिये लापता छात्रा के परिजनों ने कंकाल की पहचान अपनी लापता बेटी सुस्मिता खलखों के रूप में किया है।

घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद कंकाल को जांच के लिए पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही युवती की मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृतिका सुस्मिता खलखो अंबिकापुर नर्सिंग कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। छात्रा से केल्हारी निवासी रोहित बैक नामक युवक प्रेम करता था। इसके बाद एक महीने पहले नर्सिंग छात्रा अचानक रहस्यमय ढंग से लापता हो गयी थी।

जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट केल्हारी थाना में दर्ज कराया गया था। पुलिस लापता सुस्मिता की पतासाजी कर रही थी, इसी बीच उसका नर कंकाल दो हिस्सों में मिलने की जानकारी अब सामने आयी है। पुलिस प्रथम दृष्टया इस घटना को हत्या से जोड़कर देख रही है। पुलिस ने संदेही प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस इस हत्याकांड की वजह एक तरफा प्रेम या फिर त्रिकोणीय प्रेम होने की आशंका जता रही है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर वारदात से जुड़े हर एक कड़ियों को पिरोकर हत्यारे तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# परवांजूर में नक्सलियों ने जगह-जगह बेनर पोस्टर लगाया

### क्षेत्र में दहशत का माहौल



**पखांजूर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। बेटियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत 91 के पास नक्सलियों ने बेनर पोस्टर फेंका है। द्वश्वष्ठ होने की आशंका जताई जा रही है। बड़ी संख्या में सड़क के ऊपर बेनर पोस्टर लगाया गया है। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस एवं बीएसएफ के जवान पहुंच गए।

क्षेत्र में दहशत का माहौल फैला हुआ है। पुलिस बल ने सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है। नक्सली लगातार बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में लगे हुए है। नक्सली का डर वैसे भी नक्सली क्षेत्रों में फैला रहता है, इस बीच ऐसी घटना होने से दहशत और बढ़ जाती है। नक्सलियों ने बेनर फेंका जिसमें ये लिखा पाया गया है। गाजा पर इज्रायल के युद्ध के खिलाफ फिलिस्तीनी जनता के मुक्ति आदोलन के समर्थन में पीएलजीए की 23वीं वर्षगांठ को देश भर में मनाएं! वर्गसंघर्ष व गुरिल्ला युद्ध को व्यापक व तेज करें! प्रतिक्रांतिकारी सूरजकुंड रणनीतिक हमले को हराओ! क्रांतिकारी जनताना सरकारों को बचाएं व मजबूत करें! ब्राहमणीय हिंदुत्व फासीवादी आरएसएस-भाजपा के खिलाफ प्रचार-प्रतिरोध अभियान चलाएं!

# मतगणना में गड़बड़ी की आशंका

## भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की कलेक्टर की शिकायत

**बीजापुर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से बीजापुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा के खिलाफ लिखित शिकायत की है. भाजपा ने मतदान में सत्तारूढ़ (कांग्रेस) दल के उम्मीदवार के पक्ष में काम करने के साथ मतगणना में गड़बड़ी की आशंका जताई है. वहीं भाजपा की शिकायत के बाद युवा आयोग के पूर्व सदस्य अजय सिंह ने सोशल मीडिया पर शिकायत को सही बताते हुए कलेक्टर पर पक्षपात पूर्ण चुनाव कराने का आरोप लगाया है.



अजय सिंह ने शिकायत पत्र में कहा है कि कलेक्टर ईव्हीएम नम्बर देने से इंकार कर रहे. किस बूथ पर कितना मतदान हुआ उसकी जानकारी नहीं दे रहे, जबकि कलेक्टर एवं जिलानिर्वाचन अधिकारी को बूथ में इस्तमाल की गई ईव्हीएम नम्बर सहित किस बूथ पर कितना मतदान हुआ उसकी सारी जानकारी प्रत्यशियों को देना होता है. लिखित में जानकारी मांगने के बाद भी कलेक्टर एवं जिलानिर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र काटारा देने से इंकार कर रहे हैं., मतलब साफ है कि वो कांग्रेस को फायदे के लिए गड़बड़ी कर सकते हैं.

अजय सिंह ने कहा है कि राजेंद्र काटारा वैसे भी नियम प्रक्रिया के तहत काम नहीं करते. करते होते तो जानकारी उपलब्ध करवा देते. मतगणना के समय यह आवश्यक होता है कि ईव्हीएम नम्बर एवं उक्त ईव्हीएम में कुल कितना मत पड़े हैं उसकी जानकारी राजनीतिक दल को उपलब्ध कराएं. इससे मिलान आसानी से हो सकता है और निष्पक्ष मतगणना की उम्मीद होती है. कलेक्टर द्वारा जानकारी उपलब्ध नही कराना इस बात के संकेत हैं कि मेरे आरोप सही साबित होता नजर आ रहा है. कि कलेक्टर विक्रम को लाभ पहुंचाने में लगे हुए हैं. राज्य निर्वाचन अधिकारी बिना देर किए कलेक्टर बीजापुर को हटाकर जानकारी उपलब्ध कराएं.

# खेत में लगे अदरक की खुदाई कर चोरी कर ले गये थे तीन शातिर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। लैलूंगा पुलिस ने खेत में लगे फसल की खुदाई कर अदरक चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है, वहीं आरोपियों से पुलिस चोरी कियाआधा चिंटल अदरक बरामद किया है।



जानकारी के अनुसार, लैलूंगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम भेडीमुडा में रहने वाले मुन्नु लाल निषाद द्वारा उसके खेत में लगे करीब 1 चिंटल अदरक की चोरी होने के संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इस साल उसने अपने महुआ छिनाखेत में अदरक की खेती किया है।

बीते 23 नवंबर को खेत में दवाई छिड़काव करने गया तो देखा खेत से करीब 1 चिंटल से अधिक का अदरक को कोई चोरी कर ले गया है। तब गांव के सरपंच, ग्राम पटेल और अन्य ग्रामीणों को खेत से अदरक की चोरी की जानकारी देकर अपने स्तर पर पता किया। जिसमें पता चला कि गांव के तीन लड़के- प्रभु राठिया, गोपी साहू और रूप कुमार सिदार खेत से अदरक की चोरी किये हैं।

जिस पर थाना लैलूंगा प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज अपने स्टाफ के साथ ग्राम भेडीमुडा जाकर आरोपियों की पतासाजी कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। जिनसे अदरक चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार कर तीनों चोरी के अदरक को आपस में बांट लेना बताए।

आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने करीब 50 किलो अदरक बरामद कर जब्त किया है। चोरी के अपराध में लैलूंगा पुलिस द्वारा तीनों आरोपी प्रभु राठिया पिता मुनू राम राठिया उम्र 26 वर्ष, गोपी साहू पिता घुराऊ राम साहू उम्र 30 वर्ष और रूप कुमार सिदार पिता मनराज सिदार उम्र 25 वर्ष साल सभी निवासी भेडीमुडा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा गांववालों को आपस में मिलजुल कर रहने और चोरी, झगड़े विवाद से दूर रहने की समझाइश दिया गया है।


**NECC**

| 26.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.23 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 538 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA


प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक बार संतू ट्रेन में सफर कर रहा था। ट्रेन में बहुत भीड़ होने की वजह से वो एक गंजे आदमी की गोद में बैठ गया।
**आदमी (गुस्से में)** - हां, हां! मेरे सिर पर आकर बैठा जा।
**संतू**- नहीं, अंकल मैं यहीं ठीक हूं, वहां से फिसल कर गिरने का डर है।



# पंच प्यारे की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन

## सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा प्रकाश पर्व





**जगदलपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। सिक्ख धर्म के प्रवर्तक प्रथमगुरु गुरुनानक देव के जन्मोत्सव, प्रकाश पर्व पर शनिवार की शाम शहर में भव्य नगरकीर्तन निकाली गई। पंच प्यारे शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे थे। शोभायात्रा में सिख समाज की महिलाएं सबद-कीर्तन का गायन कर रही थी। शहर में जगह-जगह शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। जगह-जगह चौक चौराहों पर जमकर आतिशबाजी भी हुई। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे संजय बाजार के पास स्तिथ पुराने गुरुद्वारा से गुरुग्रंथ साहिब की आकर्षक झांकी व नगरकीर्तन निकाली गई। नगरकीर्तन शहर के राजमहल रोड से निकलकर मेन रोड, महावीर चौक, श्री राम चौक, चांदनी चौक मार्ग से होते हुए अग्रसेन चौक पहुंची। यहां से गुरु गोविंद सिंग चौक होते हुए शोभायात्रा शान्ति नगर गुरुद्वारा पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान सिक्ख धर्म की परंपरानुरूप पंच प्यारे शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे थे। पंच प्यारों के पीछे सिख समाज के लोग गुरुनानक देव के उपदेश का कीर्तन गा रहे थे। प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

**गुरुद्वारा को सजाया**

गुरुनानक देव के जन्मोत्सव पर्व पर गुरूद्वारा को रंगीन विद्युत झालरों से सजाया गया है। इसके अलावा सिख समुदाय द्वारा प्रकाश पर्व को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के माध्यम से गुरु के उपदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाता है। बताया जाता है कि गुरु के सम्मान में प्रभात फेरी की परम्परा है। प्रकाश पर्व में निकाली गई शोभायात्रा में अन्य समुदाय के लोग भी शामिल हुए।

**कार्तिक पूर्णिमा पर लगेगा लंगर**

गुरुनानक देव की जयंती पर यहां कार्तिक पूर्णिमा के दिन शान्ति नगर गुरुद्वारा में लंगर लगेगा। गुरूनानक जयंती पर यहां सबद-कीर्तन का आयोजन किया गया है। लंगर में सिख समुदाय के अलावा अन्य धर्म के लोगों के शामिल होने की संभावना है। प्रकाशोत्सव पर्व को लेकर सिख समुदाय में उत्साह का माहौल है।

# पेट पर कपड़े से लपेटकर गांजा परिवहन करने बस का इंतजार करते दो युवक गिरफ्तार



**आरोपियों के कब्जे से 9.592 किलो गांजा, कीमती रुपया 95,920 बरामद**

**जगदलपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी पर बस्तर पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त हुई है।

24 नवंबर को रात्रि में मिली सूचना पर दो व्यक्ति मंडी नाका धनपुंजी में अपने शरीर में अवैध मादक पदार्थ गांजा बांधकर लेकर जाने हेतु जगदलपुर की ओर जाने वाली बस का इंतजार कर रहे हैं। ग्राम धनपूंजी मंडी नाका में हमराह स्टाफ के पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी गण शेख फिरोज पिता शेख मोहम्मद उम्र 43 वर्ष लालखड़ी रोड हजरानगर अमरावती थाना खोलापुरी गेट जिला अमरावती महाराष्ट्र और शेख तौफीक पिता शेख रफीक उम्र 22 वर्ष निवासी पठान चौक, अमरावती थाना खोलापुरी गेट जिला अमरावती महाराष्ट्र को पकड़े जिनके शरीर की तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 09.592 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बंधा हुआ कीमती 95920 रुपया एवं एक नग मोबाइल बरामद हुआ। उक्त समान को जप्त कर आरोपियों का कृत्य अपराध धारा एनडीपीएस एक्ट का पाया जाने से 02 नफर आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जगदलपुर न्यायालय में पेश किया गया है।

# मोटर सायकल में ओडिसा से जगदलपुर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। ओडिसा से एक बिना नंबर की सिल्वर कलर की पल्सर मोटर सायकल में अवैध अंग्रेजी शराब को छिपाकर छत्तीसगढ़ में खपाने के लिए लाया जा रहा था जिसे थाना प्रभारी बकावंड निरीक्षक दिनेश कुमार यादव ने मुखबीर की सूचना पर थाना बकावंड क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ में नलपावंड नाका पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रूकवाने का प्रयास किया गया जो वाहन चालक के द्वारा गाड़ी को बिना रोके गाड़ी सहित भागने का प्रयास किया गया, जिसे जवानों द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। जो संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम बलिराम कश्यप पिता कुमोराम कश्यप उम्र 30 वर्ष, निवासी किंजोली थाना बकावंड बताया जिससे उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 01 पेटी बियर जिसमे 12 नग उड़ीसा निर्मित हंटर बियर बरामद किया गया जिसकी कीमती रुपया 1800/- व नगद रकम 3050/- रुपये तथा सिल्वर कलर का पल्सर मोटरसायकल बरामद किया गया। जिस पर थाना बकावंड में 24 नवंबर को अप0 क्र0 50/23 धारा 34(2) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 24 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया।

# कलेक्टर ने किया मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल का औचक निरीक्षण





- ट्रामा यूनिट को फिर से करें शुरू करने के निर्देश
- अस्पताल की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने और लॉबी में बैठने की व्यवस्था करने को कहा

**जगदलपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि मेडिकल अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों के लिए लॉबी में बैठने के लिए व्यवस्था किया जाए। साथ ही उनके उपयोग हेतु बाह्य भाग में शौचालय की व्यवस्था की जाए जिसमें कम शुल्क में उपयोग हेतु उपलब्ध हो। कलेक्टर ने मरीजों की अधिकता वाले वार्ड में वॉटर कूलर लगाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर शनिवार को डिमारापाल स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण में पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रामा यूनिट को पुन: प्रारंभ करने के साथ साथ परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था में विशेष ध्यान देने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया।

कलेक्टर ने लैब से जांच रिपोर्ट समय सीमा में देने के लिए निर्धारित करने पर जोर दिया। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों और लैब तकनीशियन की आवश्यकता व नियुक्ति के संबंध में चर्चा किया गया। कलेक्टर ने अस्पताल में जूनियर चिकित्सकों की इंटरशीप के दौरान मेडिकल अस्पताल के साथ साथ जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल में सेवाएं देनें हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल की रेडियोलॉजी सेक्सन, बाह्यरोगी कक्ष, मेडिकल रिकार्ड रूम, फीजियोथेरेपी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, शिशु वार्ड, बर्न यूनिट, प्रसव कक्ष, ईएनटी सेंटर और वार्ड, डायलिसिस सेंटर, नेत्र वार्ड, एमआईसीयू कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान भर्ती मरीज़ों से उनका कुशलक्षेम पूछा।

जनऔषधि केंद्र में दवाइयों की उपलब्धता, दवाइयों की नियत तिथि की जांच कर वितरण केन्द्र में शासन की योजनाओं का लाभ देने के भी निर्देश दिए। मुफ्त में दवाई देने वाले सेंटर में फार्मासिस्ट की उपयोगिता का भी उन्होंने आंकलन किया। पूछताछ केंद्र में स्थानीय बोली भाषा में वार्ता करने वालों की नियुक्ति की गई है उसका भी संज्ञान लिया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अस्पताल में शौचालय व्यवस्था, अस्पताल परिसर में स्थित मंच, निर्माण सामग्रियों को हटाकर पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ पैकरा, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू, तोकापाल जनपद सीईओ बीरेंद्र बहादुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# युद्ध स्तर पर हो रहा दंतेश्वरी कारीडोर का निर्माण

- दिन-रात मेहनत, महीने भर में हो जाएगा तैयार
- गुणवत्ता और समय सीमा दोनों का समन्वय
- दंतेश्वरी मंदिर की भव्यता में होगी वृद्धि, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



**दंतेवाड़ा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेश्वरी शक्ति पीठ दंतेवाड़ा के बहुप्रतिक्षित कारीडोर का निर्माण युद्ध स्तर पर हो रहा है। इसके लिए निर्माण में काफी तेजी आई है और उम्मीद की जा रही है कि महीने भर के भीतर यह तैयार हो जाएगा।

मांई दंतेश्वरी मंदिर की भव्यता को और बढ़ाने इस कारीडोर का निर्माण हो रहा है। इसकी शुरूआत 5 महीने पहले हुई थी। बारिश के चलते काम प्रभावित हुआ, लेकिन अब इसमें तेजी आयी है। जय स्तंभ चौक स्थित मुख्य द्वार से लेकर मंदिर के सिंह द्वार तक निर्माण अंतिम चरणों में है। दोनों तरफ के स्तंभों को विशेष रूप से टाइल्स की मदद से नया स्वरूप दिया गया है। निर्माण एजेन्सी ने अब गंभीरता पूर्वक इसकी गुणवत्ता और समय सीमा का ध्यान रखा है। मुख्य द्वार को भी नये तरीके से व्यवस्थित किया जा रहा है। संकट मोचन श्री हनुमान जी की प्रतिमा का निर्माण भी लगभग पूर्णता की ओर है। कारीडोर के किनारे अलग से सड़क का निर्माण हो रहा है।

इसी तरह मेंढका डोबरा के दांयी ओर मंगल भवन जाने के रास्ते की तरफ प्रसाद दुकानें भी तैयार हो रही हैं। इसी रास्ते पर नया ज्योति कलश भवन भी बनाया जा चुका है। मंदिर के मुख्य द्वार के आगे सिंह द्वार के पास मंडप का भी निर्माण जारी है। रिवर फ्रंट में निर्माण के लिए थोड़ा वक्त लगेगा, इसे भी गति प्रदान की गई है। कलेक्टर विनीत नंदनवार एवं निर्माण एजेन्सी की ओर से लगातार इसकी मॉनिटरिंग हो रही है। समय-समय पर आर्किटेक्ट भी इसका मुआयना कर रहे हैं। दंतेश्वरी मंदिर में सौन्दर्यीकरण की शुरूआत अब से 10 साल पहले 2013 में हुई थी। उसके बाद अब एक बार फिर इसे भव्य रूप दिया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के कारण मांई दंतेश्वरी की भक्ति की आभा से श्रद्धालु और प्रभावित होंगे, वहीं पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा।

# चाकू दिखाकर मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कालीपुर निवासी राजू सेठी पिता बिल्ला सेठी के खिलाफ उसके ससुर द्वारा नशे की हालत में गाली गलौच और मारपीट करने की शिकायत पुलिस थाने में की गई थी। आरोपी ने ईतवारी बाजार में गाली गलौच, मारपीट कर, चाकु दिखाकर मारने की कोशिश किया। थाना प्रभारी कोतवाली सुरेश जांगड़े के नेतृत्व में टीम गठित कर, आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था। जिस दौरान आरोपी रामा सेट्टी जगदलपुर को टीम द्वारा पता तलाश कर पकड़ा गया। आरोपी रामा सेट्टी से पुछताछ पर बताया कि 24 नवंबर को रात्री में अपने ससुर कृष्ण कुमार नाग को गाली गलौच, हाथ मुक्का लात से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया और अपने पास रखे चाकू से मारने की कोशिश करना स्वीकार किया। अपराध स्वीकार करने पर आरोपी रामा सेट्टी से चाकु को बरामद कर, गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# विशेष सफाई अभियान के पहले दिन कलेक्टर ने लिया कार्यों का जायजा



- लालबाग के एसएलआरएम सेंटर को मॉडल के रूप में करें विकसित
- वेस्ट मटेरियल संग्रह को अतिरिक्त आय का साधन बनाने के लिए समूह की महिलाओं को अधिक मेहनत करने आवश्यकता : कलेक्टर

**जगदलपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि एसएलआरएम सेंटर से प्रतिदिन कचरा हटाने का रूटीन तैयार करें साथ ही स्वच्छता कार्य में लगे स्व सहायता समूह के सदस्यों के कार्य को भी सुबह कचरा कलेक्शन और दोपहर को कचरा छाटने का काम करवाएं। उन्होंने समूह के सदस्यों को मानदेय के अतिरिक्त वेस्ट मटेरियल संग्रह से अतिरिक्त आय का साधन बनाने के लिए अधिक मेहनत करने की आवश्यकता बताई। कलेक्टर ने लालबाग स्थित एसएलआरएम सेंटर को माडल सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शनिवार की सुबह सप्ताह भर के लिए संचालित विशेष सफाई अभियान के पहले दिन शहर में संचालित सभी एसएलआरएम सेंटर (सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट सेंटर), बाबू सेमरा में स्थित एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर और चांदनी चौक में नाला की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने वेस्ट मटेरियल के संग्रह, विक्रय की स्थिति का भी संज्ञान लिया और महिला समूहों के सदस्यों को कचरा प्रबंधन कार्य को शिद्दत से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसएलआरएम सेंटर से सुखा कचरा, सिंगल उपयोग प्लास्टिक, थर्माकोल, शू मटेरियल, टायर आदि को गाड़ियों के माध्यम से उठाव करवाकर एमआरएफ सेंटर भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेंटरों से रूटीन में वाहनों से सामग्रियों का उठाव करवाने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। इसके अलावा गीला कचरा को वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने और गोबर के खाद से बने खाद को डोंगाघाट में भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी सेंटरों में वेस्ट मटेरियल की तय दर सूची प्रदर्शित करने कहा। धरमपुरा स्थित सेंटर के पास स्थित बिना उपयोग के भवनों का भी उपयोग करने के संबंध में चर्चा किया। कलेक्टर ने चांदनी चौक के पास नाली में जल भराव की स्थिति के निराकरण हेतु सर्वे करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जगहों में सफाई की जा रही है वहां से तत्काल कचरा को उठाव भी किया जाए। बोधघाट सेंटर में बने वर्मी खाद को उठाव करने कहा गया साथ ही समूह की सदस्यों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ऑनलाइन जुआ-सट्टा खिलाते 3 सटोरिये गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल एवं 4161 रुपए नगद बरामद**



**जगदलपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। ऑनलाइन सट्टा जुआ खेलाते पाये गये तीन सटोरियों पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

थाना कोतवाली को सूचना प्राप्त हुआ था कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा लालबाग कुम्हड़ाकोट, भगतसिंह वार्ड, माडिया चैक में मोबाईल वाट्सअप मैसेज से ऑनलाइन अंकों पर रूपये का हार-जीत का दांव लगाकर, जुआ सट्टा खिलाया जा रहा है जिस पर थाना प्रभारी कोतवाली सुरेश जांगड़े के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा अलगङ्कअलग जगह पहुंचकर संदेहियों से बरामद दो वीवो कंपनी एवं एक ओप्पो कंपनी का एन्ड्रायड मोबाईल वाट्सअप में रूपये का हारजीत का दांव लगाकर आनलाईन जुआ सट्टा खेलाते पाये गये। संदेहियों से पुछताछ करने पर अपना-अपना नाम आस ठाकुर नि. लालबाग, अर्जुन संतानी नि. भगतंसिसह पथरागुडा वार्ड एंव नितीष पीकार्फ नि. हाटकचोरा जगदलपुर का होना बताये। जिसके कब्जे से तीन नग मोबाईल, नगदी रकम 4160/-रू. को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 6 (क) 7 (1) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# मोतियाबिंद मुक्त बस्तर अभियान को लेकर सर्वे कार्य का कलेक्टर ने लिया जायजा



**जगदलपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने मोतियाबिंद मुक्त बस्तर अभियान के तहत की जा रही सर्वे कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर शनिवार को केशलुर ग्राम में सर्वे कार्य का निरीक्षण कर ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पूर्व में किया गया सर्वे कार्य में छूटे व्यक्तियों और अन्य ग्रामीणों का जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान कार्ड के सर्वे कार्य का भी जायजा लिया। चिकित्सकों ने ग्रामीणों का आंखों की जांच कलेक्टर के सामने ही किया। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, तोकापाल जनपद सीईओ बीरेंद्र बहादुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मतगणना कार्य के लिए गणना कर्मियों का किया गया रेंडमाईजेशन



**जगदलपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में मतगणना कार्य के लिए गणना कर्मियों का रेंडमाईजेशन किया गया। शनिवार को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में रेंडमाईजेशन की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी नन्द चौबे, ओपी वर्मा, भरत कौशिक और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

**कहार भोई समाज कुरूद का दीवाली मिलन 27 को**

**कुरूद,** 25 नवंबर। कहार भोई समाज कुरूद का दीपावली मिलन समारोह आगामी 27 नवंबर सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन सतनाम भवन डिपो रोड़ कुरूद में दोपहर 3 बजे से रखा गया है। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील समाज के लोगों से की है।



# खेतों में पराली जलाने पर लग सकता है जुर्माना



**धमतरी,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। खरीफ धान फसल की कटाई पूरी होने को है। धान फसल कटाई के बाद खेत में बचे अवशेषों को जलाने की घटनाएं घटित होती रहती है, जिससे वातावरण में जहरीली गैस जैसे-गीथेन, कार्बनमोनोऑक्साईड, नाइट्रॉक्साईड के फैलने से प्रदूषण होता है, जो मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए हानिकारक है। साथ ही फसल अवशेष जलाने से मृदा में उपलब्ध सूक्ष्म जीव के नष्ट हो जाने से मृदा की उर्वरता क्षमता कम हो जाती है और मित्र जीव जैसे-केंचुए, मकड़ी इत्यादि भी नष्ट हो जाते है। उप संचालक कृषि ने बताया कि फसल अवशेष जलाने संबंधी प्रकरण शासन के संज्ञान में आता है, तो अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 2 एकड़ कृषि भूमि धारक किसानों पर 2 हजार 500 रूपये, 2 से 5 एकड़ तक भूमिधारक किसानों पर 5 हजार रूपये जुर्माना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमिधारक किसानों पर 15 हजार रूपये जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है। उप संचालक ने किसानों से कहा है कि वे फसल अवशेष को नहीं जलायें, बल्कि उचित प्रबंधन करें। इसके लिए उन्होंने सुझाव भी दिया है।

जारी सुझाव अनुसार फसल कटाई के बाद खेत में पड़े हुए फसल अवशेष के साथ ही जुताई कर हल्की सिचाई पानी का छिडकाव करने के बाद ट्राइकोडर्मा का छिड़काव करने से फसल कटाई के उपरांत खेत में पड़े हुए अवशेष के साथ ही गहरी जुताई कर पानी भरने से फसल अवशेष खाद में परिवर्तित हो जाते है, जिससे अगली फसल के लिये मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त होंगे। भूमि को फसल अवशेष से प्राप्त होने वाले कार्बनिक तत्व जो कि मृदा में मिलकर खाद के रूप में परिवर्तित होकर फसलों को मिलती है, जिससे मृदा संगठन एवं संरचना में सुधार के साथ ही भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान के पैरे को यूरिया से उपचार कर पशुओं के सुपाच्य एवं पौष्टिक चारे के रूप में उपयोग किया जा सकता है। उप संचालक ने किसान भाईयों से अपील की है कि पराली न जलायें एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें।

## जिले में 2 से 3 दिसम्बर तक शुष्क दिवस

**धमतरी,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनों विधानसभाओं की मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को डॉ. भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रुद्री में की जायेगी। मतगणना कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने जिले में 2 एवं 3 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 उप-धारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित विधानसभा क्षेत्र में स्थित जिले की सभी देशी मदिरा दुकान/देशी मदिरा दुकान कम्पोजिट, विदेशी मदिरा दुकान, प्रीमियम शॉप, एफ.एल.3, होटल बार/एफ.4 (क) व्यवसायिक क्लब, मद्य भाण्डागार धमतरी को 2 दिसम्बर से 3 दिसम्बर तक बंद रखने के लिए आदेश जारी किया है।

# मणि कंचन केंद्र के पास तेंदुआ का डेरा

**वन विभाग के 6 कर्मचारी ड्युटी, पिंजरा लगाने वन विभाग में मांगी अनुमति**

**गरियाबंद,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में बीते 3 दिनों से तेंदुआ ने डेरा डाला हुआ। इसके चलते मुख्यालय में दहशत माहौल है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से वन विभाग ने 6 कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई है। लेकिन अब तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। तवज्जूद की बात है कि तीन दिनों से लगातार ड्यूटी के बाद भी अब तक वन कर्मियों को तेंदुआ नजर नही आया है, जब की लोगो को रोज अलग अलग जगह में तेंदुआ दिखाई दे रहा है। तेंदुआ को लेकर वन विभाग ने दो ट्रैप कैमरे भी लगाए हैं लेकिन इसमें भी अब तक तेंदुआ कैद नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि सबसे पहले तेंदुआ 2 दिन पहले रात को रावण भाटा वार्ड में एक बाउंड्री वॉल पर बैठे नजर आया था जिसके बाद से लोगों ने कब्रिस्तान और मनी कंचन केंद्र के आसपास तेंदुए को विचरण करते देखा है। लगातार तेंदुए को आसपास विचरण करते देखा लोगों में डर का माहौल बन गया है वन विभाग भी अब तक को खोजने में नाकाम रहा है। लकी वन अमले की टीम लगातार आसपास के क्षेत्र में ग्रस्त कर रही है और लोगों को सतर्क रहने के लिए समझाइए भी दे रही है। मालूम है कि शुक्रवार को गरियाबंद में साप्ताहिक बाजार लगता है। वर्तमान में साप्ताहिक बाजार कब्रिस्तान के बाजू और मनी कंचन केंद्र के सामने ही लगाया जा रहा है। साप्ताहिक बाजार के दिन भी लोगों ने मनी कंचन केंद्र के पीछे तेंदुआ देखने की बात कही है।



**वन विभाग की टीम कर रही है मुनादी, लोगों से सतर्क रहने की अपील**

तेंदुए की आमद के बाद मौका स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे वन विभाग के एसडीओ मनोज चंद्राकर ने बताया कि छोटे-मोटे शिकार के चलते तेंदुए शहर की ओर आ रहे हैं। पहले की अपेक्षा आबादी बढ़ने की वजह से उन इलाकों में भी बस्तियां बन गई हैं जहां कभी जंगल हुआ करता था। जिसके कारण जंगली जानवर अब शहर और भीड़भाड़ वाले इलाके में आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की। एसडीओ ने कहा कि वन विभाग की टीम सर्तक होकर गश्त कर रही है। उच्च अक्षरों से बात करके पिंजरा लगाने के लिए भी अनुमति मांगी गई है।

# आचार्य श्रीविद्यासागर को सिमगा आने का निवेदन



**सिमगा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि 108 आचार्य भगवन श्री विघासागर महराज से सिमगा जैन समाज ने श्रीफल भेंट कर सिमगा प्रवास करने का किया निवेदन।

आचार्य श्री विघासागर महराज चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ से नेवरा के लिए पद विहार कर रहे है । नेवरा नगर में 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पंच कल्याणक महायज्ञ का आयोजन होना है वे डोंगरगढ़ से अपने शिष्यों के साथ पद विहार करते हुए ग्राम धारा खैरागढ़ देवकर होते हुए आज राखी ग्राम में विश्राम हेतु ठहरे है । जंहा दुर्ग विधायक अरूण वोरा ने आचार्य श्री व संघस्थ मुनियों के श्री चरणों में श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया । श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समाज सिमगा के लोग प्रतिदिन आचार्य श्री विघासागर महराज के साथ पद विहार कर रहे है । उनको सिमगा लाने के लिए सिमगा जैन समाज पूरी तरह मेहनत कर रहा है । ताकि वे सिमगा नगर को अपने चरण कमल से पावन करें।

# बीईओ ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया



**सरायपाली,** 25 नवंबर( देशबंधु)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पाटसेंद्री,केदुवां शासकीय मिडिल स्कूल केदुवां, पाटसेंद्री एवं शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय केदुवां का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा कक्षों में विद्यार्थियों के उत्तरपुस्तिका का अवलोकन कर हैंडराइटिंग एवं उत्तर लिखने के तरीकों को देखा तथा सुलेख हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास देखकर काफ़ी गदगद हुए। रसोईघर पहुंचकर मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता परखी गई एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया और स्वच्छता,नियमित हाथ धुलाई आदि पर जोर दिया। विद्यार्थियों को भयमुक्त होकर परीक्षा में शामिल होने,मन लगाकर पढ़ने हेतु ,योजनाबद्ध तैयारी करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए साथ ही शिक्षकों को नियमित सीखने सिखाने को जारी रखने नवाचारी गतिविधियों का कक्षा कक्ष में इंप्लीमेंटेशन करने एवं दस्तावेजीकरण करने प्रोत्साहित किया। शास. प्राथमिक शाला केदुवां में एलईडी के माध्यम से चल रहे नवाचारी गतिविधि युक्त अध्यापन कार्य की सराहना किया गया एवं सामग्रियों के उचित/व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान प्रभावी शिक्षण हेतु शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया गया और न्यूनतम अधिगम वाले विद्यार्थियों का चिन्हांकन कर उनके जरूरतों के मुताबिक समुचित शिक्षा प्रदान करने, स्तर ऊंचा उठाने साझा प्रयत्न करने मार्गदर्शन किया और विद्यार्थियों में सीखने के प्रतिफल की संप्राप्ति हेतु फोकस करने प्रेरित किया।शास.उच्च.माध्य.विद्यालय केदुवां के प्राचार्य अरुण कुमार भोई से विद्यालय की आवश्यकता के अनुरूप व्यवस्था/प्रबंधन संबंधी आवश्यक सकारात्मक चर्चा किया गया।

# लगातार बढ़ रहे सड़क दुर्घटना के मामले

**खरोरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। 23 नवंबर को रामसिंग साहू एवं उसका दमांद गोकरन साहू अपने मोटर सायकल क्रमांक छ्त्त-11ॢत्त 3071 से आरंग गये वहा से वापस अपने घर मुडपार (संडी) आ रहे थे करीबन 11.00 बजे सुबह ग्राम खोरसी बलोदा बाजार रायपुर रोड पुलिया के पास पहुंचे ही थे की सामने से वाहन क्रमांक छ्त्त-22-ङ्ग3733 तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेट कर दिया दोनो को गंभीर चोटे आई रामसिंग साहू के सिर में एवं गोकरन साहू के बाये पेर एवं शरीर में चोट आये जिसे घायल अवस्था मे छ्र।।छ्र खरोरा लाया गया. जहाँ चिकत्सक द्वारा दोनों को चेक किया तो रामसिंग साहू को मृत होना बताया ओर गोकरन साहू को गंभीर चोट होने से डा0 द्वारा रिफर करने पर श्री कृष्णा अस्पताल खरोरा लेकर गये। जहाँ उनकी भी मृत्यु होना बताया.वहीँ उक्त वाहन चालक मौके से फरार हो गया वहीँ खरोरा पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 799/23 धारा 304 द्धश्चष के तहत मामला दर्ज किया गया.

**पिछले एक सप्ताह में 5 से ज्यादा सड़क दुर्घटना फिर दो की मौत**

## सार-संक्षेप

### फर्जी पंजीयनों पर होगा एफआईआर : कलेक्टर



**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनपद जनपद पंचायत सारंगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जिले के सभी सेवा सहकारी प्राथमिक समिति के प्रबंधक और ऑपरेटर को कहा कि फर्जी तरीके से किए गए पंजीयनो पर एफआईआर करें। शासन के नियम निर्देश अनुसार ही धान खरीदी करें। संयुक्त खाता के प्रकरणों में विवाद के निपटारे का समुचित निराकरण करें।

समीक्षा बैठक दो पाली में आयोजित किया गया। प्रथम पाली सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के समिति प्रबंधक और सभी ऑपरेटर शामिल हुए। इसी प्रकार दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक बिलाईगढ़ विकासखंड के समिति प्रबंधक और सभी ऑपरेटर इस बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, सहायक पंजीयक व्यास नारायण साहू, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विपणन अधिकारी, उपसंचालक कृषि नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक सभी खाद्य निरीक्षक सचिव, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कृषि उपज मंडी बोर्ड आदि उपस्थित थे।

# पार्टी विरोधी कार्यों में संलिप्त नेताओं को ब्लॉक कांग्रेस ने दिखाया बाहर का रास्ता

**पिथौरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। वर्तमान पार्षद देव सिंह निषाद पार्षद तरुण पांडे व कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह बग्गा (राजा बग्गा) को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के चलते किया 6 वर्षों के लिए निष्कासित! साथ ही नगर पंचायत पिथौरा के एल्डरमेन लक्ष्मीकांत सोनी को निष्कासन का प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल , कांग्रेस नेता मोहित ध्रुव, अंकित बागबाहरा के निष्कासन हेतु प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा गया!



आज उजाला पैलेस पिथौरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन सिँह दीवान की उपस्थिति में संपन्न हुई जहां हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नेताओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा रखी गई जिसके बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन सिँह दीवान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी से महत्वपूर्ण कोई भी व्यक्ति नहीं है जिन लोगों ने पार्टी के खिलाफ कार्य किया है उन्हें तत्काल 6 वर्षों के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निष्कासित करती है साथ ही श्री दीवान ने विधानसभा चुनाव में पूरी तंमयता व ईमानदारी के साथ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं व नेताओं का आभार व्यक्त किया एवं पुन: छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में सरकार बनने के लिए बधाई दी उक्त बैठक में श्री कुलवंत खानुजा जी चुनाव प्रभारी विधानसभा बसना श्री कार्तिक राम ठाकुर अध्यक्ष मंडी बोर्ड पिथौरा श्री आत्माराम यादव के अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा नरेन्द सेन सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्री मुकेश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा दिलप्रीत खनूजा जी उपाध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा श्री अरविंदर छाबड़ा जी जिला महामंत्री दिनेश नामदेव लेखराम दीवान , कनक तिवारी फिरोज खान , नंदू राजपूत , कमल साहू टेकू साहू देवनारायण तिवारी , जितेन्द्र सिन्हा जी विकास शर्मा डालेश्वर पटेल जी मनोज प्रधान पवन साहू देवराज ठाकुर काशीराम दीवान रेशम चक्रधारी महेश्वर पटेल युगल यादव सुदर्शन मुन्ना राजू सिन्हा खिरू पटेल सागर निषाद ज्योतिष अग्रवाल युगल यादव गंगाधर बरिहा विद्याधर पटेल गोपाल पांडे कौशल रोहिल्ला घनश्याम धाधी उमर हसन स्वतंत्र पांडे खेमराज साहू पीलेश्वर सेन सुकलाल बरिहा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झूठ बोलना बंद कर दो नजदीकी बढ़ जाएगी, संसार रूपी वृक्ष के चार फल, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष : पं. बृजेशमणी पांडे

**नवापारा राजिम,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। सुरभि सेवा सदन यज्ञ समिति गुरुग्राम हरियाणा के तत्वाधान में चल रहे श्रीहरिहरात्मक महायज्ञ एवं भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण जुड़ रहे हैं। यज्ञ में आहुतियां डालने से वातावरण में शुद्धता देखी जा रही है। बताया जाता है कि जहां भी यज्ञ का आयोजन होता है और कुंड में समिधा डाली जाती है। उनकी सुगंध जहां तक फैलते हैं वहां तक अदृश्य कीटाणु नष्ट हो जाते हैं और एक सकारात्मक माहौल उत्पन्न होता है। पहली बार इस तरह का यज्ञ धर्म नगरी में हो रहा है। भागवत प्रवचन कर रहे पंडित बृजेशमनी पांडे ने कृष्ण जन्म आख्यान को विस्तारित करते हुए बताया कि कृष्ण का जन्म होने के साथ ही धरती लोक में सकारात्मक माहौल उत्पन्न होने लगा। झूठ बोलना बंद कर दो नजदीकी बढ़ जाएगी। सत्य में ही परमात्मा है। संसार को जानने का पांच तरीका है यह पांच ज्ञानेंद्रिय प्रमुख है जिसमें देखकर, सुनकर, चखकर, छूकर। संसार रूपी वृक्ष के तीन जड़ है जिनमें सत, रज और तम तथा चार फल होते हैं धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। विज्ञान में बताया जाता है कि पत्तियां ही वृक्ष के लिए भोजन बनाती है। जिस पत्ती और वृक्ष से हमको प्राणवायु मिलते हैं यह हमारे लिए उपहार है। वृक्षों की अधिकता मानव जीवन के सुखी होने के महत्वपूर्ण तथ्य है। स्वस्थ शरीर के लिए यह बहुत जरूरी है इससे हमें अनेक फायदे होते हैं। 50 से ज्यादा संत यहां पहुंचे हुए हैं इन संतों से चर्चा करने पर इन्होंने बताया कि राजिम धर्म नगरी है यहां हरि और हर दोनों विद्यमान है इसलिए महायज्ञ के लिए इस स्थल का चयन किया गया है। लगातार श्रोताओं की संख्या बढ़ रही है। महायज्ञ का समापन 27 नवंबर को होगा।



# देवउठनी एकादशी व्रत पर कार्यक्रम आयोजित

**सरायपाली,** 25 नवंबर (देशबंधु)। राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर के स्वयं सेवकों द्वारा कार्तिक एकादशी देवउठनी कार्यक्रम का आयोजन जी.पी. पटेल प्राचार्य के मार्गदर्शन व आर.के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में हुआ । सर्वप्रथम जी.पी. पटेल प्राचार्य द्वारा तुलसीपूजन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । ततपश्चात कु. प्रीति साहू दल नायिका, शशि बरिहा, रीतू पटेल, किरण चौधरी, कुशल पटेल, रुपाली वैरागी, कुंती मैत्री, नंदकुमार पटेल ने पूजा अर्चना किया । उपरोक्त कार्यक्रम में जे. के जायसवाल, बी.एल. साहू, एम.डी. मानिकपुरी एल. के. साहू, टी.आर. जायसवाल, सी. आर. जायसवाल . ए.के. विश्रा एफ. एस. बरिहा, शिव मैत्री उपस्थिति थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विशेष सफाई अभियान के...

को बेलिंग मशीन का अधिक उपयोग कर अधिक राजस्व अर्जित करने की सलाह दी गई। साथ ही एमआरएफ सेंटर का शहरी सेंटर के रूप में संचालित करने पर चर्चा किया गया। कलेक्टर ने बाबू सेमरा के एमआरएफ सेंटर में महिलाओं के साथ नव युवकों को भी कचरा प्रबंधन में जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही के लिए एक सफाई निरीक्षक को नोटिस देने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

# गौठानों में चारा-पानी की हो पर्याप्त व्यवस्था : कलेक्टर

**सभी जनपद सीईओ को दिए निर्देश**



**बलौदाबाजार,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। गौठानो में चारा पानी उपलब्धता नही होने की शिकायतों को कलेक्टर चंदन कुमार ने बड़ी गंभीरता से लिया है। उन्होंने आज बैठक कर सभी जनपद पंचायत सीईओ को गौठानो में पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था करने कहा है।

कलेक्टर श्री कुमार ने दो टूक कहा कि इसके लिए हम चुनाव ड्यूटी का बहाना नहीं बना सकते चुनाव के कार्यों के साथ साथ ही गौठानो के व्यवस्था संबधित मूलभूत कार्यों को करना अनिवार्य है। इसके लिए आप सभी सचिवों की रूटीन में ड्यूटी लगवाईएं। किसी भी स्थिति में गोठान के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होने पशु चिकित्सा विभाग को सभी गोठनो में जाकर पशुओ का नियमित स्वास्थ्य चेकअप करने कहा गया है। आवश्यकता पड़ने पर आप सभी गोठनो में शिविर लगाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने भी सभी जनपद सीईओ को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट करने कहा गया है। उक्त बैठक में सभी जनपद सीईओ, उपसंचालक कृषि, पशु चिकित्सा विभाग सहित पंचायत विभाग के नोडल अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कल से अखण्ड रामचरित्र मानस पाठ

**बलौदाबाजार,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। मानस संघ एवं महिला मंडली बलौदाबाजार द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखंड राम चरित्र मानस पाठ का आयोजन 26 नवम्बर से रखा गया है। कार्यक्रम 26 नवम्बर को संध्या 6 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। जिसका की समापन दूसरे दिवस 27 नवम्बर को संध्या 4 बजे होगा। आयोजन समिति के द्वारा इस अखण्ड राम चरित्रमानस पाठ कार्यक्रम में शामिल होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील श्रद्धालुजनों से की गई है।


# रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में देवउठनी मनाया



**खरोरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। तुलसी पूजन दिवस मनाकर रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में प्रथम कार्यक्रम तुलसी पूजन के रूप में आयोजित हुई. इस कार्यक्रम में सत्य प्रवाह शिक्षा समिति रायपुर के लोगों ने सहभागिता निभाई. मौके पर विद्यालय प्रांगण में तुलसी पूजन के साथ वंदना, आरती के साथ भारत संस्कृति, योग आदि का प्रभाव एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आने वाले जीवन को स्वस्थ एवं ज्ञान से परिपूर्ण करने के लिए तुलसी का सेवन एवं तुलसी का पूजन करने का संकल्प दोहराया. कार्यक्रम में रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के संस्थापक राघवेंद्र गोस्वामी उपस्थित रहे. विद्यालय परिवार में इस कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु प्रधानाध्यापिका वैशाली गुप्ता ने संस्था को धन्यवाद ज्ञापन की. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थी के मानसिक शारीरिक एवं आध्यात्मिक संतुलन कायम रहता है एवं अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु आगे ठोस कदम बढ़ाने में सफल हो पाते हैं. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही. जिसमें स्वाति, ममता भारद्वाज, निधि वर्मा, दीपा देवांगन, पिंकी पटेल शामिल रहीं।

## निधन

### चित्रा राव



**रायपुर,** 25 नवंबर। पार्थवी पॉविंस कॉलोनी सरोना निवासी श्रीमति चित्रा राव (उम्र 46) का आज आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. अनिल राव की पत्नी थी, और सोना राव की भाभी एवं ऐश्वर्य राव, पीयूष राव की माता थी।

### शबीना बेगम



**पलारी,** 25 नवंबर। पलारी वार्ड क्रमांक-8 पलारी निवासी शबीना बेगम की आज आकस्मिक इंतकाल हो गया है। उन्हें आज 26 नवम्बर समय सुबह 10 बजे पलारी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जायेगा। वह शेख मोहम्मद नेपाली की धर्मपत्नी थी।

# मतदान कर्मियों के मानदेय भुगतान पर कर्मचारियों में असंतोष

**कोण्डागांव,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 जिला कोंडागांव मतदान कर्मियों के अपेक्षाकृत कम मानदेय भुगतान एवं निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर कर्मचारियों एवं अधिकारियों में असंतोष व्याप्त है क्योंकि मतदान दल में कार्य करने वाले पीठासीन अधिकारी को रूपये 850 एवं मतदान अधिकारियों को मानदेय रूपये 650 मात्र का ऑनलाईन भुगतान किया गया है, जो कि विगत लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन के मानदेय से कम भुगतान किया गया है। जबकि छत्तीसगढ़ शासन, विधि एवं विधायी (निर्वा.) कार्य विभाग द्वारा जारी प्रशासकीय आदेश क्रमांक 01ध01ध्बजटध2014ध9109 रायपुर दिनांक 26ध03ध2014 के तहत मानदेय भुगतान राशि में परिवर्तन नहीं किया गया है। जो राशि भुगतान की गई है उसका समुचित ढंग से बैंक से राशि का स्थानांतरण नहीं हुआ है। जिससे कई मतदान दल को पारिश्रमिक राशि का भुगतान अभी तक नहीं हो सका है। मोर्चा के अनुसार पीठासीन अधिकारी को राशि रूपए 1550 एवं मतदान अधिकारी 1,2,3 को राशि रूपए 1150 का भुगतान किया जाना चाहिए था। रिजर्व सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दल जो सेक्टर अधिकारी के साथ एवं विकासखण्ड मुख्यालय में सहायक रिर्टनिंग अधिकारी के साथ मिलकर निर्वाचन प्रकिया में सहयोग प्रदान किए है, उन रिजर्व मतदान दल के कर्मचारियों को भी मानदेय का भुगतान करने, जिले के निर्वाचन कार्य को कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने में वाले मास्टर ट्रेंनर जो प्रशिक्षण के साथ साथ सामग्री वितरण से लेकर सामग्री जमा करने में अहम भूमिका का निर्वहन करते है, उन्हें भी मानदेय सहित टी.ए. एवं डी.ए. का भुगतान करने एवं निर्वाचान प्रक्रिया के प्रारम्भ से अंत तक सेवा प्रदान करने वाले तथा सामग्री वितरण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी मानदेय का



- जिला निर्वाचन अधिकारी व छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से होगा पत्राचार
- छग कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा की बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया सुधार हेतु आए सुझाव

भुगतान करने की मांग की गई है।

अगामी निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार के संबंध में निर्वाचन कार्य सम्पादित करने वाले मतदान कर्मियों को विकासखण्ड वार प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की करने विधानसभावार सामग्री वितरण एवं संग्रहण की व्यवस्था करने, निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान का समय क्षेत्र के परिस्थितियों (संवेदनशील या असंवेदनशील) के आधार पर पर निर्धारित किया जाता है। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी मतदान केन्द्र में 600 से अधिक मतदाता होने की स्थिति में दो मतदान केन्द्र की बनाने, 55 वर्ष से अधिक आयुवर्ग, दिव्यांग व गंभीर बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों के प्रति संवेदना रखते हुए सामान्य परीक्षण एवं उनके प्रमाण पत्र एवं मेडिकल रिर्पोट के आधार पर निर्वाचन कार्य से मुक्त करने, मतदान दल गठन प्रक्रिया में वरिष्ठता को आधार मानकर पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों की नियुक्ति करने, सामग्री वितरण एवं संग्रहण केन्द्र की दूरी के आधार पर अन्य विकासखण्ड से आने वाले मतदान कर्मियों के लिए वाहन की व्यवस्था, सामग्री वापसी प्रक्रिया का सरलीकरण करने की मांग करने, फारेस्ट विभाग के वनपाल एवं उप वनपाल लोकनिर्माण विभाग में कार्यरत गैंग श्रमिक को पारिश्रमिक भुगतान करने पर सहमति बनी। बैठक में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल, जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, आत्माराम तलवार, एस.के.अतारे, रामचन्द्र सोमवंशी, शिवराज सिंह ठाकुर, के.आर.पवार, चमनलाल वर्मा, ए.आर.सोनपिपरे, श्रीनिवास नायडू, बलराम निषाद, अशोक साहू, सुखराम मरकाम, निराकार सिंह ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एकादशी पर श्री नारायण मंदिर में विशेष पूजा



**दंतेवाड़ा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली का पर्व अब अंतिम पड़ाव की ओर है। धनतेरस से प्रारंभ हुआ यह पर्व देव दीवाली पर पूर्ण होता है। देव दीवाली इस बार दो दिन है। 26 और 27 नवंबर को पूर्णिमा तिथि दो दिन पड़ने की वजह से ऐसा हुआ है।

दीवाली के बाद तुलसी विवाह यानि एकादशी का पर्व भी उत्साह पूर्वक मनाया गया। इसे छोटी दीवाली भी कहते हैं। यह देव उठनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन देवता योग निद्रा से जागते हैं। इस बार करीब 5 महीने के बाद देवताओं का जागरण का यह पर्व आया। जुलाई में देव शयनी एकादशी पर देवता श्री हरिनारायण योग निद्रा पर चले गए और इस बार देव उठनी एकादशी पर उनके जागरण का पर्व था। तुलसी विवाह पर मंदिर से लेकर घर आंगन में तुलसी पूजा हुई, आतिशबाजी हुई। इस पर्व के साथ ही मांगलिक रस्मों की शुरूआत हो जाती है। शुभ कार्य के लिए लंबे समय से लोग तुलसी पूजा का इंतजार कर रहे थे। विशेष कर 30 नवंबर तक विवाह के काफी मुहूर्त हैं।

- आज देव दीपावली पर होगा दीप दान
- मंदिर से लेकर घर आंगन तक हुई तुलसी पूजा

देव उठनी एकादशी पर दंतेवाड़ा स्थित एक मात्र नारायण मंदिर में धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने यहां दीप प्रज्वलित किया और भगवान विष्णु लक्ष्मी नारायण की पूजा की। दीयों की लंबी कतार से ओम तथा स्वास्तिक की आकृति बनायी गई थी। इधर 26 और 27 नवंबर को देव दीपावली का पर्व भी मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। इस दिन कार्तिक स्नान और दीप दान की भी परम्परा रही है। दंतेवाड़ा के शंखनी-डंकनी नदियों में कार्तिक स्नान के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे।

# विनोद ने अरूण साव को दी जन्मदिन की बधाई



**दंतेवाड़ा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव का आज जन्म दिन था। दंतेवाड़ा में साहू समाज के प्रमुख पदाधिकारी और भाजपा नेता विनोद साहू ने लोरमी विधानसभा पहुंच कर श्री साव को जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। श्री साहू ने श्री साव के यशस्वी जीवन तथा दीर्घायु होने की कामना की।

# रेल हादसे में घायल दोनों बच्चियां अब स्वस्थ

**दंतेवाड़ा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। पखवाड़े भर पहले जिले के भांसी मासापारा के दो बच्चे पटरी पार करते हुए रेल की चपेट में आ गए जिससे, दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों बच्चों को ईलाज हेतु बचेली अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा बचेली पहुँच दोनों बच्चों से मुलाकात की थी एवं बच्चों के बेहतर उपचार हेतु डॉ. हक के सहयोग से दोनों बच्चों को रायपुर भी रिफर कराया था। पखवाड़े भर में बेहतर ईलाज के बाद डेढ़ वर्षीय कुमारी वंशिका स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुकी हैं, वहीं एक बच्ची चार वर्षीय दिशा अब पहले से बेहतर स्थिति में आ चुकी है। जानकारी देते हुए जिपं अध्यक्ष तुलिका ने बताया कि दोनों बच्चों को हमनें अपोलो प्रबंधन के सहयोग से रायपुर रिफर कराया। जहां बड़े डॉक्टरों की टीम द्वारा दोनों बच्चों का बेहतर उपचार हो सका। उन्होंने कहा कि रायपुर में दोनों बच्चों के परिवार से वो लगातार संपर्क में रही। बच्चों को बेहतर उपचार दिलाने डॉक्टरों की टीम के साथ बातचीत होती रही। वहीं दोनों बच्चों के परिजनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार मानते हुए कहा कि तुलिका कर्मा के कहने पर ही हम लोग रायपुर जाने का साहस जुटा पाए। उनके सहयोग से ही आज हमारी एक बच्ची पूरी तरह स्वस्थ होकर गाँव लौट चुकी है, जल्द ही दूसरी बच्ची भी स्वस्थ होगी। परिजनों ने कहा बचेली अपोलो अस्पताल के डॉ. हक समेत सभी स्टाफ का आभार जिन्होंने हमारी मदद की।

- जिपं अध्यक्ष तुलिका के प्रयास से रायपुर में हुआ बेहतर उपचार
- परिजनों ने माना तुलिका व अपोलो प्रबंधन का आभार

# महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस



**कोण्डागांव,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। गुंडाधूर स्नातक महाविद्यालय कोंडागांव में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने संविधान को लेकर विस्तृत व्याख्यान दिया, व्याख्यान के बाद विद्यालयों छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ.सी.आर.पटेल शासकीय गुंडाधुर महाविद्यालय कोंडागांव, राजनीति विज्ञान सहा.प्राध्यापक अर्जुन सिंह नेताम और हिंदी सहा. प्राध्यापक सिहनू लांबा सहित विद्याल यिन कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### देवउठनी एकादशी पर आकर्षक रंगोली बनाई गई



**खरोरा,** 25 नवंबर। दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी का इंतजार सभी को रहता है क्योंकि देवी देवताओं के जागरण के साथ ही सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। देवउठनी धूमधाम से मनाया गया , देवउठनी एकादशी दीपावली के 11 दिन के बाद मनाई जाती है। घर के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई गई।

### राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईटीपीबीएस की बैठक संपन्न

**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सारंगढ़ के एनआईसी कक्ष में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने ईटीपीबीएस की बैठक ली।बैठक में उप डाकपाल सारंगढ़, 4 राजनीतिक दलों के और निर्दलीय प्रत्याशी के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन मतगणना दिनांक 3 दिसंबर 2023 को सुबह 7ः30 बजे तक सभी प्रत्याशियों और उनके एजेंट को अपने आईडी के साथ मतगणना केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। डाक मत पत्र (ईटीपीबीएस) के अंतर्गत जिले और विधानसभा के ऐसे मतदाता आते हैं, जो भारत के सेवा क्षेत्र में शामिल हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी सहित मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, अविनाश सिदार उपस्थित थे।



# मेले से लौटी थी युवती, अनाचार के बाद हत्या



**दंतेवाड़ा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के गीदम थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़ातरई गांव में एक युवती के साथ अनाचार के बाद पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। इस मामले में चार दिन बाद भी आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। इस मामले में भाजपा महिला मोर्चा ने जांच टीम भी गठित की थी और घटना स्थल का मुआयना कर परिजनों से भेंट की थी। भाजपा प्रदेश महामंत्री ओजस्वी मंडावी ने इस घटना की निंदा की और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

- आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर
- परिजनों से मिलने पहुंची भाजपा की जांच टीम
- शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

इस संबंध में जानकारी मिली है कि मृतक युवती मेला गई हुई थी और सुबह लौटकर आ रही थी, इसी दौरान उसके साथ अनाचार हुआ। अनाचार के बाद पहले गला घोटा गया और फिर पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई। यह घटना महिला के घर से केवल डेढ़ सौ मीटर दूरी पर हुई। पुलिस का कहना है कि मृतक युवती मोबाइल भी रखती थी, लेकिन घटना के बाद से उसका मोबाइल गायब है। ऐसा माना जा रहा है कि आरोपी ने मोबाइल को गायब कर दिया है। महिला के नंबर के आधार पर कॉल डिटेल निकाली जा रही है। हत्या से पहले युवती ने जिन लोगों से बात की है, उनसे भी पूछताछ की गई है। अब तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस हर नजरिये से मामले की जांच कर रही है। मृतक युवती की दो बहन और एक भाई है। एक बहन बस्तर फाइटर, एक डीआरजी और बतौर होमगार्ड पुलिस की सेवा कर रहे हैं। पुलिस इन सभी से भी पूछताछ कर रही है।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में जिले के समस्त तहसीलदारों की बैठक ली गई



**कोण्डागांव,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। 25 नवम्बर 2023 को नेशनल लोक अदालत के संबंध में जिला कोण्डागांव के समस्त तहसीलदारों का बैठाक लिया गया।

25 नवम्बर 2023 को उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव के मार्गदर्शन में श्रीनारायण सिंह प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव, श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव के न्याय सदन में जिला कोण्डागांव के समस्त तहसीलदारों के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसमें आगामी 16 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा करते हुए जिला कोण्डागांव के तहसीलों में लंबित राजस्व प्रकरणों को नेशलन लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में रख कर निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया।

# बरडीह में देवउठनी पर्व मनाया गया



**खरोरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शास प्राथ: शाला बरडीह एवं शास: पूर्व की शाला बरडीह में आज बच्चों की देवउठनी एकादशी पर्व की कथा सुनाया गया। माता तुलसी और भगवान शालिग राम के विवाह अवसर पर बच्चे एवं शिक्षक मिलकर पूजा का कार्य संपन्न किया। बच्चों ने इस अवसर पर ओम जय जगदीश हरे भजन क गायन किया। शाला में बच्चों का उत्साह व उल्लास की वातावरण देखने लायक था । बच्चों ने त्यौहार की बडा आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्री एम. एल वर्मा ने की किया। कार्यक्रम में शिक्षक व्हीपी वर्मा, श्रीमती एच के साहू, सी. के ध्रुव, बी. के. महिलांग सहित छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

# शा. पूमा शाला छड़िया में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजित

**खरोरा,** 25 नवंबर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया,संकुल केंद्र पचरी, विकासखंड तिल्दा नेवरा,जिला रायपुर में सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमेंआज का थीम च्गुरु नानक जयंती के प्रकाश पर्व पर चर्चाज् जानकारियां साझा की गई।छात्रा भारती,दिया वर्मा ,हिना, लिली ,तान्या, हिमेश महिलांग ,शुभम कोसले, चेतना ,राशि, साजिका, शिवम, गजेंद् आदि विद्यार्थियों के साथ प्रधान पाठक एस के देवांगन ने कहा कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष कि पूर्णिमा तिथि पर गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था।




शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने बताया गुरु नानक जी की माता का नाम तृप्ता और पिता का नाम कल्याणचंद था। गुरु नानक जी का जन्म 1469 में पंजाव प्रांत के तलवंडी में हुआ था। यह स्थान अब पाकिस्तान में है। इस स्थान को नानकाना साहिब के नाम से जाना जाता है। सिख धर्म के लोगों के लिए यह बहुत ही पवित्र स्थल है।

नानक देव जी एक संत, गुरु और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव हित में समर्पित कर दिया था। कहा जाता है कि नानक जी बचपन से ही अपना ज्यादातर समय चिंतन में बिताते थे। वे सांसारिक बातों का मोह नहीं रखते थे। सरपंच आशीष वर्मा तथा शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष हेमलाल बर्मन ने संयुक्त रूप से कहा कि गुरुनानक देव ने समाज को एकता में बांधने और जाति-पाति को मिटाने के लिए कई उपदेश दिए थे। उनकी जयंती को हर साल गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के रुप में मनाया जाता है। यह सिख धर्म में मनाया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार सजता है।

# मनोरोग की पहचान के लिए मितानिनों को प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देश पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नोडल अधिकारी डॉक्टर देश दीपक के मार्गदर्शन में मितानिन प्रशिक्षकों को मानसिक रोग की पहचान के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



नोडल अधिकारी डॉक्टर दीपक ने बताया कि जिले में कार्यरत समस्त मितानिन प्रशिक्षको स्वास्थ्य के संबंध में रोगियों की पहचान एवं उसके लक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत कल जिसके अंतर्गत विकासखंड कटेकल्याण में मितानिन प्रशिक्षकों को मानसिक रोग की पहचान एवं आत्महत्या रोकथाम के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 19 मितानिन प्रशिक्षकों ने भाग लिया। आने वाले दिनों में जिले के समस्त विकासखंड में इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मनोवैज्ञानिक ओसिन भारद्वाज, विक्रम सिंह एवं यूनिसेफ से सहयोगी के तौर पर श्रुति प्रसाद मौजूद थे।

- कटेकल्याण में 19 मितानिन शामिल
- जिले के सभी ब्लाक में होगा आयोजन

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

मम्मी- पेपर कैसा था?
बेटा- पतला सा था, सफेद रंग का।
मम्मी- मेरा मतलब है कि पेपर कैसा हुआ?
बेटा- फिफ्टी- फिफ्टी।
मम्मी- मैं समझी नहीं?
बेटा- जो पेपर में लिखा था वह मेरी समझ में नहीं आया। लेकिन मैंने जो कॉपी में लिखा है, वह जांचने वाले की समझ में नहीं आएगा।

# रायपुर एयरपोर्ट में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली, डायरेक्टर को तत्काल हटाने की मांग

## छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति ने केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को लिखा पत्र, कहा- सेन्ट्रल विजिलेंस कमीशन या सीबीआई से करवाए जांच

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति ने केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया को रायपुर एयरपोर्ट में चल रही पार्किंग की अवैध वसूली को लेकर एयरपोर्ट डायरेक्टर को तत्काल प्रभाव से हटाने मांग की है। समिति ने कहा है कि पार्किंग की अवैध वसूली के चलते आम जनता में व्यापक रोष है और किसी भी दिन अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। जन आक्रोश इतना है कि आए दिन प्रताड़ितों द्वारा ट्वीटर पर रायपुर एयरपोर्ट पर अवैध वसूली को लेकर ट्वीट किये जाते है।एयरपोर्ट अथॉरिटी रायपुर के हेंडल पर टेग किया जाता है, पर एयरपोर्ट डायरेक्टर अवैध वसूली नहीं रुकवा पाते हैं। आज तक शो कॉज नोटिस और छोटी सी पेनल्टी लगाने के अलावा ऐसी कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे अवैध वसूली रुक सके।

**निजी वाहनों से वसूली का दर -**

समिति ने पत्र में लिखा है कि निजी कार और एसयूवी के लिए 30 मिनट तक का पार्किंग शुल्क रुपए 20 निश्चित है, 30 मिनट से 2 घंटा तक के लिए यह पार्किंग शुल्क 35 रुपए निर्धारित है। परंतु 30 मिनट से कम की पार्किंग में भी रुपए 50 की वसूली रंगदारी के साथ की जाती है।ठेकेदार ने बताया कि रायपुर मे लोगों ने कमर्शियल वाहनों का निजी नंबर ले रखा है इस लिए सबसे वसूलता है रु 50/.





समिति ने पत्र में बताया कि एयरपोर्ट डायरेक्टर ने एक शिकायतकर्ता को बताया है कि कमर्शियल वाहन से पार्किंग के रु 20 के अतिरिक्त रु 30 अतिरिक्त लिए जाते है और ठेकेदार ने उन्हें बताया है कि आरटीओ से ठेकेदार ने बात की और उसे (ठेकेदार को) बताया गया कि यहाँ (रायपुर में) लोगों ने कमर्शियल गाडी का भी प्राइवेट नंबर लिया हुआ है, इस लिए ठेकेदार रु 50 की वसूली सभी वाहनों से करता है। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने स्वीकार किया कि उन्होंने भी इस प्रकार की रु 50 की वसूली को देखा है और उन्होंने इस कारण से ठेकेदार का चालान भी काटा है। समिति ने आरोप लगाया कि सब कुछ जानने के बाद भी एयरपोर्ट डायरेक्टर इस अवैध वसूली को रुकवा नहीं सके जो कि उनको प्रशसनिक रूप से असक्षम प्रमाणित करता है। अगर रायपुर में कमर्शियल वाहनों ने निजी वाहन की नंबर प्लेट लगा रखी है तो यह आरटीओ की समस्या है ना कि ठेकेदार की। समिति ने रु 50 की कुछ रसीदें भी केंद्रीय मंत्री को भेजी है।

**गोपनीय बता कर नहीं देते पार्किंग वसूली की जानकारी**–केन्द्रीय मंत्री को प्रेषित पत्र में समिति ने बताया है एक प्रकाशित समाचार के अनुसार मार्च 2023 तक वर्तमान पार्किंग ठेके के तहत डेढ़ करोड़ रुपए की अवैध वसूली हो चुकी थी। अनुबंध की शर्तों के तहत ठेकेदार को वसूली का डाटा एयरपोर्ट अथॉरिटी को जमा करना होता है। वर्तमान में पदस्थ एयरपोर्ट डायरेक्टर के द्वारा अवैध वसूली के संरक्षण की सीमा इस हद तक है कि अनुबंध के शर्त के तहत ठेकेदार द्वारा जमा किये गए पार्किंग शुल्क की जानकारी का डाटा यह कह कर आमजन को नहीं देते की पार्किंग वसूली की जानकारी गोपनीय है। इस डाटा की जांच करने से आरोपों की सत्यता उजागर हो जावेगी।

समिति के सदस्य डॉ राकेश गुप्ता ,विश्वजीत मित्रा अध्यक्ष , मंजीत कौर बल, व्यासमुनि दिवेदी, डॉ. अनिल जैन, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. विकास अग्रवाल, नॉमान अकरम, शरद शुक्ला, हेमंत बैद, अमिताभ दीक्षित ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से वर्तमान पदस्थ एयरपोर्ट डायरेक्टर को हटाकर सक्षम एयरपोर्ट डायरेक्टर को नियुक्त किया जाए। ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीगत से किए गए करोडों के भ्रष्टाचार की जांच सेंट्रल विजिलेंस एजेंसी अथवा सीबीआई से करवाई जावे।

# सीएम के सुरक्षा प्रभारी, कांग्रेस नेता के पुत्र अस्पताल में भर्ती, भूपेश बघेल देखने पहुंचे



**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुरक्षा प्रभारी प्रफुल्ल ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के बेटे रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती हैं।दोनों के स्वास्थ्य का हाल जानने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अस्पताल पहुंचे और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। भूपेश बघेल ने ट्वीटर पर ट्वीट कर लिखा, आज राजधानी रायपुर के एमएमआई अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के सुपुत्र और मेरे सुरक्षा प्रभारी प्रफुल्ल ठाकुर के स्वास्थ्य का हालचाल जाना। ईश्वर से दोनों के जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मिली जानकारी के अनुसार सुशील आनंद शुक्ला का पुत्र सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था।

### कार्तिक पूर्णिमा पर आज भूपेश लगाएंगे आस्था की डुबकी

**रायपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महादेव घाट खारुन नदी में रविवार को प्रात: 4 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पुण्य स्नान करेंगे इस दौरान छत्तीसगढ़ की खुशहाली ,समृद्धि ,शांति की मनोकामना भगवान भोलेनाथ से करेंगे। पुन्नी मेला के अवसर पर महादेव घाट में मेला लगता है. मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर विधायक विकास उपाध्याय, महापोर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे पार्षद, पूर्व पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

# राजधानी में तीन लेयर की सुरक्षा में ईवीएम मशीनें

## 200 से ज्यादा जवान तैनात, लगाए गए 32 सीसीटीवी कैमरे

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें तीन लेयर की सुरक्षा में रखी गई हैं। यहां तीन एजेंसियां निगरानी कर रही हैं। सबसे पहले सीआरपीएफके जवान तैनात हैं। उसके बाद छत्तीसगढ़ पुलिस और जिला पुलिस के जवान हैं। कुल 200 जवान तैनात हैं।इसके अलावा 32 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जहां 24 घंटे लाइव दिखाया जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार जवानों को ड्यूटी शिफ्ट में हैं। यहां जवानों के साथ फायर सेफ्टी लाइट की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग रूम में रायपुर जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों ईवीएम मशीन जमा हैं। इनमें रायपुर दक्षिण रायपुर उत्तर रायपुर पश्चिम रायपुर ग्रामीण के अलावा आरंग अभनपुर और धरसींवा विधानसभा क्षेत्र से ईवीएम मशीनें हैं। अब इन्हीं ईवीएम मशीनों से तीन दिसंबर को प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होंगे।




**राजनीतिक पार्टियों ने भी डाला डेरा**

स्ट्रांग रूम के पास ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता टेंट लगाकर 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। खास बात यह है कि निगरानी के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटी हर विधानसभा से लगी है। दिन में अभनपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की फौज है तो रात में बाकी छह विधानसभा के कार्यकर्ताओं की ड्यटी है। रात वाले अलाव और मच्छरदानी के सहारे ड्यटी कर रहे हैं। इसके अलावा यहां अन्य राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशी के अलावा उनके करीबी कभी स्ट्रांग रूम में आकर जानकारी ले रहे हैं।

**कड़ी सुरक्षा पर पहरेदारी**

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा ऐसी है कि कालेज परिसर में जैसे कोई प्रवेश करता है तो जवानों की नजर उसकी तरफबढ़ जाती है। फिर स्ट्रांग रूम के पास रजिस्ट्रार में नाम वगैरह आदि लिखना पड़ेगा। सुरक्षा को देखते हुए कई बड़े अधिकारियों की टीम 24 घंटे में किसी भी वक्त पहुंचकर जायजा भी ले रहे हैंए ताकि सुरक्षा में किसी तरह के कमी न रह जाए।

**तीन दिसंबर को 500 से अधिक जवान रहेंगे तैनात**

मतगणना तीन दिसंबर को होगी। 500 से अधिक जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी भी शुरू कर दी हैं। पार्किंग समेत सड़कों में सीसीटीवी कैमरे लगाया जाएगा। इसके अलावा सड़कों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात होंगे

*स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। बगैर पासधारी को एंट्री नहीं मिल रही हैं। जवान हर पल नजर बनाए हुए हैं।*

–**नीरज चंद्राकर,**
एडिशनल एसपी ग्रामीण

# निर्वाचन आयोग ने बनाया अभेद्य किला, फिर भी ईवीएम की निगरानी के लिए रतजगा कर रहे पार्टी कार्यकर्ता



**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन कार्यालय की तमाम सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच राजनीतिक पार्टियों ने स्ट्रांग रूम के बाहर ईवीएम की सुरक्षा के लिए पहरेदारी शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ में 90 सीटों पर चुनाव के बाद नतीजे तीन दिसंबर को आएंगे लेकिन राजनीतिक पार्टियों ने ईवीएम की निगरानी के लिए रतजगा शुरू कर दिया है। निर्वाचन कार्यालय के तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा के बाद भी राजनीतिक पार्टियों ने कार्यकर्ताओं को स्ट्रांग रूम की निगरानी की जवाबदारी सौंपी है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदेश जारी किया है। कांग्रेस पदाधिकारियों की अलग.अलग शिफ्ट में ड्यूटी भी लगाई है। कांग्रेस ने 90 विधानसभा में तीन पालियों में नौ.नौ पदाधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं भाजपा के कई प्रत्याशियों ने अपनी टीमें लगाई हैए जो कि सीसीटीवी कैमरे पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। रोजाना मिनट टूमिनट की जानकारी प्रत्याशियों को भेज रहे हैं। कांग्रेस पदाधिकारी अमर गिदवानी ने बताया कि उनकी ड्यूटी मतगणना स्थल में लगाई गई है। टीमें दिन.रात निगरानी कर रही है।

**स्ट्रांग रूम के बाहर सीआरपीएफ की मोर्चेबंदी**

निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक 33 जिलों में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम की सुरक्षा के लिए अभेद्य किला बनाया गया है। तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय पुलिस जवानों के अलावा सीआरपीएफने मोर्चा संभाला है। प्रदेश में 10 हजार से अधिक सुरक्षा जवान ईवीएम की सुरक्षा में दिन-रात ड्यूटी दे रहे हैं।

**कांग्रेस ने सुबह 10 से रात 12 बजे तक लगाया शिफ्ट**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सुबह 10 से दोपहर तीनए दोपहर तीन बजे से रात्रि नौ बजे तक व रात्रि नौ बजे से रात्रि 12 बजे तक तीन अलग.अलग पालियों में अपने पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

सभी शिफ्ट में एक महिला व दो पुरुष शामिल हैं। सभी जिलों में यह व्यवस्था लागू की गई है।

**भाजपा प्रत्याशी देख रहे फुटेज**

कांग्रेस की तर्ज पर भाजपा ने भी स्ट्रांग रूम के बाहर अपनी टीमें लगाई है। इनमें कई ऐसे प्रत्याशी हैं, जिन्होंने अपने निजी सुरक्षा कर्मी या प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को ड्यूटी में लगा दिया है। जिन सीटों पर कड़ी टक्कर हैं, वहां ज्यादा से ज्यादा निगरानी की जा रही है।

**राजिम विधायक ने लगा दी अलग से चार कर्मचारियों की ड्यूटी**

कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी और वर्तमान विधायक अमितेश शुक्ल ने एक निगरानी दल स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात कर दिया है। इनमें विधायक बंगले से आए चार लोगों की ड्यूटी अलग.अलग शिफ्ट में हैं। वे यहां खाना भी बनाते हैं और रात में बारी.बारी से जागते भी है। कर्मचारियों से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि वे तीन दिसंबर को यहां से जाएंगे।

**रायपुर व भिलाई में इंजीनियरिंग कालेज के बाहर तंबू**

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने रायपुर व भिलाई के मतगणना स्थल के बाहर तंबू लगा दिया है वहीं दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र यादव ने भी स्ट्रांग रूम के बाहर अपने दो समर्थकों को तैनात कर दिया है। इसी प्रकार राजनांदगांव के कृषि उपज मंडी के पीछे स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गोदाम के बाहर भी कांग्रेसी कार्यकर्ता डटे हुए हैं। मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

**24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी जारी**

सभी जिलों में बनाएं गए स्ट्रांग रूम से बाहर तीन स्तरीय कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है।ईवीएम की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी जारी है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कंट्रोल रूम के चेयरमेन रवि घोष ने बताया कि ईवीएम की रखवाली का ट्रेंड जैसे हो गया है। हमें एजेंसियों की सुरक्षा पर भरोसा है लेकिन कहीं भी आशंका.चूक पर नजर रखने के लिए टीमें तैनात की गई है।

# छग सिंधी अकादमी सहित कई शोधपीठ का कार्यकाल खत्म

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन ने संस्कृति और राजभाषा विभाग के अधीन आधा दर्जन आयोग, शोधपीठ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें भंग कर दिया है। मनोनित अध्यक्षों और सदस्यों का कार्यकाल 27 नवंबर को खत्म हो रहा है। इनमें साहित्य अकादमी,पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी सोध पीठ,आदिवासी लोक कला अकादमी, छग सिंधी अकादमी, कला अकादमी, श्रीकांत वर्मा पीठ शामिल है। सभी अध्यक्षों और सदस्यों को कार्यकाल समाप्त होने की सूचना भेज दी गई है।

■ **सरकार ने दुबारा नहीं बढ़ाया कार्यकाल**

संचालनालय ने 22 नवंबर को कार्यकाल वृद्धि का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा था।लेकिन सरकार ने कार्यकाल बढ़ाने में कोई रुचि नहीं दिखाई।

बताया जाता हैं कि एक भाषाई अकादमी के पदाधिकारियों से चुनाव में अपेक्षित परिणाम न मिलने को देखते हुए सरकार ने किसी का कार्यकाल बढ़ाने में रुचि नहीं दिखाई।सरकार को रिपोर्ट मिली है कि समाज का वोट भाजपा,निर्दलीय और आप पार्टी के पक्ष में गए है। इसलिए सरकार ने कार्यकाल नहीं बढ़ाया।आधा दर्जन आयोग, शोधपीठ और परिषद के अध्यक्षों और सदस्यों को 2वर्ष के लिए मनोनीत किया गया था। अध्यक्षों को एक लाख रु महीना और सदस्यों को मानदेय भत्ता दिए जाते है।

# प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के चलते आसमान में बदली छाई हुई है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण अब तक ठंड का प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है। बता दें कि जनवरी माह से कोल्ड वेल की स्थिति बनेगी।



कुछ जिलों में बारिश के आसार

मौसम विभाग एचपी चंद्रा के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बादल छाए रहेंगे। मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहा, तो वहीं न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाले सप्ताहभर तक इसी तरह के मौसम बने रहने की संभावना है। कुछ जिलों में बूंदाबांदी होने की संभावना है। वहीं 27 और 28 नवंबर को बिलासपुर संभाग के कुछ स्थानों में बारिश की संभावना भी है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार शनिवार को बस्तर संभाग के कुछ जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं। कुछ क्षेत्रों में बादल भी छाए रहेंगे। प्रदेश में मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही बना रहेगा।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल के डॉक्टर कृष्णकांत साहू और टीम ने किया कमाल


# मासूम के फेफड़े से 1.5 किलो का ट्यूमर निकालकर दी जिंदगी

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)।डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में 3 साल की बच्ची के छाती के अंदर हार्ट के पीछे स्थित एवं हार्ट से चिपके हुए 1.5 किलोग्राम के ट्यूमर (कैंसर) का सफल ऑपरेशन करके बच्ची को नई जिंदगी दी गई। मेडिकल भाषा में इस ट्यूमर को गैन्लियो न्यूरो फाइब्रोमा ऑफ लेफ्ट हीमोथोरेक्स कहा जाता है। सामान्य भाषा में इसे पोस्टीरियर मेडिस्टाइनल ट्यूमर कहा जाता है।

रायगढ़ के टुडरी गांव में रहने वाले परिवार की बच्ची जन्म के बाद पूरी तरह सामान्य थी परंतु 2 साल की उम्र होते-होते उसके चलने की क्षमता समाप्त हो गई। बच्ची अपने पैरों पर खड़ी भी नहीं हो पा रही थी। तब उन्होंने उड़ीसा के बुरला मेडिकल कॉलेज में दिखाया परंतु वहां बीमारी का पता नहीं चला। उसके बाद वे रायपुर एम्स में दिखाये जहां पर बीमारी का पता चला। इसमें बच्ची के स्पाइनल कॉड (रीढ़ की हड्डी) में ट्यूमर था जिसके कारण बच्ची के पैरों की ताकत समाप्त हो गई थी। एम्स के न्यूरोसर्जन ने मासूम के स्पाइनल कॉर्ड से ट्यूमर निकाल दिया जिससे थोड़ा बहुत बच्ची चलने लगी परंतु कुछ ही समय बाद यह ट्यूमर पूरे बायीं छाती में फैल गया और यह ट्यूमर इतना बड़ा था जिससे बच्ची ठीक से सांस नहीं ले पा रही थी। एम्स के डॉक्टरों ने ट्यूमर के फैलाव को देखते हुए यह केस अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू के पास रिफर कर दिया।

डॉ. साहू बताते हैं कि यह ट्यूमर इतना बड़ा था कि शरीर के मुख्य अंग जैसे महाधमनी, सबक्लेवियन आर्टरी , हार्ट की झिल्ली एवं लंग हाइलम् को चपेट ( invaded) में ले लिया था जिसके कारण इसको निकालना असंभव सा प्रतीत हो रहा था। डॉ. साहू बताते हैं कि उन्होंने फेफड़े एवं छाती के कैंसर के 250 से भी ज्यादा केस ऑपरेट कर चुके हैं एवं पोस्टेरियर मेडिस्टाइनल ट्यूमर के 25 से भी ज्यादा ऑपरेशन कर चुके हैं





परंतु अभी तक 3 साल की बच्ची में इतना बड़ा पोस्टेरियर मेडिस्टाइनल ट्यूमर का केस पहली बार देखा। पहले तो ऑपरेशन के लिए मना कर दिया कि यह केस ऑपरेशन के लायक नहीं है क्योंकि इसमें बच्चे के जान जाने की 90 से 95 प्रतिशत संभावना है और ऑपरेशन नहीं भी करवाते तो कैंसर बीमारी के कारण 100 प्रतिशत जान जाने की संभावना है। फिर भी 5 प्रतिशत सफलता की आशा के साथ बच्ची के माता-पिता ऑपरेशन के लिए राजी हो गए।इस ऑपरेशन को पहले एसीआई के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में करने के लिए प्लान किया गया था परंतु ट्यूमर के बहुत बड़े होने एवं मासूम की उम्र बहुत ही कम होने तथा हाई रिस्क केस होने के कारण यहाँ के एनेस्थीसिया विशेषज्ञों ने डीकेएस हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के ऑपरेशन थियेटर में ऑपरेशन की सलाह दी। डी. के. एस. सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक सर्जरी की एचओडी डॉ. शिप्रा शर्मा एवं डॉ. नितिन शर्मा से बात करके बच्चे को डीकेएस शिफ्ट कराया गया।

**ऐसे हुआ ऑपरेशन**–बच्ची के छाती के महत्वपूर्ण अंगों को बचाते हुए लगभग 1.5 किलोग्राम का ट्यूमर पूर्णत: (क्र0 Resection) निकाल दिया गया। यह ट्यूमर इतना बड़ा था कि इसको टुकड़ों में निकालना पड़ा। जिस स्पाइनल कार्ड से ट्यूमर की उत्पत्ति हुई थी वहां भी बारीकी से ट्यूमर के हर हिस्से को निकाला गया।स्पाइनल कॉर्ड को बचाते हुए ड्यूरा मेटर को भी रिपेयर किया गया जिससे स्पाइल फ्लुइड लीकेज नहीं हो सके।

**10 दिनों तक बच्ची की हालत नाजुक थी**– मरीज को चार दिनों तक वेंटीलेटर में रखना पड़ा। ऑपरेशन के बाद लगभग 10 दिनों तक बच्ची की हालत नाजुक थी। डॉ. कृष्णकांत साहू ने डी. के. एस. सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक सर्जरी एचओडी डॉ. शिप्रा शर्मा, एसोसिएट प्रो. डॉ. नितिन शर्मा एवं एनेस्थीसिया विभाग के कंसल्टेंट, रेजिडेंट एवं नर्सिंग स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन टीम वर्क के कारण ही सफल एवं संभव हो पाया। बिना पोस्ट ऑपरेटिव केयर यानी गहन देखभाल के बिना कोई भी ऑपरेशन सफल नहीं होता है इसलिए पोस्ट ऑपरेटिव केयर करने वाले सभी स्टाफ को धन्यवाद देता हूं। बच्ची को 18 दिनों बाद अस्पताल से डिस्चार्ज दे दिया गया एवं बच्ची अपने प्रथम फ़ॉलो अप में बिल्कुल स्वस्थ है। बच्ची का चलना फिरना शुरू हो गया है। यह ऑपरेशन स्वास्थ्य सहायता योजना की मदद से पूर्णत: निशुल्क हुआ।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के मैच के दौरान रायपुर स्टेडियम में समोसे-बर्गर के दाम तय



**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। नवा रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 1 दिसंबर को टी-20 मैच होने जा रहा है। रायपुर में पहली बार भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच होगा। इस मैच के लिए छत्तीगसढ़ क्रिकेट संघ ने टिकटों की कीमत के साथ खाने-पीने का भी रेट तय कर दिया है।

दरअसल, मैच के दौरान दर्शक मैच के दौरान खाने-पीने की चीजें लेकर स्टेडियम में प्रवेश नहीं कर सकते। इसलिए फूड स्टॉल स्टेडियम के अंदर लगाए जाएंगे। यहां खाने-पीने की चीजें मिल जाएगी। संघ के मुताबिक हर स्टॉल में रेट-चार्ज रहेगा। स्टेडियम में 2 समोसे 50 रुपए में मिलेंगे। 1 पेटीज 30 रुपए, दो कचौरी 40 रुपए, बर्गर-सैंडविच 50 रुपए, बिरयानी 150 रुपए और छोले-चावल 100 रुपए में मिलेंगे। दरअसल, छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने मैच आयोजन के लिए कमेटी भी बना दी गई। इसकी जिम्मेदारी संघ के अध्यक्ष जुबीन शाह को दी गई है।

**स्टूडेंट को 1000 में टिकट**

संघ के मुताबिक मैच के लिए न्यूनतम टिकट 3500 रुपए रखा गया है। मैच नवा रायपुर के परसदा में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा। वहीं, यह टिकट केवल स्टूडेंट्स को वैध आईकार्ड पर 1 हजार रुपए का मिलेगा।

**पे टीएम पर बुकिंग, लेकिन मिलेगा स्टेडियम के काउंटर पर**

मैच के टिकट आज सुबह 11 बजे से पेटीएम पर उपलब्ध होंगे। इस बार ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद रायपुर के इनडोर स्टेडियम में जाकर ऑनलाइन बुकिंग के प्रमाण दिखाने पर टिकट दिया जाएगा।

**हमारे मैदान की दूसरी सबसे बड़ी बाउंड्री, इसलिए चौके-छक्के कम**

राजधानी के स्टेडियम में क्रिकेट के ग्राउंड की बाउंड्री 84 यार्ड की है। यह देश में दूसरी नंबर का प्लेइंग ग्राउंड है। सबसे बड़ी बाउंड्री नागपुर स्टेडियम की है, जो 85 यार्ड है। बाउंड्री दूर रहने की वजह से छक्के-चौके कम लगते हैं, इसलिए माना जा रहा है कि दोनों ही टीमों के लिए बड़ा स्कोर कठिन है। हालांकि दर्शक क्षमता के मामले में रायपुर स्टेडियम देश में तीसरे नंबर पर है। यहां 65 हजार दर्शक बैठ सकते हैं। पहले नंबर पर अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम (1.32 लाख) और दूसरे नंबर पर 68 हजार दर्शकों की क्षमता कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान का है।

# सब्जियों के दामों में आई कमी, ज्यादा आवक होने से लोगों को मिली राहत



**डोंगरगढ़,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय बड़ियों में सब्जियों की आवक शुरू हो जाने के बाद से काफी हद तक इनकी कीमतों में पहले से कमी आई है लेकिन टमाटर अभी भी 30 से 35 रूपये किलो बिक रहा है आलू और प्याज की कीमतों में भी स्थिरता बनी हुई है. मिली जानकारी के मुताबिक धर्मानगरी में भी सब्जियों की मांग पहले से ज्यादा हो रही है रही है. स्थानीय बाडीयों से भी सब्जियों की आवक में काफी तेजी आयी है स्थानीय मंडी में प्रतिदिन 200 टन से अधिक सब्जियां पहुंच रही है, जिसमे प्रमुख रूप से भटा से लेकर करेला, लोकी, कुम्मडा, बरबट्टी, पत्तागोभी, कटहल, भेंडी, टमाटर, धनिया पत्ती, मिर्ची , फूलगोभी, सेमी , बरबटी सहित अन्य सब्जियां भी बहुतायत में पहुंच रही है वही देखा जाए तो आलू और प्याज , टमाटर कीमतों मे अभी भी तेजी बनी हुई है लेकिन अन्य सब्धियों की कीमतों में काफी हद तक कमी आयी है । स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि मुलताई से आलू की आवक हो रही है. नासिक से प्याज की अधिक से अधिक आवक हो रही है प्याज की कीमतों में अभी भी 60 से ?70 प्रति किलो बनी हुई है । व्यापारी राजू यादव , प्रकाश सिन्हा , लेखराज तथा समय लाल का कहना है कि स्थानिय बाडीयों के अलावा नांदगांव जिले की बाड़ियों से ही सब्जियों की सर्वाधिक आवक हो रही है महाराष्ट्र से भी कुछ सब्जियां तथा फल मंगाई जा रही है. प्याज नासिक से पहुंच रहा है. आलू मूलराई से मंगाई जा रही है. स्थानीय बाड़ियों में सब्जियों की आवक अधिक से अधिक होने के कारण लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली है ।

## सार-संक्षेप

### देवउठनी एकादशी पर आकर्षक रंगोली बनाई गई



**खरोरा,** 25 नवंबर। दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी का इंतजार सभी को रहता है क्योंकि देवी देवताओं के जागरण के साथ ही सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। देवउठनी धूमधाम से मनाया गया , देवउठनी एकादशी दीपावली के 11 दिन के बाद मनाई जाती है। घर के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई गई।

### राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईटीपीबीएस की बैठक संपन्न



**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सारंगढ़ के एनआईसी कक्ष में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने ईटीपीबीएस की बैठक ली।बैठक में उप डाकपाल सारंगढ़, 4 राजनीतिक दलों के और निर्दलीय प्रत्याशी के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन मतगणना दिनांक 3 दिसंबर 2023 को सुबह 7-30 बजे तक सभी प्रत्याशियों और उनके एजेंट को अपने आईडी के साथ मतगणना केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। डाक मत पत्र (ईटीपीबीएस) के अंतर्गत जिले और विधानसभा के ऐसे मतदाता आते हैं, जो भारत के सेवा क्षेत्र में शामिल हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी सहित मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, अविनाश सिदार उपस्थित थे।

### कमर की नस दबने का हुआ सफल इलाज



**भाटापारा,** 25 नवंबर। निपानिया के पास गांव के रहने वाले उमेश कुमार उम्र 20 वर्ष एक्सीडेंट के बाद कमर के नीचे का भाग काम करने में पूरी तरह से असमर्थ हो गया था। कमर से पैरों की ताकत बिलकुल चली गयी थी। एम आर आई से पता चला की कमर की नस दब गयी है। ऑपरेशन के बाद भी ठीक होने की संभावना नहीं दिख रही थी। भाटापारा के सदर बाजार स्थित शारदा हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपिस्ट एवं नस दर्द विशेषज्ञ डॉ सुधाकर शर्मा के द्वारा फिजियोथेरेपी के इलाज के माध्यम से 2 महीनों के अंदर पैरों के नसों में फिरसे सुधार होने लगा एवं पहले की तरह चलने में समर्थ हो पाया। डॉ सुधाकर शर्मा ने फिजियोथेरेपी के इलाज के माध्यम से पिछले 14 सालों से रायगढ़ के कई मरीजों का इलाज किया है। नस दर्द जाँच की सुविधा जो महानगरों में होती थी,वो अब भाटापारा के शारदा हॉस्पिटल मे निम्नतम शुल्क मे उपलब्ध है।

## निधन

### चित्रा राव



**रायपुर,** 25 नवंबर। पार्थवी प्रोविंस कॉलोनी सरोना निवासी श्रीमति चित्रा राव (उम्र 46) का आज आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. अनिल राव की पत्नी थी, और सोना राव की भाभी एवं ऐश्वर्य राव, पीयूष राव की माता थी।

### शबीना बेगम



**पलारी,** 25 नवंबर। पलारी वार्ड क्रमांक-8 पलारी निवासी शबीना बेगम की आज आकस्मिक इंतकाल हो गया है। उन्हें आज 26 नवम्बर समय सुबह 10 बजे पलारी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जायेगा। वह शेख मोहम्मद नेपाली की धर्मपत्नी थी।

# बरडीह में देवउठनी पर्व मनाया गया



**खरोरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शास प्राथ: शाला बरडीह एवं शास: पूर्व की शाला बरडीह में आज बच्चों की देवउठनी एकादशी पर्व की कथा सुनाया गया। माता तुलसी और भगवान शालिग राम के विवाह अवसर पर बच्चे एवं शिक्षक मिलकर पूजा का कार्य संपन्न किया। बच्चों ने इस अवसर पर ओम जय जगदीश हरे भजन क गायन किया। शाला में बच्चों का उत्साह व उल्लास की वातावरण देखने लायक था । बच्चों ने त्यौहार की बडा आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्री एम. एल वर्मा ने की किया। कार्यक्रम में शिक्षक व्हीपी वर्मा, श्रीमती एच के साहू, सी. के ध्रुव, बी. के. महिलांग सहित छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

# बिलाईगढ़ में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन

**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर(देशबंधु)। नवगठित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण अभियान में समय समय पर नसबंदी पखवाड़े का आयोजन होते रहता है इसी कड़ी में इस माह दिनांक 21 नवंबर 2023 से 4 दिसंबर 23 तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन जिले में किया जा रहा है जिसका थीम है *स्वस्थ मां ,स्वस्थ बच्चा ,जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा* नसबंदी पखवाड़ा के इस आयोजन के दो भाग है पहले भाग जो 21 नवंबर से 27 नवंबर तक रहेगी जिसमे फ्रंटलाइन कार्यकर्ता ( मितानिन एवम क्राhृ ) के द्वारा बी लक्ष्य दंपत्तियों से संपर्क कर योग्य दंपत्तियों को चिन्हांकन करना उन्हे प्रेरित करना उनके आशंका को दूर करना एवम उनका पंजीयन करना होता है इस अवधि में सभी फ्रंटलाइन वर्कर अपने अपने क्षेत्र में योग्य दंपत्तियों का चयन करेंगे और दूसरे चरण जो 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगी जिसमे पहले चरण में पंजीकृत दंपत्तियो में से पुरुष की नसबंदी चिन्हांकित सीएचसी में की जावेगी पुरुष नसबंदी में बिना चीरा ,बिना टांका के ऑपरेशन है इसमें दर्द भी नही होता खून भी नही जाता ,और कुछ ही देर में उन्हे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाती है इस ऑपरेशन में पुरुष मर्दानी शक्ति में कोई कमी नही होती न ही किसी प्रकार परेशा नी होती आज समुदाय में इस बिना चीरा पद्धति के ऑपरेशन की पहचान बन चुकी है जागरूक समझदार पुरुष अपनी नसबंदी कराना उचित समझते है इस पद्धति की प्रचार प्रसार किए जाने की आवश्यकता है जिसके जिले की सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा सास बहू सम्मेलन करके दंपत्तियों में से पुरुष को प्रेरित करेंगे साथ ही *मोर मितान मोर संगवारी* के चौपाल



लगाकर पुरुष नसबंदी को प्रोत्साहित करेंगे एवम उनके महत्व लाभ के बारे में बताएंगे महिलाओं की पंजीयन भी करेंगे यही नही बल्कि परिवार नियोजन के अस्थाई विधि के हितग्राही भी बनाते जायेंगे सभी स्वास्थ्य संस्था में कंडोम बॉक्स भी स्थापित किए गए है जहा से फ्री कंडोम की वितरण व्यवस्था रहेगी यही नही बल्कि नवदंपत्त्यो को नई पहल किट का वितरण भी करेंगे सीएचसी सारंगढ़ में प्रतिदिन पुरुष नसबंदी ऑपरेशन की व्यवस्था की गई इच्छुक व्यक्ति सीधे आकार भी सेवाए प्राप्त कर सकता है सीएचसी बिलाईगढ़ में भी ऑपरेशन व्यवस्था है लेकिन सर्जन के ट्रेनिंग के लिए दिल्ली प्रवास पर होने के कारण अभी 30 नवंबर को बिलाईगढ़ में आयोजित होगा इच्छुक दंपत्ति ( पुरुष) अपना पूर्व पंजीयन करा लेवे सीएचसी बरमकेला के हितग्राही भी अभी सीएचसी सारंगढ़ से लाभान्वित होंगे।

# गैस एजेंसी में ई केवाईसी निः शुल्क

## नहीं कराने पर सब्सिडी की समस्या हो सकती है

**पलारी** 25 नवम्बर (देशबन्धु) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार सभी कंपनियों द्वारा एल.पी जी. गैस एजेंसीयों में ई के वाई सी का कार्य जोरो से कराया जा रहा है जिसके तहत हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा श्री विष्णु एचपी गैस एजेंसी पलारी में ईकेवाईसी का कार्य भी किया जा रहा है इस संबंध में एच पी गैस एजेंसी पलारी के प्रोपराइटर ≂ भैयाराम ध्रुव एवं संचालक रवि ध्रुव मंत्रालय के आदेश पर एल. पी. जी गैस कंपनी के निर्देशानुसार श्री विष्णु एच पी के एजेंसी में एलपीजी उपभोक्ताओं को कार्यालय समय में उपस्थित होकर के वाई सी का कार्य कर सकते हैं एचपी गैस एजेंसी के सभी कनेक्शन धारीयों से आग्रह किया गया है कि स्वयं जल्द से जल्द उपस्थित होकर अंगूठे के बायोमेट्रिक से ही केवाईसी संपन्न होना है इसके लिए उपभोक्ताओं को गैसकार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक कॉपी लाना होगा यह कार्य गैस एजेंसी में नि:शुल्क हो रहा है। जल्द से जल्द सभी उपभोक्ताओं को ईकेवाईसी का कार्य समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। निकट भविष्य में यदि ई केवाईसी नहीं कराते हैं तो भविष्य में परेशानी हो सकती है कनेक्शन ब्लॉक हो सकता है जिससे की रिफिल लेने, सब्सिडी में या अन्य कुछ और भी समस्या हों सकती है।

# तेंदुआ को पकड़ने आखिर चार दिन बाद वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**गरियाबंद,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में नेशनल हाईवे से महज 20 मीटर दूर कब्रिस्तान और मणिकंचन केन्द्र के पास डेरा डाले तेन्दुआ को पकड़ने अंतत चार दिन बाद वन विभाग ने तीन अलग अलग पिंजरा अलग अलग स्थानो में लगा दिया है। इसके अलावा ट्रेप कैमरे की संख्या भी बढ़ा दी है। एक पिंजरा मणिकंचन केन्द्र के पास और दूसरा कब्रिस्तान के अंदर लगाया है। इसके साथ ही वन विभाग ने तेन्दुआ को पकड़ने रणनीति भी तैयार की है। जानकारी के मुताबिक रात में शोरगुल थमते ही तेन्दुआ को पकड़ने की कोषिष की जाएगी। रात होते ही पिंजरे में बकरी रखी जाएगी, ताकि तेंदुआ जब शिकार के लिए पिंजरे में प्रवेश करेगा तो उसी में बंद हो जाएगा। बकरी को पिंजरे के दूसरे भाग में रखा जाएगा, ताकि बकरी सही सलामत रहेगी। इसके साथ ही दोनो पिंजरो में नजर रखने वन विभाग की टीम भी तैनात की जाएगी।



**लोगों की मांग और कलेक्टर के दखल के बाद विभाग ने दिखाई रूचि**

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्लालय में बिते चार पांच दिनो से तेन्दुआ के चलते दषहत का माहौल है। वन विभाग का भी रवैया तेन्दुओ को भगाने में सुस्त रहा। शुक्रवार रात 11:30 वनकर्मियो के जाने के बाद फिर तेन्दुआ बाहर आया। इसी दौरान नगर के युवको ने उसकी वीडियो बनाकर सोषल मीडिया में वायरल कर दी। जिसके बाद से जिला मुख्यालय में फिर से तेन्दुओ को जल्द से पकड़ने और भगाने की मांग उठने लगी। ग्रामीणो के मांग और कलेक्टर के दखल के बाद अंतत वन विभाग ने शनिवार को दो पिंजरे लगा दिए है।

ज्ञात हो कि चार दिन से पिंजरा लगाने और तेन्दुआ का पकड़ने की मांग की जा रही थी, लेकिन वन विभाग गंभीर नजर नही आ रहा था। सुत्रो के मुताबिक शनिवार को कलेक्टर आकाष छिकारा की दखल के बाद वन विभाग हरकत में आया। इधर पिंजरा लगाने के साथ ही वन विभाग ने नगरवासियो को अलर्ट रहने कहा गया है। आसपास के दुकानो को खाली करवाया गया है। इसके अलावा वन अमले ने वनकर्मियो को भी तैनाती कर दी है।

# एकादशी पर श्री नारायण मंदिर में विशेष पूजा

**दंतेवाड़ा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली का पर्व अब अंतिम पड़ाव की ओर है। धनतेरस से प्रारंभ हुआ यह पर्व देव दीवाली पर पूर्ण होता है। देव दीवाली इस बार दो दिन है। 26 और 27 नवंबर को पूर्णिमा तिथि दो दिन पड़ने की वजह से ऐसा हुआ है।



दीवाली के बाद तुलसी विवाह यानि एकादशी का पर्व भी उत्साह पूर्वक मनाया गया। इसे छोटी दीवाली भी कहते हैं। यह देव उठनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन देवता योग निद्रा से जागते हैं। इस बार करीब 5 महीने के बाद देवताओं का जागरण का यह पर्व आया। जुलाई में देव शयनी एकादशी पर देवता श्री हरिनारायण योग निद्रा पर चले गए और इस बार देव उठनी एकादशी पर उनके जागरण का पर्व था। तुलसी विवाह पर मंदिर से लेकर घर आंगन में तुलसी पूजा हुई, आतिशबाजी हुई। इस पर्व के साथ ही मांगलिक रस्मों की शुरूआत हो जाती है। शुभ कार्य के लिए लंबे समय से लोग तुलसी पूजा का इंतजार कर रहे थे। विशेष कर 30 नवंबर तक विवाह के काफी मुहूर्त हैं।

- **आज देव दीपावली पर होगा दीप दान**
- **मंदिर से लेकर घर आंगन तक हुई तुलसी पूजा**

देव उठनी एकादशी पर दंतेवाड़ा स्थित एक मात्र नारायण मंदिर में धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने यहां दीप प्रज्वलित किया और भगवान विष्णु लक्ष्मी नारायण की पूजा की। दीयों की लंबी कतार से ओम तथा स्वास्तिक की आकृति बनायी गई थी। इधर 26 और 27 नवंबर को देव दीपावली का पर्व भी मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। इस दिन कार्तिक स्नान और दीप दान की भी परम्परा रही है। दंतेवाड़ा के शंखनी-डंकनी नदियों में कार्तिक स्नान के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे।

# फर्जी पंजीयनों पर होगा एफआईआर : कलेक्टर



**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनपद जनपद पंचायत सारंगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जिले के सभी सेवा सहकारी प्राथमिक समिति के प्रबंधक और ऑपरेटर को कहा कि फर्जी तरीके से किए गए पंजीयनो पर एफआईआर करें। शासन के नियम निर्देश अनुसार ही धान खरीदी करें। संयुक्त खाता के प्रकरणों में विवाद के निपटारे का समुचित निराकरण करें। समीक्षा बैठक दो पाली में आयोजित किया गया। प्रथम पाली सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के समिति प्रबंधक और सभी ऑपरेटर शामिल हुए। इसी प्रकार दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक बिलाईगढ़ विकासखंड के समिति प्रबंधक और सभी ऑपरेटर इस बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, सहायक पंजीयक व्यास नारायण साहू, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विपणन अधिकारी, उपसंचालक कृषि नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक सभी खाद्य निरीक्षक सचिव, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कृषि उपज मंडी बोर्ड आदि उपस्थित थे।

# रेल हादसे में घायल दोनों बच्चियां अब स्वस्थ

**दंतेवाड़ा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। पखवाड़े भर पहले जिले के भांसी मासापारा के दो बच्चे पटरी पार करते हुए रेल की चपेट में आ गए जिससे, दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों बच्चों को ईलाज हेतु बचेली अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा बचेली पहुँच दोनों बच्चों से मुलाकात की थी एवं बच्चों के बेहतर उपचार हेतु डॉ. हक के सहयोग से दोनों बच्चों को रायपुर भी रिफर कराया था। पखवाड़े भर में बेहतर ईलाज के बाद डेढ़ वर्षीय कुमारी वंशिका स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुकी हैं, वहीं एक बच्ची चार वर्षीय दिशा अब पहले से बेहतर स्थिति में आ चुकी है। जानकारी देते हुए जिपं अध्यक्ष तुलिका ने बताया कि दोनों बच्चों को हमनें अपोलो प्रबंधन के सहयोग से रायपुर रिफर कराया। जहां बड़े डॉक्टरों की टीम द्वारा दोनों बच्चों का बेहतर उपचार हो सका। उन्होंने कहा कि रायपुर में दोनों बच्चों के परिवार से वो लगातार संपर्क में रही। बच्चों को बेहतर उपचार दिलाने डॉक्टरों की टीम के साथ बातचीत होती रही। वहीं दोनों बच्चों के परिजनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार मानते हुए कहा कि तुलिका कर्मा के कहने पर ही हम लोग रायपुर जाने का साहस जुटा पाए। उनके सहयोग से ही आज हमारी एक बच्ची पूरी तरह स्वस्थ होकर गाँव लौट चुकी है, जल्द ही दूसरी बच्ची भी स्वस्थ होगी। परिजनों ने कहा बचेली अपोलो अस्पताल के डॉ. हक समेत सभी स्टाफ का आभार जिन्होंने हमारी मदद की।

- **जिपं अध्यक्ष तुलिका के प्रयास से रायपुर में हुआ बेहतर उपचार**
- **परिजनों ने माना तुलिका व अपोलो प्रबंधन का आभार**

# आप पार्टी को न्याय पालिका पर पूर्ण विश्वास है- सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं : विजय झा

**रायपुर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी पं विजय कुमार झा अधिवक्ता ने कहा है कि अंततोगत्वा श्री सत्येंद्र जैन जी को न केवल अंतरिम जमानत मिली है, अपितु जमानत अवधि 4 दिसंबर अर्थात मतगणना के दूसरे दिन तक बढ़ा दिया गया है। श्री झा का आरोप है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार लगातार दिल्ली की यशस्वी मुख्यमंत्री के क्रियाकलापों पर बाधा उत्पन्न कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के अनेक निर्णय है कि राष्टपति द्वारा नियुक्त राज्यपाल निर्वाचित मुख्यमंत्री व उसकी सरकार को रोक टोक या हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। किंतु लगातार यह जारी है। श्री सत्येंद्र जैन को प्रदत्त अंतरिम जमानत अंतत: स्थाई जमानत के रूप में बदलेगा यह विश्वास है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा, प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंदी आदि ने न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए मतगणना के दूसरे दिन अप्रत्याशित रिजल्ट आने तथा भाजपा के कृतित्व व परिस्थिति स्पष्ट हो जाने की अपेक्षा की है। इसी प्रकार न्याय के सर्वोच्च मंदिर सुप्रीम कोर्ट द्वारा श्री मनीष सिसोदिया के प्रकरण में सुनवाई के दौरान ईडी को चेताया है,की दस्तावेज प्रमाण तत्काल प्रस्तुत करें, अन्यथा आरोपी को जमानत का अधिकार प्राप्त हो जावेगा। ऐसा विश्वास है कि विधानसभा चुनाव के बाद श्री मनीष सिसोदिया जी को भी जमानत असफल एफआईआर,असफल ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग वैसे ही स्पष्ट होगा, जैसे प्रतिपक्ष के नेता के रूप में पूर्व में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आरोप लगाया करते थे।

# परिंदा भी न मार पाए पर, ऐसी होगी क्रिकेट टीमों की अभेद सुरक्षा




**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दो आईजी, 3 डीआईजी, 8 एसपी, 16 एएसपी, 30 डीएसपी और 80 टीआई स्तर के अफसरों को तैनात किया गया हैं। रायपुर अगले महीने के पहले हफ्ते में रायपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट का मुकाबला खेला जाना है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी.20 फॉर्मेट का यह चौथा मैच दुनिया के चौथे भारत के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम शहीद वीर नारायण इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस साल इस स्टेडियम में यह दूसरा अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला होगा। साल 2023 के शुरुआत यानी जनवरी महीने में इसी मैदान पर भारत और न्यूजीलैंड की भिड़ंत हुई थी। बात करें एयरपोर्ट से होटल और मैदान पहुँचने तक क्रिकेट टीम के खिलाड़ी और स्टाफकी सुरक्षा की तो वह अभेद होगी। सुरक्षा का जिम्मा सम्हाल रहे रायपुर आईजी रतनलाल डांगी आज अपनी पूरी टीम के साथ स्टेडियम पहुँच थे। यहाँ उन्होंने टीमों के रुट और रुकने की जानकारी ली। आईजी डांगी ने अफसरों से लोगों को सुलभ पार्किंग व्यवस्था और जाम की स्थिति निर्मित नही होने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम में ही सभी पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर मैच के दौरान समेत दोनो टीमों के खिलाड़ियों के होटल और होटल से मैदान तक लाने ले जाने के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के प्लान पर चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। आईजी डांगी ने साफ़ किया कि सुरक्षा में जरा सी भी लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस

### इंटरनेशनल स्टेडियम पहुंचे आईजी डांगी

पूरे मुकाबले को लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस पूरी तरह गंभीर है। अभेद सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दो आईजी, 3 डीआईजी, 8 एसपी, 16 एएसपी, 30 डीएसपी और 80 टीआई स्तर के अफसरों को तैनात किया गया हैं। इस पूरे टीम को आईजी रतनलाल डांगी लीड करेंगे।

**28 नवंबर से छात्रों को इंडोर स्टेडियम से मिलेगा ऑफलाइन टिकट :** नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 1 दिसंबर को होने वाले भारत. ऑस्ट्रेलिया टी 20 मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह देखा रहा है। शुक्रवार को पेटीएम में बुकिंग शुरू होने पर शाम तक जनरल टिकट आधे से अधिक बुक हो गए। वहीं छात्रों को 28 नवंबर से इंडोर स्टेडियम में सुबह 11 बजे से टिकट मिलना शुरु हो जाएगा। क्रिकेटप्रेमी पेटीएम और पेटीएम इनसाडर ऐप के माध्यम से अपनी टिकट ऑनलाइन बुक करा रहे है। एक परिचय पत्र से चार टिकट बुक करा सकते है। दर्शक अपने फिजिकल टिकट इंडोर स्टेडियम से ले सकेंगे। छात्रों को केवल ऑफलाइन टिकट बेचा जाएगा। 28 नवंबर से छात्रों को इंडोर स्टेडियम में सुबह 11 बजे से टिकट मिलने शुरू होंगे। परिचय पत्र दिखाने पर छात्र 1000 रुपए में टिकट खरीद सकेंगे। एक परिचय पत्र पर एक टिकट ही खरीद सकेंगे। जनरल कैटेगरी की अपर लेवल में 1300 सीटों का कोटा छात्रों के लिए निर्धारित है। पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर छात्रों को टिकट मिलेगा।

# ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के जयराम कॉम्पलेक्स स्थित पदमावती ज्वेलरी शॉप में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता पाई है वहीं एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है प्रार्थी भावेश जैन ने थाना मौदहापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि जयराम कॉम्पलेक्स में पदमावती ज्वेलरी इम्युटेशन ज्वेलरी के नाम से दुकान संचालित करता है 9 नवंबर को रात्रि अपनी ज्वेलरी दुकान बंद कर घर चला गया था 10 नवंबर को सुबह दुकान खोलने पर पूरा सामान बिखरा मिला सामान चेक करने पर पाया कि गल्ले में रखा नगदी रकम एवं दुकान में रखा इम्युटेशन ज्वेलरी और मोबाइल फोन नहीं था अज्ञात चोर ने दुकान के विन्डो एसी का ग्रील काटकर दुकान अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी को अंजाम दिया था प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया मामले की जांच में जुटी पुलिस टीम को आरोपी भाठागांव टिकरापारा निवासी राधेश्याम नाग की जानकारी मिली जिसे पकड़कर पूछताछ की गई आरोपी राधेश्याम नाग ने अपने साथी अम्बिकापुर निवासी अकरम अंसारी के साथ मिलकर चोरी को अंजाम देना स्वीकार किया आरोपी राधेश्याम नाग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 30,000 रुपए कीमत की आर्टिफिशियल ज्वेलरी जब्त किया गया प्रकरण में फरार आरोपी अकरम अंसारी की पतासाजी की जा रही है।

### एक आरोपी की तलाश जारी

## युवक की बाइक चोरी

रायपुर, 25 नवंबर (देशबन्धु)। चोरों ने घर के सामने से रात में युवक की बाइक चोरी कर ली। राजधानी रायपुर में बाइक चोरों का आतंक लगातार जारी है। चोरों ने इस बार रायपुर के कबीर नगर के एक युवक की बाइक को निशाना बनाया है। चोरों ने घर के सामने से रात में युवक की बाइक चोरी कर ली। ये पूरा मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित बिमलेश कुमार सिंह ने एफआईआर दर्ज करवाया हैं

## युवक से बाइक सवार ने छीना मोबाइल

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। घटना के बाद युवक ने गंज थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराया है। राजधानी रायपुर में मुंबई से आए युवक का बाइक सवार ने मोबाइल छीन लिया। ये घटना रायपुर रेलवे स्टेशन के पास एक होटल के नीचे हुई है। इस घटना के बाद युवक ने गंज थाने में जाकर एफआईआरदर्ज कराया है। अजय समदडिया ने गंज थाना पुलिस को बताया कि वह मुंबई का रहने वाला हैं।

# महर्षि दयानंद निर्वाण दिवस आज मनाया जाएगा

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। वैदिक सत्संग समिति एवं पतंजलि के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन हॉल में रविवार को प्रातरू 10 बजे बजे महर्षि दयानंद निर्वाण दिवस मनाया जायेगा। विश्व प्रसिद्ध आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री विशेष उद्बोधन देने दिल्ली से आ रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश दुबे ने बताया वर्तमान समय में हम सभी सनातन धर्म पर हो रहे वार से दुखी हैं। समस्त हिंदू समाज को संगठित होकर सनातन धर्म की गरिमा को पुनरू स्थापित करना होगा। सनातन धर्म का मूल चार वेद है महर्षि दयानंद ने वेदों को सत्य विद्याओं का पुस्तक बताया है।

# रियल स्टेट कारोबारी के घर चोरी



**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कोतवाली थाना क्षेत्र के शैलेंद्र नगर स्थित सूने मकान में बाप.बेटे ने ताला तोड़कर लाखों की चोरी की। चोरी के कुछ पैसों की एफडी भी करवा दी। पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी सुनील सोना उर्फबिलवा और संजय चौहान फरार हैं। पुलिस ने बिलवा के बेटे सूरज सोना, पत्नी पूनम सोना और संजय की पत्नी पूजा कुम्हार को गिरफ्तार किया है। फरार आरोपी पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुके है। नरेंद्र कुमार जैन ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शैलेंद्र नगर में रहता है। उसका रियल स्टेट का कारोबार है। 14 नवंबर को शाम चार बजे के करीब वह अपने परिवार के साथ पिकनिक के लिए रायपुर से बाहर गया हुआ था। दो दिन बाद लौटा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। पुलिस को सूचना दी गई। चोरी की वारदात होने के बाद रायपुर क्राइम ब्रांच और कोतवाली पुलिस की टीम ने जांच शुरू कीतकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की मौजूदगी बलांगीर ओडिशा में पाई गई। आरोपी सुनील सोना उर्फबिलवा के बेटे सूरज सोना को गिरफ्तार किया। सूरज ने बताया कि उसने अपने पिता सुनील सोनी और कबीर नगर के रहने वाले संजय चौहान के साथ मिलकर चोरी की। पुलिस को सूरज ने पूछताछ में बताया कि उसकी मां पूनम सोना ने चोरी के पैसों से एक लाख की बैंक में एफडी करवा दी है। पुलिस ने इस मामले में चोरों के कब्जे से चोरी की नकदी रकम एक लाख 65 हजार रुपये 522 ग्राम सोने के जेवरात और तीन किलो 341 ग्राम चांदी के जेवरात तथा बैंक खाते में चोरी के जमा रकम एक लाख रुपये समेत 35 लाख 78 हजार को जब्त किया है।

### मां के नाम करवाई एफडी

**ओडिशा में गलवाया सोना:** सुनील सोना उर्फबिलवा और संजय चौहान चोरी करने के दूसरे दिन सूरज सोना के साथ ओडिशा निकले। तीनों चोरी की कुछ नकदी रकम व सोना.चांदी के जेवरात को लेकर ट्रेन से ओडिशा चले गए। ओडिशा पहुंचकर तीनों चोरी की सोने के जेवरातों को बगुमुंडा निवासी सोनार मोहन सराफके पास ले जाकर गलावा दिए और गला हुआ सोना को वापस ले आए।

# बांग्लादेश से आकर राजधानी में की 21 लाख की चोरी



**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। माना थाना क्षेत्र के सिद्धी विनायक कालोनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह की दो महिला आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं मुख्य आरोपी फरार है। पुलिस उनकी तलाश में है। फरार आरोपी मूलत: बांग्लादेश के रहने वाले हैं। आरोपी अबु तालेब, असलम शेख फरार है। इनकी पत्नी फातिमा बीबी और यास्मीन बीबी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी माना क्षेत्र में किराए के मकान में रूके थे। मौका देखकर चोरी की वारदात की। और यहां से फरार हो गए। महिला आरोपी को पश्चिम बंगाल के जिला दक्षिण 24 परगना स्थित ग्राम बांसरा से गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से चोरी की नकदी रकम तीन खाल 50 हजार और चांदी की दो जोड़ी पायलए ट्राली बैग और घटना में प्रयुक्त दो नग मोबाइल फोन जब्त किया गया है। फरार आरोपी सोने.चांदी के जेवर और नकदी अपने पास रखे हैं।

प्रार्थी सुरेन्द्र साहू ने थाना माना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वे सिद्धी विनायक कालोनी माना कैंप में रहता है। जमीन खरीदी.बिक्री का काम करता है। 17 नवंबर को वह घर में ताला लगाकर अपनी पत्नि व पुत्री के साथ घुमने गया था। शाम को वापस घर आकर देखे तो बेडरूम का दरवाजा खुला हुआ था सामान जमीन पर बिखरा हुआ था। बेडरूम के खिड़की का राड भी टूटा हुआ था। वहीं से चोर अंदर प्रवेश किए और वारदात कर फरार हो गए। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साईबर यूनिटऔर थाना माना पुलिस की संयुक्त टीम को पश्चिम बंगाल के जिला दक्षिण 24 परगना रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा ग्राम बांसरा पहुंच कर आरोपियों की पतासाजी करते हुए प्रकरण में संलिप्त महिला आरोपी यास्मीन बीबी एवं फातिमा बीबी को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों महिला आरोपी द्वारा अबु तालेब मोल्ला और असलम शेख के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया।

### दो महिला गिरफ्तार मुख्य आरोपी की तलाश

### बांग्लादेशी चोरों का यह है तरीका

बांग्लादेशी चोर भारत में जैसे तैसे प्रवेश करते हैं। इसके बाद वह दूसरे शहर में जाते हैं। वहां महिलाओं से दोस्ती करते हैं। उन्हें शादी का झांसा देते हैं। दिखावे के लिए शादी भी कर लेते हैं। इसके बाद अलग.अलग राज्यों में जाते हैं। वहां फिर किराए के मकान में रहते हैं। क्षेत्र में फेरीवाला बनकर घूमते हैं। इसके बाद मौका पाकर चोरी की वारदात करते हैं।

इस केस में भी ऐसा ही किया गया। 12 नवंबर को वह माना क्षेत्र में आकर किए के मकान में रूके। 17 को वारदात कर फरार हो गए। मकान मालिक किराया नामा तक थाने में नहीं दे सका।

# जांच उपकरणों और चिकित्सकों की कमी से लोगों को चाहिए मुक्ति

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में तीन दिसंबर को नई सरकार की दिशा.दशा और तय होगी। ऐसे में एक बार फिर नए सिरे से लोगों में सुलभ और सस्ती चिकित्सा सुविधा की उम्मीद जगी है। जानकारों का कहना है कि अब अस्पतालों में जांच उपकरण और चिकित्सकों की कमी से छुटकारा मिलना चाहिए। पिछली सरकारों में भी प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ी हैं मगर व्यवस्थाओं की तस्वीर अभी भी उजली नहीं हो पाई है। अभी भी विकासखंड और जिला अस्पताल में सभी रोगों के लिए समुचित चिकित्सक और रोगों के इलाज के लिए समुचित उपकरणों की व्यवस्था नहीं हो पाती है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाते हुए सरकार ने अस्पतालों की संख्या तो बढ़ाया मगर यहां चिकित्सक नियुक्त नहीं कर पाए। हालांकि पिछले पांच वर्षों की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में चिकित्सकों. स्वास्थ्य कर्मियों की बड़ी संख्या में भर्ती हुई है। काफी हद तक विशेषज्ञों को नियुक्त भी किया गया है मगर अभी भी चिकित्सा कर्मियों की कमी से इलाज प्रभावित हो रहा है। गांवों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भवनए बेडए कुर्सियां तो मिल रही हैं मगर चिकित्सक नहीं होने के कारण उन्हें शहरों तक आना पड़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ के मानक के अनुसार छत्तीसगढ़ में सेटअप से 15 गुना ज्यादा चिकित्सकों की जरूरत है। प्रदेश के शासकीय मेडिकल व नर्सिंग कालेजों में स्वास्थ्य कर्मियों के 5,699 पद खाली हैं। प्रदेश के मेडिकल कालेजए अस्पताल समेत 23 शासकीय संस्थानों में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के 3ए047 पद भरने की स्वीकृति है मगर इन्हें अभी तक भरा नहीं जा सका है। इसी तरह अन्य पद भी खाली हैं।

### नई सरकार से सुविधा बढ़ाने की दरकार

**इस तरह हो रही है परेशानी लगानी पड़ रही है दौड़:** बस्तर के अस्पतालों में चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी के कारण इलाज के लिए रायपुर विशाखापट्नम या हैदराबाद जाना पड़ता है।

**आए दिन मशीन खराब की शिकायत :** राजधानी के डा भीमराव अंबेडकर अस्पताल में ही आए दिन डायग्नोस्टिक सुविधाओं का बुरा हाल रहता है। एमआरआइ, एक्सरे, सोनोग्राफी,सीबीसी की अधिकांश मशीनें या तो खराब हो जाती है। फिर मेंटनेंस नहीं हो पाता।

# राजधानी में कुत्तों का आंतक जारी



**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के मेडिकल कालेज में पदस्थ एक डाक्टर को कुत्तों ने नोचकर घायल कर दिया। मेडिकल कालेज के पैथोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा अरविंद नेरल किसी काम को लेकर शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे कटोरा तालाब गए थे। स्वप्निल नर्सिंग होम्स के सामने चारपहिया वाहन से उतरकर आगे बढ़ते ही चार.पांच कुत्तों ने उन्हें घेर लिया। वे कुछ समझतेए संभलते इसके पहले कुत्तों ने पैरों में काटना शुरू कर दिया। डा अरविंद नेरल को आसपास खड़े लोगों ने बचाया। डा नेरल के पैरों पर कुत्तों ने चार जगह नोचा है। डा अरविंद नेरल ने बताया कि वे कार से जैसे ही उतरे कुत्तों ने घेर लिया। वे चुपचाप धीरे.धीरे आगे बढ़ रहे थे इसी दौरान कुत्तों ने काटना शुरू कर दिया। अंबेडकर अस्पताल में उन्होंने इलाज कराया है।

### कार से उतरते ही कुत्तों ने डॉक्टर को नोंचा

### रायपुर में बढ़ते जा रहा कुत्तों का आतंक

गौरतलब है कि शहर की सड़कों से लेकर कालोनी, मोहल्लों और सोसायटियों ने खूंखारों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हैरानी कि बात है कि लोगों द्वारा सूचना देने के बावजूद निगम का अमला चुप्पी साधे हुए है। विगत चार दिनों पहले गुढ़ियारी क्षेत्र के गुलमोहर सोसायटी में ढाई साल की बच्ची को कुत्तों ने नोचकर जख्मी कर दिया था।

### प्रतिदिन 20 से अधिक आ रहे नए मामले

अंबेडकर अस्पताल जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों के आंकड़ों के अनुसार रोजाना 20 से 25 नए मामले डाग बाइट के सामने आ रहे हैं जबकि निगम द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन 16 कुत्तों का बधियाकरण किया जाता है लेकिन इस हिसाब से रोजाना आठ से दस लोग अतिरिक्त इसका शिकार हो रहे हैं।

### निगम गंभीर नहीं

वहीं निगम का अमला जब कोई घटना होती है तब सक्रिय हो जाता है लेकिन इसके बाद वापस से सुस्त गति में चला जाता है। इसकी वजह से लोग आए दिन परेशान होते जा रहे हैं लेकिन इसके बावजूद निगम का अमला इसे लेकर गंभीरता नहीं बरत रहा है।

# सरकार किसी की भी बने युवाओं को है नौकरी और रोजगार का भरोसा




**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में इस बार कांग्रेस या भाजपा किसी की भी सरकार बनेए युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलने का पूरा भरोसा है। इसके साथ ही उनमें स्व.रोजगार के लिए भी अवसर मिलने की आस बंधी हुई है। कांग्रेस ने चुनाव से पहले 25 हजार से अधिक पदों पर सरकारी भर्तियां करने का वादा किया था। चार माह पहले भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू की लेकिन आचार संहिता लग जाने के कारण यह भर्तियां अटक गईं। तीन दिसंबर को चुनाव परिणाम आने और नई सरकार के गठन के बाद यह भर्ती प्रक्रिया पुनरू शुरू हो जाएगी। दूसरी ओरए भाजपा ने अपनी सरकार बनने पर एक लाख सरकारी नौकरियां देने की गारंटी को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। यानी वादा पूरा करने के लिए उसे भर्तियां करनी होंगी। इसे लेकर युवा उत्साहित हैं।

### ये भर्तियां अधर में लटकी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से कई भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इनमें हैंडपंप तकनीशियन भर्ती महिला पर्यवेक्षकए स्टेनोग्राफर श्रम अधिकारी राज्य लघु वनोपज की सहकारी मर्यादित शाखाओं में सहायक प्रबंधकए रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग में छात्रावास अधीक्षक अधीक्षिका समेत कई पदों पर भर्ती के बाद परिणाम जारी हो चुके हैं मगर अभी तक ज्वाइनिंग आदेश नहीं मिल पाया है। कई परीक्षाओं के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद प्रक्रिया भी चल रही है। इसी तरह छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ;पीएससीद्ध में भी नई भर्तियों के प्रस्ताव फिलहाल अटके पड़े हैं।

### इन भर्ती परीक्षाओं का अता–पता नहीं

प्रदेश के आदिवासी विकास विभाग के प्रस्ताव पर 13 मई 2023 को पीएससी ने छात्रावास अधीक्षक के 500 पदों की भर्ती का विज्ञापन जारी किया था मगर बाद में यह भर्ती अटक गई। 20 मई को विभाग के प्रस्ताव पर कोई विशेष कारण बताए बिना ही पीएससी ने इसे विलंबित कर दिया। इसी तरह उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर पीएससी ने 595 प्रोफेसरों के पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस भर्ती नियम के कुछ बिंदुओं को लेकर आपत्ति थी। जिसे तत्कालीन उच्च शिक्षा सचिव भुवनेश यादव ने संज्ञान में लेकर भर्ती नियम में संशोधन किए थे। इस बीच विभाग से उनका तबादला हो गया। नए उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी के आने के बाद यह प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया। बाद में आचार संहिता लगने के बाद भर्ती ठप हो गई। जबकि पीएससी ने इसके लिए 13 सितंबर से 12 अक्टूबर 2021 तक आवेदन भी मंगाए थे। सैकड़ों अभ्यर्थियों ने आवेदन भी किए थे।

**पार्टियों की घोषणा पत्र में यह है युवाओं से वादा:** कांग्रेस कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया है। उनकी घोषणा के अनुसार युवाओं को उद्योग व्यवसाय के लिए ऋण पर अब तक 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती थी। अब इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ऋण की सुविधा देने का वादा किया है। भाजपा प्रदेश के एक लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप में भर्ती सुनिश्चित करेंगे। पीएससी परीक्षा में पारदर्शिता लाने के लिए पीएससी के कथित घोटाले की जांचए परीक्षाओं की प्रक्रिया को यूपीएससी की तर्ज पर पारदर्शी करने का वादा। इसके अलावा युवाओं को स्व.रोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याजमुक्त लोन प्रदान करेंगे। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ;ज रू पार्टी ने आठ साल से सरकारी कार्यालयों में कार्यरत अनियमित व संविदाकर्मियों का नियमित नौकरी देने का वादा किया है। इसके अलावा सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में युवाओं को नौकरी के लिए 95 प्रतिशत आरक्षण रोजगार.स्वरोजगार के मामले में सभी तरह के टैक्स से छूट देने की घोषणा की है। आम आदमी पार्टी ;आप – आप ने प्रदेश के 10 लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है।

**मम्मी**- पेपर कैसा था?
**बेटा**- पतला सा था, सफेद रंग का।
**मम्मी**- मेरा मतलब है कि पेपर कैसा हुआ?
**बेटा**- फिफ्टी- फिफ्टी।
**मम्मी**- मैं समझी नहीं?
**बेटा**- जो पेपर में लिखा था वह मेरी समझ में नहीं आया। लेकिन मैंने जो कॉपी में लिखा है, वह जांचने वाले की समझ में नहीं आएगा।



# देवउठनी एकादशी हुई, अब फिर गूंजने लगी शहनाई

**बाजारों में ग्राहकी बढ़ी, अब किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं**

**15 दिसंबर तक सर्वाधिक मूहूर्त**

**दुर्ग,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी होते ही शहर में शहनाईयों की गूंज शुरू हो गई है। विधानसभा चुनाव के चलते मानस भवन, विवेकानंद भवन, ठाकरे भवन आचार संहिता की वजह से जो किसी अन्य प्रयोजन के लिये नहीं दिया जा रहे थे, उनकी बुकिंग भी शुरू हो गई है।3 दिसंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित होते ही इन भवनों में भी वैवाहिक समारोह का आयोजन किया जा सकेगा। भवनों के अलावा बैंड बाजे, शामियाना भंडार, कैटरर्स भी लगभग बुक हो चुके है। पिछले कुछ वर्षो से शादी सूट के प्रति दूल्हों की रूझान घटने के कारण शेरवानी इत्यादि के प्रति लोगों की रूझान बढ़ी है। शादी के सिलसिलाये जोड़े, शेरवानी, दूल्हन का घाघरा चूनरी इत्यादि की रेडीमेड दूकानें भी बढ़ी है। कोरोना काल के सारे प्रतिबंध हट गये है। लोग खुलकर शादी पार्टियां एन्ज्वाय कर रहे है।

इस वर्ष नवंबर में 24, 27, 28 एवं 29 तथा दिसंबर 5,6,7,8,9,11 एवं 15 दिसंबर को शादी के मुहूर्त है। छत्तीसगढ़ में प्रचलित पंचांगों के अनुसार 11 दिसंबर के बाद मुहूर्त नहीं है।अन्य पंचागों के अनुसार लोग भवन बुक करा रहे है। इसी अनुसार मांगलिक तैयारियां भी कर रहे है। यही स्थिति वीडियोग्राफर की है।

कोरोना काल की परेशानियों से अब समाज पूरी तरह मुक्त हो चुका है। अत: शादी विवाह जैसे मांगलिग कार्य भी उन्मुक्त भाव से कर रहा है। भवनों की दरे भी काफी बढ़ी हुई है। मानस भवन 15 हजार रूपये प्रतिदिन तो स्वामी विवेकानंद भवन, कुशाभाऊ ठाकरे भवन 27 हजार रूपये प्रतिदिन है। निजी भवन के रेट अलग अलग है जो 8-10 हजार से शुरू होकर लाखों रूपये प्रतिदिन पर है। सामाजिक भवनों के नियम अनुसार ये भवन स्वजातीय समाज के लोगों को प्राथमिकता से दिये जाते है यदि स्वजातीय व्यक्ति का भवन बुक नहीं है तभी अन्य समाज के लोगों को दिया जाता है। सामाजिक भवनों में स्पेस के साथ ही अन्य साधनों की भी सीमा है। अत: जिनके यहां मेहमानों की संख्या ज्यादा है वे लोग शासकीय व अन्य निजी भवनों को प्राथमिकता दे रहे है। बैंड बाजा, डीजे भी ग्राहक की सुविधा के आधार पर तय किये जाते है। इनमें से 10-12 हजार से शुरू होकर 50 हजार रूपये तक साधारण रूपये पर है। यही हाल वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी का है जो 20 हजार से शुरू होते है। कहीं कहीं कम पर भी एलबन तैयार हो जाते है। कैटरर्स में भोजन आयटम, मेहमानों की संख्या के आधार पर तय किये जा रहे है। महिला समूह द्वारा भी कैटरिंग का कार्य लिया जाता है। औसत परिवार के लोग इन्हें भी महत्व दे रहे है। कोरोनाकाल में इन सभी चीजों की तकलीफें थी। अब बाजार पूरी तरह खुल चुका है। किसी तरह की शासकीय अनुमति लेने जैसा प्रतिबंध भी नहीं है।

## प्रतिबंधित पॉलिथिन के उपयोग व गंदगी के खिलाफ चला अभियान

**प्रथम दिन ही निगम ने वसूला 3 हजार का जुर्माना**



**दुर्ग,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सिंगल युज प्लास्टिक के उपयोग पर कड़ा प्रतिबंध लागू होने के बावजूद लोग धड़ल्ले से इसका उपयोग कर रहे है। इससे उत्पन्न हो रही गंदगी, प्रदूषण से निजात पर नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर आज निगम स्टाफ द्वारा संबंधित लोगों पर कार्रवाई करते हुए 3 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। जिन लोगों से जुर्माना वसूला गया वे सिंगल यूज प्लास्टिक आयटम के विक्रेता है । त्यौहारों के बाद आज पहली बार चला गंदगी के विरूद्ध अभियान पॉलीथिन का उपयोग कर गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज शनिवार को भी कार्रवाई जा रही है। आज नगर निगम की स्वच्छता टीम ने जोन क्रमांक 1 नया बस स्टैंड, जोन 2 इंदिरा मार्केट, वार्ड 46 एवं 45, जोन 3 के अंतर्गत सिकोला भाठा, धमधा रोड मार्केट के अलावा अन्य स्थानों पर भी गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की गई।

## गर्ल्स कॉलेज में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम

**दुर्ग,** 25 नवंबर (देशबन्धु)।शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने 'संविधान दिवस' की शपथ दिलायी गयी। उन्होनें छात्राओं को संविधान के मूल उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार प्राप्त है। हमें संविधान से मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी प्राप्त होती है। हमअधिकारों के प्रति जागरूक रहते है। उसी तरह हमें अपने कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक रहना चाहिए। हमारे संविधान में महिलाओं, युवाओं एवं समस्त नागरिकों को विधि के समक्ष समता और संरक्षण प्रदान किया गयाहै।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने कहा कि संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा तैयार भारतीय संविधान को हमारी संविधानसभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत, अधिनियम और आत्मर्पित कियाऔर 26 जनवरी 1950 को सम्पूर्ण भारतीय क्षेत्र में लागू किया गया। जितना महत्व इस देश में गीता, रामायण और महाभारत पुस्तकों का है। उतना ही महत्व भारत के संविधान का भीहै। संविधान में 22 भाग है। उसके सभी पन्नों पर प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं परम्परा का उल्लेख है हम मौलिक अधिकार के साथ मौलिक कर्तव्यों के बार में जाने और उसके अनुसार आचरण करें।

डॉ. सुषमा यादव राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की सदस्य ने कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य की भावना को बढ़ाना है साथ ही संविधान निर्माताओं के योगदान को स्वीकार करनाहै।

इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के लिए संविधानदिवस के अवसरपर ऑन लाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 200 छात्राओं ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. शबा अंजुम अंसारी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान कु. मानसी, बी.ए. तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान कु. चेतना बी.एससी. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया जिन्हें प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

छात्राओं ने भी संविधान दिवस पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, वंदना बंजारे तथा लावेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह एवं आभार प्रदर्शन कु. रश्मि नौरंगे ने किया।



## लूट, मारपीट का फरार आरोपी जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 25 नवंबर (देशबन्धु)।दुर्ग कोतवाली पुलिस ने मारटी सहित लूट के फरार आरोपी शाहरूख खान पिता माजिद खान (28) निवासी गंजपारा दुर्ग को रायगढ़ जिले के ग्राम पूंजी पथरा में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी बाद उसे आज दुर्ग लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी शाहरूख घटना 1 सितंबर के बाद से ही फरार था।आरोपी, मुखबिर की सहायता से घटना के 85 दिनों बाद गिरफ्त में आया।

**■ 85 दिनों बाद आज गिरफ्तार**

पुलिस के अनुसार आरोपी शाहरूख खान पर हरनाबांधा मुक्तिधाम के पास नईम खान नामक व्यक्ति के साथ गाली गलौच व मारपीट व पर्स मोबाईल लूटने का आरोप था। उसके विरूद्ध नईम खान की बहन निकहत परवीन पति अरबाज खान पाकजादे द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके साथ ही राहूल लारोकर, बाबा राजपूत उर्फ कढ़ी के विरूद्ध भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

1 सितंबर 23 को हुई उक्त घटना के बाद से ही आरोपी शाहरूख फरार था। बाकी साथी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके थे। इनके विरूद्ध 294, 506, 394 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी के पास से मारपीट में प्रयुक्त लोहे की राड पीड़ित का ड्रायविंग लाइसेंस बरामद कर लिया गया है। आरोपी ने लूटे गये पैसे को खाने पीने में उड़ाना बताया है।

## 27 को तितुरघाट चतुर्भुजी मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा मेला

**दुर्ग,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। धमधा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम तितुरघाट में शिवनाथ के किनारे चतुर्भुजी मंदिर में 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा मेला आयोजित किया जायेगा। मेला एकदम सुबह 3 बजे से शुरू हो जायेगा। इस दिन श्रद्धालुगण सूर्योदय पूर्व ही नदी में प्रवेश कर स्नानधान करते है। मंदिर के प्रबंधक पुजारी राहूल शर्मा ने बताया कि यह मंदिर 12 वीं सदी का है। यहां भगवान विष्णु के सभी 12 अवतारों का वर्णन है। मंदिर 16 खंडों में निर्मित है। आसपास का दृश्य भी अत्यंत मनोरम है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है।

## आरटीओ ने सरकारी काम में लगे ट्रकों पर किया जुर्माना

**अधिकारियों ने ड्राईवरों व मालिक से किया अपराधी जैसा सलूक**



**डौण्डी,**25 नवंबर (देशबन्धु)। जब प्रशासन में बैठे उच्चाधिकारी कानून की धज्जियां उड़ने लगे तो आम जनता किससे गुहार लगायेगी। इसी प्रकार का मामला आरटीओ विभाग का प्रकाश में आया है। शुक्रवार को परिवहन विभाग दुर्ग की उड़नदस्ता स्क्वाड द्वारा डौण्डी से आमाडुला मार्ग पर कुआँगोदी नाला के पास 4 हाइवा वाहनों पर ओवर लोड की कार्यवाही को सड़क निर्माण ठेकेदार आशुतोष माथुर ने अनुचित व दबाव पूर्वक कार्यवाही बताते हुए कहा है कि दुर्ग की टीम द्वारा बालोद जिला के सुदूरवर्ती इलाके में सड़क निर्माण में लगे 4 ट्रकों को काम के बीच जप्त कर ले जाने की कोशिश करता रहा।जबकि ट्रकों में डामर मिक्स गिट्टी भरी थी। जिसका टेंपरेचर एक निर्धारित समय तक रहता है। जबकि अधिकारी द्वारा तानाशाह रवैया दिखाकर तीन से चार घंटे तक वाहनों को खड़ा कर दिया गया उसके पश्चात उसे खाली कराया गया ऐसे में सड़क निर्माण की गुणवत्ता मे भी कमी आ सकती है। दुर्ग आरटीओ की टीम बालोद कलेक्टर की परमिशन के बिना बालोद जिला में आकर कार्रवाई कर रही है। यह भी एक गभीर विषय है उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग के दस्ते ने लगभग एक लाख रु. जुर्माना लगाकर ही दम लिया। दस्ते के इंचार्ज का रवैया भी निंदनीय रहा। माथुर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर के निर्देश पर सड़क निर्माण में लगे हैं। आरटीओ की उड़नदस्ता टीम अचानक आ धमकी। टीम ने उन ट्रकों को अपने कब्जे में लेकर उनका चालान करने पर आमादा हो गई। इस मामले को देखकर कुछ प्रबुद्ध लोगों ने आरटीओ वालों को समझाने की कोशिश की ट्रक सरकारी काम में लगे हैं, इसलिए उन पर कार्रवाई न की जाए, मगर उच्च अधिकारी के आदेश का हवाला देकर आरटीओ के कर्मी मामले को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## गुरू घासीदास का जीवन दर्शन विषय पर अंर्तमहाविद्यालयीन वीडियो बनाओ प्रतियोगिता

**दुर्ग,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग द्वारा गुरु घासीदास जयंती 18 दिसंबर के उपलक्ष्य में बाबा गुरू घासीदास का जीवन दर्शन विषय पर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित छात्र-छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय स्तरीय अंर्तमहाविद्यालयीन वीडियो बनाओं प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस संबंध में एक महाविद्यालय से अधिकतम 5 नियमित विद्यार्थियों द्वारा 3 मिनट अवधि के स्वयंद्वारा निर्मित वीडियो बनाकर विश्वविद्यालय के ईमेल आईडी पर सम्पूर्ण विवरण सहित 5 दिसंबर तक भेजना अनिवार्य है। वि.वि. की कुलपति द्वारा प्राप्त वीडियो के मूल्यांकन हेतु एक विशेषज्ञ समिति श्रेष्ठ 5 वीडियो को चयनित करेंगी । इन चयनित 5 विजेता प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा । यह प्रतियोगिता पूर्णत: निशुल्क है। प्रति भागी को वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023-24 में महाविद्यालय का नियमित विद्यार्थी होना आवश्यक है। प्रमाण के रूप में प्रतिभागी को वर्तमान सत्र का वैध परिचय पत्र भी अपनी प्रविष्टि के साथ भेजना अनिवार्य होगा।

**■ हेमचंद विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों से आमंत्रित किए वीडियो**

उल्लेखनीय है कि वि.वि. द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खान.पान, परम्परा, धार्मिक स्थल, प्रकृतिक संसाधन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, विभिन्न धर्मों के संत महात्मा आदि पर ऑनलाईन सर्टिफिकेट कोर्स के आयोजन के साथ.साथ समय.समय पर अंर्तमहाविद्यालयीन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रत्येक प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा के अनुसार बाबा घासीदास के जीवन दर्शन पर आधारित इस वीडियो बनाओ प्रतियोगिता से सभी लोगों को बाबा गुरूघासीदास के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त होगी ।

## कामधेनु विवि में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ युवा महोत्सव का समापन

**दुर्ग,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव के अंतर्गत अनेक रंगारंग कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं की गई। इन प्रतियोगिताओं में पशुचिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय अंजोरा ने ओवर आल चैम्पियनशिप जीता।



इस दो दिवसीय आयोजन में 17 प्रतिस्पर्धाएं हुई। इनमें रंगोली, प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद, कार्टूनिंग पेटिंग, क्लोलाज, क्ले, मॉडलिंग, समूह नृत्य, गायन, स्क्रिप्ट लेखन, मिमिक्री की प्रतियोगिताएं शामिल थी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.बी.सिंह ने ऐसे आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र छात्राओं को प्रतिदिन दो घंटे मेहनत करने के साथ ही जीवन में एक उद्देश्य लेकर चलने की प्रेरणी दी। कुलसचिव डॉ, आर.के.सोनवणे अधिष्ठाता डॉ. एस.के.तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. नीलू गुप्ता ने युवा महोत्सव पर सविस्तार जानकारी दी। क्रीड़ा अधिकारी बीएस दीवान सभी अधिष्ठाता, सभी प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सोनाली सृष्टि ने किया। यह जानकारी विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी ने दी।

## दो मोटर साइकिल आपस में भिड़ी, एक की मौत, चार घायल

**खैरागढ़,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम चारभाठा की रहने वाली मीना साहू अपने स्कूटी में सवार होकर महिला स्व सहायता समूह के काम से डोगरगढ़ की ओर जा रही थी. तभी ग्राम सिरसाही के पास दो मोटर साइकिल चालक की आपस में भिड़ंत हो गई जिसमे स्कूटी सवार महिला मीना पति पीताम्बर साहू उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम चारभाठा की मौके पर ही मौत हो गई ।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार यह घटना सुबह 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है. वही मृतिका मीना सहित अन्य चार घायलों को 12 बजे के आसपास अस्पताल लाया गया रहागीरो की मदद से 112 की सहायता से मीना साहू को सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया सिर में गंभीर चोट वही आंख के पास अत्यधिक मात्रा में चोट लगने के कारण 38 वर्षीय महिला मीना की मौत हो गई. मीना के साथ स्कूटी में पीछे बैठे सवार विनोद साहू निवासी रुसे सहित तीन अन्य लोगो को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है. ठेलकाडीह पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच विवेचना में लिया है।

वही चिकित्सकों के द्वारा परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया है. वही देर शाम तक मृतिका मीना के अंतिम संस्कार चारभाठा के ग्रामीणों द्वारा किया गया।

## बेमेतरा पुलिस ने जुआड़ियानों से वसूली 36,870 नगद राशि

**बेमेतरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 23 व 24 नवंबर को थाना बेरला एवं पुलिस चौकी देवरबीजा क्षेत्रांतर्गत के ग्राम खर्रा, सिंगदेही, बावनलाख, रामपुरभाड, सरदा एवं निनवा के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना बेरला एवं पुलिस चौकी देवरबीजा पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें कुल जुआ के 7 प्रकरण दर्ज कर 37 जुआडियानो जुआड़ियान गोकुल कर्माकर उम्र 22 साल, देवकुमार साहू उम्र 52 साल, रामकुमार साहू उम्र 40 साल, किशन लाल साहू उम्र 24 साल, सनत पाठक उम्र 28 साल साकिनान खर्रा थाना बेरला, बलदाऊ साहू उम्र 53 साल, राजेन्द्र साहू उम्र 38 साल, कपिल यादव उम्र 21 साल, प्रेमू साहू उम्र 39 साल, मुकुंद साहू उम्र 26 साल साकिनान सिंगदेही थाना बेरला, बिसेलाल साहू उम्र 39 साल, कुलदीप यादव उम्र 20 साल, प्रहलाद साहू उम्र 47साल, दौलत राम साहू उम्र 37 साल साकिनान बावनलाख थाना बेरला, गजेन्द्र यादव उम्र 25 वर्ष, मारू लाल ठाकुर उम्र 41 वर्ष, धनेश्वर धीवर उम्र 34 वर्ष, दीलहरण चेलक उम्र 30 वर्ष, शिव कुमार यादव उम्र 48 वर्ष, खुबीराम धीवर उम्र 27 वर्ष, संतोष वर्मा उम्र 53 वर्ष साकिनान रामपुर भाड थाना बेरला, शिवकुमार साहू उम्र 50 वर्ष, गोविन्द साहू उम्र 30 वर्ष, सोमदत्त साहू उम्र 27 वर्ष साकिनान सरदा थाना बेरला, राजेन्द्र साहू उम्र 27 साल, राजू साहू उम्र 33 साल, दिलीप वर्मा उम्र 40 साल, 28. हेमसिंग साहू उम्र 37 साल, नागेन्द्र वर्मा उम्र 32 साल, राधे वर्मा उम्र 45 साल, गौकरण साहू उम्र 35 साल साकिनान निनवा चौकी देवरबीजा, दिलमोहित वर्मा उम्र 43 साल, हरिशंकर वर्मा उम्र 21 साल, टिकेन्द्र वर्मा उम्र 26 साल, रवि वर्मा उम्र 24 साल, नारायण यादव उम्र 34 साल, डोमन वर्मा उम्र 24 साल साकिनान निनवा चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 36,870 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुभाष सिंह, प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

**■ देवरबीजा में जुआ एक्ट के 7 मामलों व आम जगह पर शराब सेवन करने वाले 4 आरोपियों पर की कार्रवाई**

इसी क्रम में 24 नवंबरको थाना नवागढ एवं चंदनू में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का कुल 04 प्रकरण में 04 आरोपियो के विरूद्ध धारा 36(च) एवं धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत थाना खम्हरिया में 1 चालान ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आईटीआई कर रहे छात्र ने हॉस्टल में की खुदकुशी

**भिलाईनगर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के भिलाई में रूंगटा कॉलेज के आईटीआई छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगा ली। छात्र के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने लिखा है, सॉरी मम्मी पापा मुझे माफ करना, मेरे कारण आप लोगों को कष्ट मिल रहा है। कल खबर लगते ही जामुल पुलिस ने सूचना देकर छात्र के परिजनों को बुलाया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा है। आपको बता दें कि दुर्ग जिले के लिटिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोड़की निवासी निखिल वर्मा 19 वर्ष ने कल शाम फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। निखिल के पिता संतोष ने बताया उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। बेटी सबसे बड़ी और निखिल मंझला और फिर एक छोटा बेटा साहिल है। निखिल रूंगटा कॉलेज भिलाई से आईटीआई प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। स्वाभाव से कम बातचीत करने वाला निखिल अपने काम से काम रखता था। वो दिवाली की छुट्टी में घर गया। जहां उसने अपनी मां से पैसे लेकर कपड़े भी खरीदे। त्यौहार के बाद 18 नवंबर को वह हॉस्टल आ गया था। आईटीआई कोर्स के दौरान निखिल मनसा कॉलेज के सामने बीएसपी कर्मी लाल बहादुर चंद्रा के हॉस्टल में पिछले डेढ़ महीने से रहता था। श्री चंद्रा ने बताया कि निखिल हॉस्टल के दूसरे लड़कों से भी कम बात करता था। अकेले ही रहना पसंद करता था। वो त्यौहार मनाने घर गया था, लेकिन वोटिंग के अगले दिन यानि 18 नवंबर को भिलाई आ गया। हॉस्टल में एक दो दिन रहने के बाद रामनगर भिलाई में रहने वाले अपने बहनोई के घर चला गया था। वहां से फिर हॉस्टल आया। इसके बाद 24 नवंबर की शाम उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। घटना के बाद घर वालों का रो-रोकर बूरा हाल है।

# महिला संबंधी अपराध पर हो त्वरित कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर दिया दिशा निर्देश देते हुए कहा . महिला संबंधी अपराधों पर प्राथमिकता से विवेचना करते हुए पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने में पुलिस महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज बद्री नारायण मीणा ने रेंज के पुलिस अधीक्षकों की समीक्षा बैठक ली । इस दौरान उन्होंने बेहतर कानून व्यवस्था बनाए जाने पर जोर देते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों के तत्काल निराकरण करें। शिकायतों पर विशेष ध्यान दें। महिला संबंधी अपराधों पर प्राथमिकता से विवेचना करते हुए पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने में पुलिस महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज की अध्यक्षता में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय दुर्ग में लंबित अपराधों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें रामगोपाल गर्ग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग एवं दुर्ग जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण उपस्थित हुए एवं जिला बेमेतरा तथा जिला बालोद के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी वीड़ियो कॉफेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रेंज में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न होने पर ड्यूटी में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिये बधाई देते हुये आगामी समय में बेसिक पुलिसिंग पर विशेष ध्यान देने हेतु जोर दिया गया। वर्ष का अंतिम माह अग्रसर है, अत: नगर पुलिस अधीक्षकों, एसडीओपी को अनुभाग अंतर्गत थानों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर नियमानुसार प्रकरणों का निराकरण कर जीरो पेंडेंसी की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। विशेषकर संपत्ति संबंधी एवं महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। समीपवर्ती जिले से लगातार समन्वय स्थापित रखने एवं समीपवर्ती जिले में कोई बड़ी चोरी, नकबजनी की घटना होने पर जिले में विशेष सतर्कता बरतते हुये चेकिंग, नाकेबंदी की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। गुंडा, निगरानी बदमाशों की नियमित रूप से चेकिंग हो तथा नये गुंडा, निगरानी बदमाश खोलने की आवश्यकता हो तो अपराधों की समीक्षा कर नियमानुसार गुंडा, निगरानी बदमाश खोलने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलों में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा जागरूकता अभियान चलाते हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यातायात चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले, संदिग्ध प्रवृत्ति के व्यक्त्यिों आदि की चेकिंग हो किन्तु इसमें आमजन को किसी तरह की तकलीफ न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# महिला अधिकारी का हंगामा प्रबंधन ने किया सस्पेंड

**भिलाईनगर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन में कार्यरत महिला एजीएम ने दफ्तर में हंगामा मचाया। महिला एजीएम ने यहां काम कर रही ट्रेनी पर न सिर्फ टिफिन फेंककर मारा बल्कि दफ्तर में मौजूद कंप्यूटर को भी टेबल से नीचे फेंक दिया। यही नहीं महिला एजीएम ने दस्तावेजों पर भी पानी डाल दिया। यह पूरी घटना दफ्तर में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। शिकायत के बाद प्रबंधन ने पर्याप्त सुबूत मिलने पर महिला एजीएम को सस्पेंड कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। उक्त महिला संयंत्र में इंटरनल ऑडिट विभाग में एजीएम के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार दोपहर को उक्त महिला अधिकारी ने दफ्तर में जमकर हंगामा किया। उनकी यह हरकत पूरी हरकत सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में साफतौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह ट्रेनी कर्मी से पेश आ रही हैं। एजीएम ने ट्रेनी के सिर पर उसका टिफिन फेंककर मार दिया। इसके बाद कंप्यूटर को टेबल से नीचे फेंक दिया। इतने से भी दिल नहीं भरा तो उसने दस्तावेजों पर पानी डाल दिया। सिर पर टिफिन फेंककर मारने से ट्रेन कर्मी को चोट आई है। उन्हें अस्पताल भी ले जाया गया। इधर इस पूरे मामले में शिकायत मिलने पर प्रबंधन ने कार्रवाई की है। प्रबंधन ने एजीएम प्रियंका होरो को सस्पेंड कर दिया है। प्रबंधन ने दफ्तर में लगे सीसी टीवी फुटेज भी जुटा लिए हैं। बताया जा रहा है प्रबंधन इसकी शिकायत सेल से भी की है। संभवत: इस मामले में इंक्वायरी हो सकती है। यही नहीं आगे बड़ी कार्रवाई भी हो सकती है। बताया कि महिला एजीएम की शिकायत पर कार्रवाई हुई है। एजीएम ने प्रबंधन द्वारा प्रताडित किए जाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि वह इस विभाग में करीब 8 साल से काम कर रही हैं। जबकि ट्रेनी कर्मियों को सभी सुविधाएं दी जा रही हैं।

# सेंट थॉमस में सामुदायिक सेवा का आयोजित



**भिलाईनगर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के पीजी गणित और कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने फोरम के तत्वावधान में 23 और 24 नवंबर को एक सामुदायिक सेवा ष्लर्निंग विद फन का आयोजन किया। जिसमें कक्षा चौथी और पांचवीं के 50 प्राथमिक विद्यालय रुआबांधा भिलाई के छात्र लाभान्वित हुए। पीजीडीसीए और एमएससी गणित के छात्रों ने कार्यक्रम का आयोजित किया। जिसमें छात्रों को कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के बारे में ज्ञान दिया गया और विभिन्न गेम खेलने के साथ साथ मनोरंजन के साथ गणित सिखाया गया। खेलों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। दूसरे दिन छात्रों ने कंप्यूटर लैब में अपनी ड्राइंग स्किल का प्रदर्शन करते हुए प्रैक्टिकल सेशन किया। छात्रों और कर्मचारियों द्वारा छात्रों को टिफिन बॉक्स, क्रेयॉन, पानी की बोतल और चॉकलेट के साथ जलपान और उपहार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रशासक रेव. फादर डॉ. जोशी वर्गीस और प्राचार्य डॉ.एम.जी.रॉयमन के आशीर्वाद से किया गया। फोरम की समन्वयक डॉ. प्रीति जैन और सुश्री ज्योति देवांगन के साथ-साथ विभागाध्यक्ष डॉ. सुजा वर्गीस और संकाय सदस्य डॉ. संतोष कुमार मिरी, डॉ. स्मिता डेनियल, सुश्री के. मंजू. सुश्री आरती यादव, कुमारी के. रिया नायडू, अंशुल श्रीवास्तवस सुश्री कार्यक्रम के सुचारू संचालन में आरती साहू एवं रूमेश साहू ने सहयोग किया।

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने महंगाई भत्ते की रखी मांग

**भिलाईनगर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों ओर पेंशनर्स को देने वाली फाइल के संबंध अनुमति का आदेश दिया है। अब राज्य सरकार को तत्काल इसका आदेश प्रसारित करना चाहिए चुनाव के दौरान केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दर 4 प्रतिशत बढ़ा दिया था जब प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ओर विभिन्न संगठनों द्वारा राज्य चुनाव आयोग से भारत निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने पत्र, ज्ञापन व भेंटकर देने अपील करते मांग रखी थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ट्विटर पर लिखा था कि हभ महंगाई भत्ता की किश्त देना चाहते चुनाव आयोग इस संबंध में सरकार की भेजी गई फाइल पर अपनी अनुमति प्रदान करे। प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों पेंशनर्स को बड़ी राहत मिलेगी यदि 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता आदेश जारी किया जाएगा। मांग करने वालों में प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा, महामंत्री सैय्यद असलम, आर डी दीवान, अश्वनी गुर्देकर, एस के पांडेय, प्रमेश पाल, संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता, लक्ष्मी कांत धोटे, सचिव खिलावन चंद्रकार, जी मोहन राव, धनी राम ठाकुर, भूपेश उपाध्याय, रवि ताम्रकार, राघवेन्द्र साहू, रोशन सिंह, एम आर शेख, मुकेश शर्मा, श्रीमती मंजू राय, श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती जैकलीन डान, केशव बंजारे, तुरकाने, कविता साहू, एम पंडैया सहित पदाधिकारी शामिल हैं।

# ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता




**भिलाईनगर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड उप केंद्र कुम्हारी में ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऊर्जा संरक्षण 2023 राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सुनील कुमार जैन, विशेष सचिव लोक शिक्षण विभाग एवं निदेशक सार्वजनिक निर्देशए कार्यक्रम के अध्यक्ष आलोक कार्यपालक निदेशक पश्चिम क्षेत्र-1, पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेडए विशिष्ट अतिथि संजीव जैन सलाहकार क्रेडा, रविंद्र कुमार सहायक आयुक्त केविएस, आरओ रायपुर रहे। दो वर्ग में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ऊर्जा संरक्षण पर लगभग 22 हजार 800 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। ग्रुप ए में चयनित 50 प्रतिभागियों में ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ कक्षा की छात्रा सुनिक्षा एवोन प्रथम, ख्याति पी, मिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर द्वितीय, सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल रामपुर कोरबा की स्तुति दुबे तृतीय ग्रुप बी में चयनित 50 प्रतिभागियों में केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 रायपुर नमिता रायदास प्रथम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सारंगढ़ के छात्र विमल पटेल द्वितीय, बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी सीपत बिलासपुर की छात्रा वंशिका नेताम तीसरे स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को 10 से 50 हजार रूपये की राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री जैन विशेष सचिव लोक शिक्षण विभाग कहा कि ऐसे आयोजन स्कूली बच्चों की क्रिएटिविटी तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में उनकी उत्तम सोच को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा ऊर्जा संरक्षण को लेकर उकेरे गए चित्रों को देखकर अभिभूत हूं। संजीव जैन मुख्य अभियंता अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी क्रेडा ने कहा कि चयनित पोस्टर्स के अवलोकन में उन्होंने पाया कि पैरेंट्स से अधिक बच्चों में ऊर्जा संरक्षण की जो अलख दिखाई देती है वह सचमुच अद्भुत है। विवेक कुमार चौहान सहायक आयुक्त केंद्रीय विद्यालय रायपुर ने ऐसे आयोजन के लिए पावरग्रिड के प्रयास की प्रशंसा की। आलोक कार्यपालक निदेशक पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड ने राज्य भर से आए स्कूली बच्चों और पैरेंट्स का ऊर्जा संरक्षण की दिशा में उत्सुकता को साधुवाद दिया। श्रीमती अनिता अध्यक्ष, आर के दास वरिष्ठ महाप्रबंधक तथा महाप्रबंधक हरप्रसाद पाल मानव संसाधन विकास ने भी संबोधित किया। श्रीमती श्रुति तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

# नदी तालाबों को गंदा होने से बचाने जागरूक रैली



**भिलाईनगर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट के द्वारा 37 सीजी बटालियन के तहत पुनीत सागर जी-20 जागरूकता अभियान सप्ताह पर रैली और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का आयोजन किया। एनसीसी कैडेट के द्वारा रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली महाविद्यालय से निकलकर ग्राम खपरी तक गई। इस रैली को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा एवं महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस रैली के माध्यम से लोगों को नदी तालाबों को गंदा होने से बचाने के लिए जागरूक किया, इसके साथ ही साथ घर-घर जाकर लोगों को नदी तालाब और सागर को बचाने के लिए अभियान भी चलाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने कहा कि नदी तालाबों और सागरों को गंदा होने से बचाने का यह काम एक बहुत ही सराहनीय प्रयास है इसके माध्यम से हमें स्वयं और लोगों को जागरूक करने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए। डीन डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि एनसीसी क कैडेटों का यह प्रयास प्रशंसनीय है। इस रैली को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ के.जे मंडल एवं लेफ्टिनेंट उज्ज्वला भोसले का योगदान रहा। इस रैली में एनसीसी के 80 कैडेट उपस्थित थे।

# देवेन्द्र को मिली तेलंगाना की जिम्मेदारी



**भिलाईनगर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को तेलंगाना विधानसभा चुनाव में एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा क्षेत्र गजवाल का प्रभारी बनाया है। विधायक देवेंद्र यादव तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं और जन-जन तक पहुंचकर विचार प्रसार में जमकर पसीना बहा रहे हैं। तेलंगाना में भी विधानसभा चुनाव होने वाला है। विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस प्रत्याशी जनसंपर्क और प्रचार प्रचार में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को कांग्रेस पार्टी की तरफ से बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। जिसके तहत विधायक श्री यादव तेलंगाना के गजवाल विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार में निकल चुके। गजवाल विधानसभा क्षेत्र में नरेश रेड्डी कॉंग्रेस के प्रत्याशी है। जिनके लिए वे लगातार डोर टू डोर दौरा कर रहे है। एआईसीसी द्वारा तेलंगाना के सीएम केसीआर के विधानसभा में विधायक श्री यादव को मिली प्रचार की जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी के साथ निभा रहे है। पार्टी से जिम्मेदारी मिलते ही विधायक श्री यादव तेलंगाना के लिए रवाना हुए। वहाँ पहुंचते ही पार्टी के प्रत्याशी के लिए जनसम्पर्क शुरू कर दिए। विधायक श्री यादव ने बताया कि वहाँ की जनता को कांग्रेस पर और कांग्रेस के प्रत्याशियों पर पूर्ण भरोसा है और तेलंगाना के सभी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का जमकर रुझान है।

# मारपीट और अपमान के आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। 19 नवम्बर को प्रार्थी सतपाल सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह निवासी सेक्टर-10 के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सेक्टर-10 भिलाई निवासी अभय सोनी एवं अमनदीप सोनी के द्वारा प्रार्थी से चुनाव प्रचार प्रसार संबंधी बात को लेकर अश्लील गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की गई थी। पुलिस के द्वारा प्रार्थी के रिपोर्ट पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 294, 295, 323, 506, 34 भादवि का अपराध पाए जाने से प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था की घटना के बाद से लगातार प्रार्थी सतपाल सिंह को प्रकरण की विवेचना के अनुक्रम में अपना कथन देने हेतु तलब किया जा रहा था परन्तु प्रार्थी कथन देने हेतु उपस्थित नही आ रहा था। इस संबंध में प्रार्थी को नोटिस भेजी गई थी। दिनांक 22 नवम्बर की शाम प्रार्थी सतपाल सिंह थाना उपस्थित आकर अपना कथन दिए विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा गवाहों के कथन एवं अन्य साक्षी संकलन उपरांत आरोपीगण का पता तलाश किया जा रहा था जो 24 नवम्बर को प्रात: ही पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए दोनो आरोपी अभय सोनी एवं उनके पुत्र अमनदीप सोनी को पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार कर विधि संगत कार्यवाही करते हुए न्यायालय प्रस्तुत किया गया। ज्ञात हो कि एक दिन पहले ही प्रार्थी ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर टॉवर पर चढ़ गया। जिसे सांसद व पुलिस की समझाईश के बाद टॉवर से नीचे उतारा गया था।

# बीएसपी के भीतर हो रही चोरियों पर हो सख्त कार्रवाई

**भिलाईनगर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर के राष्ट्रीय महासचिव एवं आचार्य नरेंद्र देव स्मृति, जन अधिकार अभियान समिति के संयोजक आर.पी शर्मा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के भीतर हो रही घटनाओं चिन्ता व्यक्त की है। उन्होंने इस पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित जारी बयान में कहा कि संयंत्र में 6 महीने के अंतराल में चोरी की पांच वारदात हो चुकी है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी प्रबंधन द्वारा नही बताई जा रही है। कोक ओवन पैकेज 61 एवं 64 गैलरी भरभराकर गिरने से ब्लास्ट फर्नेस का प्रचालन बाधित हुआ इसके चलते संयंत्र का उत्पादन भी प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि उपरोक्त पैकेज पर इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट के माध्यम से काम कराए जा रहे थे। स्किल्ड वर्कर नहीं होने के कारण ठेका मजदूरों से काम करवाए जाते हैं। घटना के बाद भी पेटी ठेकेदार के द्वारा कार्य संचालित किया जा रहा है। आर पी शर्मा ने कहा कि ऐसे ठेकेदारों पर बीएसपी प्रबंधन का कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित ठेकेदार के कार्यों के चलते ही गैलरी गिरने की घटना हो गई। अब प्रबंधन को चाहिए उक्त ठेकेदार और उनके अधीनस्थ कार्यरत पेटी ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करें और जो क्षति हुई है उसकी भरपाई ठेकेदार से करवाई जाए। साथ ही निर्माण कार्य में लगे विभागीय अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने जीरो टालरेंस का नारा देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उक्त घटना की सीबीआई और सीवीसी से जांच करने की मांग की है। उन्होंने पिछले 6 महीना के भीतर संयंत्र में हुई घटनाओं की विस्तृत जानकारी प्रधानमंत्री को भेजते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। आर पी शर्मा ने कहा कि भिलाई स्टील प्लांट के कर्मी दबाव में काम कर रहे हैं। सिंटर प्लांट.3 में भी पोकलेन से जुड़ी की घटना भी प्रबंधन द्वारा छिपाई जा रही है।

# संविधान एक दृष्टि पर परिचर्चा कल

**भिलाईनगर,** 25 । आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समितिए चंद्रशेखर फाउंडेशन एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान की ओर से संविधान दिवस के अवसर पर विशेष परिचर्चा का आयोजन 26 नवंबर को सुबह 11 बजे से रखा गया है। आयोजन प्रमुख आरपी शर्मा ने बताया कि प्रतिष्ठान के रुआबांधा सेक्टर स्थित कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में परिचर्चा का विषय संविधान एक दृष्टि रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता जमील अहमद होंगे। अध्यक्षता साहित्यकार गिरीश पंकज करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि समाजवादी जनता पार्टी राष्ट्रीय के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल और वामपंथी विचारक धर्मराज महापात्र होंगे। समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर के महासचिव नंदकिशोर साहू में इस आयोजन में उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी आरपी शर्मा संयोजक आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति ने दी है।

# प्रबंधन ने कहा टाउनशिप से डेंगू का खातमा



**भिलाईनगर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से विगत 13 जून 2023 से डेंगू सर्वेक्षण जागरूकता अभियान और मच्छर नाशक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अभी भी इस्पात नगरी भिलाई में नियमित रूप से जारी है। इस अभियान के तहत और इस्पात नगरी के नागरिकों के प्रयास के फलस्वरूप अब टाउनशिप क्षेत्र में डेंगू लार्वा के पाये जाने के प्रकरण लगभग समाप्त हो रहे हैं। अब तक कोई नया डेंगू लार्वा का प्रकरण विगत दिनों से नहीं मिला है। भिलाई टाउनशिप की हरियाली एवं आवासों के साथ लगी खाली भूमि, जो लोगों को बेहतर आवास एवं पर्यावरण तो उपलब्ध कराती है। वहीं दूसरी ओर बारिश के मौसम में इन खुले स्थानों में पड़े पात्रों में जल जमाव होने के कारण साफ पानी में पैदा होने वाले मच्छर की एडिस प्रजाति जो डेंगु के प्रसार का कारक है, के भी पैदा होने की संभावना बनी रहती है। विगत वर्षों में भिलाई टाउनशिप में डेंगू के अनेकों प्रकरण सामने आने के कारण ऐतिहातन एवं रोकथाम हेतु जन.मानस में जागरूकता लाने भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मलेरिया विभाग दुर्ग से भुगतान के आधार पर प्राप्त 96 ब्रीडिंग चेकर्स के माध्यम से 13 जून 2023 से वृहद सर्वेक्षण एवं जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है। इस अभियान के तहत ब्रीडिंग चेकर्स द्वारा टाउनशिप के प्रत्येक आवास सहित सभी दुकानों एवं भवनों में जाकर ऐसे स्थल जहां मच्छर पनप सकते है। जैसे पशुओ एवं पक्षियों के लिए रखे पानी के पात्रए कूलरए पुराने टायरए नारियल के खोलए पुराने बर्तनए पानी की टंकिया तथा अन्य जल पात्र व जल जमाव के अन्य स्थानों का निरीक्षण कर मच्छरों के लार्वा विनिष्टीकरण के साथ ही निरोधक उपायों हेतु लोगों को जागरूक करने पॉम्पलेट एवं नि:शुल्क लार्वानाशी टेमीफोस का वितरण किया जा रहा है। 24 नवम्बर तक के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अब तक विभिन्न चरण में कुल 2,26,644 घरों का सर्वेक्षण किया गया। इसके साथ ही 2,03,344 कूलर एवं जल पात्रों का निरीक्षणए 16,686 घरों में लार्वा पाया गया। 7555 घरों में कीटनाशक का छिड़काव तथा 1,26,825 घरों में टेमीफोस का वितरण किया गया। इसके साथ ही मच्छरों के संख्या पर नियंत्रण हेतु नियमित रूप से ऐसे स्थान जहां पानी एकत्र होता हैए को नाली बनाकर खाली करने के साथ ही रुके पानी पर आयलिंग का कार्य आरंभ किया गया है, ताकि मच्छर को लार्वा स्टेज में ही समाप्त कर मच्छर की संख्या पर नियंत्रण रखा जा सके। उल्लेखनीय है कि मच्छरों की संख्या पर नियंत्रण हमेशा जन सहयोग से ही सफल एवं कारगर होता है। इसके साथ ही वेहिकल माउंटेड थर्मल फागिंग मशीन द्वारा पुरे टाउनशिप में दो चरणों में सघन फागिंग कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। इसके अलावा बैकलेन एवं घरों में कीटनाशकों का छिड़काव नियमित रूप से निरंतर किया जा रहा है। मच्छर नियंत्रण हेतु व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपाय जैसे कूलर एवं पानी की टंकियों को प्रति सप्ताह एक बार पूरी तरह खाली करना, खाली पड़े बर्तनोंए पुराने टायरों में पानी का जमाव ना होने देना की अपील की है।

# युवती को डंडे से पीटा

**भिलाई नगर,** 25 नवंबर। घर का कचरा फेंकने को लेकर उपजे विवाद के चलते युवती से उसके माता पिता और भाई.बहन ने मिलकर पीटा है। मारपीट से युवती के गालए आंख के पास और गले में चोट आई है। घटना बाद युवती ने खुर्सीपार थाना पहुंच परिजनों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरती निवासी एकता नगर जोन.2 केएलसी क्वाटर खुर्सीपार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि सुबह 6 बजे उसकी बहन सुनैना शर्माए मां ज्ञानमती शर्मा पिता रामरूप शर्मा और भाई अंकित ने हमारे घर के तरफकचरा क्यो फेंकते हो कहते हुए एकराय होकर जान से मारने की धमकी दी और सुनैना एवं ज्ञानमती ने हाथ मुक्काए रामरूप ने डण्डा एवं अंकित ने पेचकस के पिछले हिस्से से मारपीट की है। पड़ोस के आशीष मांझी और सुंदर ने बीच.बचाव कर उन्हें मारपीट से अलग किया।

# शहर का चर्चित सुरेश जोशी कोल्ड मर्डर केस से हटा पर्दा

**राजनांदगांव**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। 22 नवंबर को सूचना मिला की पार्रीनाला इण्डियन पब्लिक स्कूल, सुरेश राईस मिल के पास एक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 50-55 वर्ष का शव पडा है कि सूचना पर मौका पहुंचकर प्रार्थी रंजन दास साहू पिता इतवारी दास साहू उम्र 48 साल सकिन पार्रीकला थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव की रिपोर्ट पर मौके पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। पंचनामा कार्यवाही के दौरान परिजन श्रीमती दीपा गुरू पति दीपंकर गुरू द्वारा मृतक के शव को देखकर अपने अपने बड़े भाई सुरेश कुमार जोशी पिता स्व0 मदन लाल जोशी उम्र 52 साल साकिन अरिहंत टावर मानव मंदिर चैक के पास राजनांदगांव के रूप में पहचान किया गया। नंबरी मर्ग क्र0 83/23 धारा 174 जा0फौ0 कायम कर शव का पीएम कराया गया।

मर्ग जांच के दौरान दिनांक 24.11.2023 को ज्ञानचंद बाफना अरिहंत टॉवर राजनांदगांव द्वारा मर्ग से संबंधित शिकायत किया कि आटो चालक अफजल खान के माध्यम से एक टाइपशुदा और एक हाथ में लिखा पन्ना मिला है, जिसमे टाइपशुदा पन्ने को पढने पर जेल भेजने का डर दिखाकर उद्दापन करने की नियत से लिखा प्रतीत हुआ। आटो चालक अफजल खान से पुछने पर बताया कि मुझे नितेश और उसके साथी ने लिफाफा देकर ज्ञानचंद बाफना के पास छोडने बोला था, नितेश ने पूछताछ मे बताया कि उसे प्रेमेन्द्र निर्मलकर गुरूनानक चैक में मिला और बोला की एक बड़ा पार्टी हाथ लगा थोडा रिस्क वाला काम है, साथ देगा तो तुझे भी हिस्सा मिलेगा। जिस पर मै उतावला होकर पुरी बात पुछा तो प्रेमेन्द्र ने बताया की प्रकाश गोलछा प्लान बनाया है कि ज्ञानचंद बाफना को फंसाना है। इसी प्लान के तहत दिनांक 21.11.2023 के दोपहर को ज्ञानचंद बाफना के नौकर सुरेश कुमार जोशी को मै एवं मनीष खुटेल, दयाराम साहू, एवं प्रकाश गोलछा मिलकर थम्सअप में जहर मिलाकर पिलाकर मार दिये है। जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्ग दर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में घटना में संलिप्त व्यक्तियों की पतासाजी हेतू तत्काल थाना स्टॉफ एवं सायबर सेल राजनांदगांव के सयुक्त रूप से टीम गठित कर आरोपी 1. दयाराम साहू पिता खेदू साहू उम्र 36 साल साकिन छछानपहरी थाना अंबागढ चैकी जिला मोहला मानपुर अं0 चैकी 2. मनीष खुटेल पिता रूपनाथ खुटेल उम्र 21 साल साकिन महरूम थाना डोगरगांव जिला राजनांदगांव 3. नितेश सेन पिता मदन सेन उम्र 27 साल साकिन बैलापसरा गणेश मंदिर के पीछे वार्ड नं0 15 राजनांदगांव 4. प्रेमेन्द्र निर्मलकर पिता तिलक राम निर्मलकर उम्र 37 साल साकिन रानीतराई रोड थाना देवरी जिला बालोद छ0ग0 को घेराबंदी कर पकडे पूछताछ पर उपरोक्त आरोपियो द्वारा प्रकाश गोलछा के कहने पर पैसे के लालच में आकर प्रकाश गोलछा के साथ मिलकर सुरेश कुमार जोशी पिता स्व0 मदन लाल जोशी उम्र 52 साल साकिन अरिहंत टावर मानव मंदिर चैक के पास राजनांदगांव को प्रकाश गोलछा के फार्म हाउस में थम्सअप में जहर मिलाकर उसे पिलाकर मारकर उसके शव को कार से पार्रीनाला के पास इण्डियन पब्लिक स्कूल, सुरेश राईस मिल के पास ले जाकर फेंकना एवं उसके गमछा और जूता को रानी सागर तालाब में फेक देना बताये। आरोपीगणों के कब्जे से पेश करने पर थम्सअप, का बोतल, पायजन का शीशी, डिस्पोजल गिलास, रस्सी, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त किया गया। कि आरोपियों के खिलाफ अप.क्र. 879/23 धारा 302, 201, 120 बी भादवि. कायम कर विवेचना मे लिया गया। चारों आरोपियो के विरूद्ध प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से आज दिनांक 25.11.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपियो का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

गिरफ्तार आरोपी नितेश सेन पिता मदन सेन आदतन आरोपी है, जिसके विरूद्ध पूर्व में थाना कोतवाली में अप0क्र0 231/17 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट, अप0क्र0 466/19 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि0 कायम कर चालान किया गया है, तथा धारा 151/107, 116 (3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रकाश गोलछा के विरूद्ध पूर्व में थाना कोतवाली में अप0क्र0 171/2010 धारा 120 बी, 406, 467, 468, 471, भादवि0 एवं अप0क्र0 155/2022 धारा 3, 4 5, 7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 दर्ज कर चालान किया गया है। जो घटना के बाद फरार हो गया है, जिसकी सरगर्मी से पतासाजी कर शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरी. रतन सिंह नेताम, सउनि. दरबारी तारम, प्र.आर. जी. सरिल, संदीप चैहान, आरक्षक रामखिलावन सिन्हा, अनिवाश झा, प्रख्यात जैन प्रदीप जायसवाल, रूपेन्द्र वर्मा, रंजीत चैरसिया, चतुर दास भुवनेश्वर जायसी, बेनूराम नेताम तथा जिला सायबर सेल राजनांदगांव टीम के सउनि0 द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, सुमन कर्ष, प्र0आर0 बसंत राव, अनित शुक्ला, आरक्षक मनीष वर्मा, अवध किशोर साहू, दीपक जाटवर, हरिश ठाकुर, परिवेश वर्मा, आदित्य ठाकुर, हेमंत साहू, मनोज खुंटे, अमित सोनी एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

- षडयंत्रपूर्वक हत्या का आदतन मुख्य आरोपी प्रकाश गोलछा फरार चार सह आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा
- आरोपियों द्वारा मृतक को थम्सअप ( कोल्ड्रिंग ) में जहर पिलाकर की गई हत्या

## कमर की नस दबने का हुआ सफल इलाज

**भाटापारा**, 25 नवंबर।



निपानिया के पास गांव के रहने वाले उमेश कुमार उम्र 20 वर्ष एक्सीडेंट के बाद कमर के नीचे का भाग काम करने में पूरी तरह से असमर्थ हो गया था। कमर से पैरों की ताकत बिलकुल चली गयी थी। एम आर आई से पता चला की कमर की नस दब गयी है। ऑपरेशन के बाद भी ठीक होने की संभावना नहीं दिख रही थी। भाटापारा के सदर बाजार स्थित शारदा हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपिस्ट एवं नस दर्द विशेषज्ञ डॉ सुधाकर शर्मा के द्वारा फिजियोथेरेपी के इलाज के माध्यम से 2 महीनों के अंदर पैरों के नसों में फिरसे सुधार होने लगा एवं पहले की तरह चलने में समर्थ हो पाया। डॉ सुधाकर शर्मा ने फिजियोथेरेपी के इलाज के माध्यम से पिछले 14 सालों से रायगढ़ के कई मरीजों का इलाज किया है। नस दर्द जाँच की सुविधा जो महानगरों में होती थी,वो अब भाटापारा के शारदा हॉस्पिटल मे निम्नतम शुल्क मे उपलब्ध है।

## आज नगर में मनाया जाएगा संविधान दिवस

### संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से करेंगे वाचन



**खैरागढ़,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। केसीजी जिला मुख्यालय में 26 नवम्बर को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रविवार 26 नवम्बर को भारतीय संविधान के निर्माता, जनक बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की संविधान दिवस मनाया जा रहा है. यह कार्यक्रम आयोजन समिति जिला केसीजी के तत्त्वधान में आयोजित किया जा रहा है. जिसमे प्रमुख वक्त के रूप में विधि विशेषज्ञ सुभाष सिंह, साहित्यकार जीवन यदु राही, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकांत पांडे, सामाजिक चिंतक भागवतशरण सिंह प्रमुख वक्ता रहेंगे. यह कार्यक्रम रविवार शाम 4 बजे नगर के बस स्टैंड के पास डॉ. आंबेडकर चौक में आयोजित होगी जिसमे सभी नगरवासियों व अंचलवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डेंटल क्लीनिक में लगी आग

### अलमारी में रखे रिकॉर्ड जला

**डोंगरगांव**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में 25 नवंबर शनिवार को दोपहर 2 बजे डेंटल क्लीनिक में अचानक शार्ट सर्किट से आग लगी आग लगने के समय लंच था डेंटल डॉक्टर खाना खाने के लिए चले गए थे उसी समय एक ब्लास्ट हुआ जिससे आसपास के लोग आवाज सुन कर पहुंचे थोड़ी देर बाद डेंटल क्लीनिक से अचानक धुआं निकलते देखा तो वहा पर उपस्थित मरीजों ने आवाज लगाई स्टाप पहुंचकर जब डेंटल क्लीनिक के दरवाजा को खोलकर देखा गया तो अलमारी के बगल में बिजली बोर्ड था जिससे शार्ट सर्किट से आग निकल रही थी जिसे अलमारी में रखे रिकॉर्ड और दास्ताना तथा अन्य सामान भी जल कर राख हो गया था इस घटना में एसी का मशीन ढक्कन भी जल गया है और लगने की सूचना पुलिस थाना में दे दी गई है सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल की गई है अचानक लगी आग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के डाक्टरों ने मिलकर आग पर काबू पाया गया



**सीएमओ पहुंचा निरीक्षण में**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव के डेंटल क्लीनिक में अचानक आग लगने की खबर सीएमओ डॉक्टर अशोक कुमार बसोड को दी गई जो जिले के अन्य अस्पताल में पहुंचे थे जहां से सूचना मिलते ही डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया गया

## गुरुनानक जयंती पर आज भव्य शोभायात्रा व नगर कीर्तन



**डोंगरगढ़,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। मानवीय एकता के महान संदेशवाहक, विश्व बंधुत्व के प्रणेता, तथा सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु गुरुनानक देवजी का 554 वां आगमन पर्व सम्पूर्ण सिख समाज द्वारा पूर्व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है । पर्व को लेकर स्थानीय गुरुद्वारा को आकर्षक लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया है । गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा द्वारा समूह सिख संगत भाइयों बहनों के सहयोग से प्रकाश पर्व को परंपरागत और भव्य रूप से मनाने के लिए विगत कई सप्ताह से तैयारी शुरू कर दी गई है । सिख धर्म के प्रथम गुरु नानक देव जी जयंती पर आज नगर में स्थानिक गुरुद्वारा से नगर भ्रमण हेतु भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी । जोकि नगर के मुख्य चौक चौराहो से होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचेगी इस बीच मुख्य मार्ग में शोभायात्रा की स्वागत के लिए समाज के लोगों द्वारा तैयारी की जा रही है । वही जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा में कल 27 नवम्बर को सुबह शबद कीर्तन के बाद दोपहर को महाराजा रणजीत सिंह हाल में लंगर का आयोजन गुरुद्वारा समिति द्वारा रखा गया है ।

## सार-संक्षेप

### देवउठनी एकादशी पर आकर्षक रंगोली बनाई गई



**खरोरा,** 25 नवंबर। दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी का इंतजार सभी को रहता है क्योंकि देवी देवताओं के जागरण के साथ ही सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। देवउठनी धूमधाम से मनाया गया , देवउठनी एकादशी दीपावली के 11 दिन के बाद मनाई जाती है। घर के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई गई।

### राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईटीपीबीएस की बैठक संपन्न

**बिलाईगढ़**, 25 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सारंगढ़ के एनआईसी कक्ष में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने ईटीपीबीएस की बैठक ली।बैठक में उप डाकपाल सारंगढ़, 4 राजनीतिक दलों के और निर्दलीय प्रत्याशी के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन मतगणना दिनांक 3 दिसंबर 2023 को सुबह 7-30 बजे तक सभी प्रत्याशियों और उनके एजेंट को अपने आईडी के साथ मतगणना केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। डाक मत पत्र (ईटीपीबीएस) के अंतर्गत जिले और विधानसभा के ऐसे मतदाता आते हैं, जो भारत के सेवा क्षेत्र में शामिल हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी सहित मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, अविनाश सिदार उपस्थित थे।



## सब्जियों के दामों में आई कमी, ज्यादा आवक होने से लोगों को मिली राहत

**डोंगरगढ़,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय बड़ियों में सब्जियों की आवक शुरू हो जाने के बाद से काफी हद तक इनकी कीमतों में पहले से कमी आई है लेकिन टमाटर अभी भी 30 से 35 रूपये किलो बिक रहा है आलू और प्याज की कीमतों में भी स्थिरता बनी हुई है. मिली जानकारी के मुताबिक धर्मानगरी में भी सब्जियों की मांग पहले से ज्यादा हो रही है रही है. स्थानीय बाडीयों से भी सब्जियों की आवक में काफी तेजी आयी है स्थानीय मंडी में प्रतिदिन 200 टन से अधिक सब्जियां पहुंच रही है, जिसमे प्रमुख रूप से भटा से लेकर करेला, लोकी, कुम्मडा, बरबट्टी, पत्तागोभी, कटहल, भेंडी, टमाटर, धनिया पत्ती, मिर्ची , फूलगोभी, सेमी , बरबटी सहित अन्य सब्जियां भी बहुतायत में पहुंच रही है वही देखा जाए तो आलू और प्याज , टमाटर कीमतों मे अभी भी तेजी बनी हुई है लेकिन अन्य सब्धियों की कीमतों में काफी हद तक कमी आयी है । स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि मुलताई से आलू की आवक हो रही है. नासिक से प्याज की अधिक से अधिक आवक हो रही है प्याज की कीमतों में अभी भी 60 से ?70 प्रति किलो बनी हुई है । व्यापारी राजू यादव , प्रकाश सिन्हा , लेखराज तथा समय लाल का कहना है कि स्थानिय बाडीयों के अलावा नांदगांव जिले की बाड़ियों से ही सब्जियों की सर्वाधिक आवक हो रही है महाराष्ट्र से भी कुछ सब्जियां तथा फल मंगाई जा रही है. प्याज नासिक से पहुंच रहा है. आलू मूलराई से मंगाई जा रही है. स्थानीय बाड़ियों में सब्जियों की आवक अधिक से अधिक होने के कारण लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली है ।



## मां गंगई मंदिर में चोरी, 2 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार की देर रात मंदिर का ताला तोड़कर चोर ने दान पेटी से नगदी सहित गहनों की चोरी कर ली। चोरी की सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। सुबह होने पर मंदिर के पुजारी को चोरी का पता चला। मंदिर के पुजारी के रिपोर्ट पर गंडई पुलिस ने सीसीटीवी खंगाला कर महज डेढ़ घंटे में ही चोर को नगदी और गहनों समेत धर दबोचा।

बताया जाता है कि मां गंगई मंदिर नगर की कुल देवी का मंदिर है, मंदिर में चोरी की खबर से पूरे नगर में खलबली मच गई। जिसके चलते नगर में कई तरह की बाते उठाने लगी। बताया जाता है कि चोर ने नगदी समेत गहनों को अपने घर में छुपा कर रखा था। जिसे पुलिस ने घेरा बंदीबकर आरोपी को नगदी और गहनों समेत धर दबोचा।



प्रति दिन की भांति आज सुबह मां गंगई के पुजारी अनुभव दुबे ने मंदिर का पट खोला तो मंदिर के दान पेटी का ताला टूटा हुआ साथ ही माता के मुकुट और करधन गायब मिला जिससे चोर होना साफ दिखा रहा था। पुजारी अनुभव दुबे पिता मुकेश दुबे निवासी टिकरीपारा गंडई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 नवंबर की रात्रि में मां गंगई मंदिर का ज्योति कक्ष का दरवाजा तोडकर माता का मुटुक कीमती 5000 रू. व करधन कीमती 10,000 रू एवं दान पेटी में रखे नगदी रकम करीबन 5000 रू. जुमला कीमती 20,000 रू. को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत खाण्डे के निर्देशन पर में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना से तत्काल टीम तैयार कर महज डेढ़ घण्टे के अंदर मां गंगई मंदिर के माता का मुटुक, करधन एवं दान पेटी में रखे नगदी रकम को चोरी करने वाले आरोपी प्रदीप बघेल उर्फ पिन्टू बघेल पिता मानसिंग उर्फ मक्कू बघेल उम्र 27 साल साकिन वार्ड नं. 08 रावणपारा गंडई का पता लगा कर घेराबंदी कर चोरी के मुटुक, करधन एवं दान पेटी में रखे नगदी रकम पकडकर थाना लाकर गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना गंडई से सउनि मयाराम नेताम, प्रधान आरक्षक आसुतोष सिंह, आरक्षक नरेश ठाकुर, ईश्वर मरकाम, उमेश बंजारे की सराहनीय भूमिका रही।

## निधन

### चित्रा राव

**रायपुर,** 25 नवंबर। पार्थवी प्रोविंस कॉलोनी सरोना निवासी श्रीमति चित्रा राव (उम्र 46) का आज आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. अनिल राव की पत्नी थी, और सोना राव की भाभी एवं ऐश्वर्य राव, पीयूष राव की माता थी।



### शबीना बेगम

**पलारी,** 25 नवंबर। पलारी वार्ड क्रमांक-8 पलारी निवासी शबीना बेगम की आज आकस्मिक इंतकाल हो गया है। उन्हें आज 26 नवम्बर समय सुबह 10 बजे पलारी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जायेगा। वह शेख मोहम्मद नेपाली की धर्मपत्नी थी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### आरटीओ ने सरकारी काम में लगे ...

उलझाने की कोशिश करते रहे। उड़नदस्ता प्रभारी मुकेश यादव भी ट्रक चालकों और ट्रक मालिकों से ऐसा सलूक कर रहे थे, मानो वे अपराधी हों। आरटीओ के लोग अंत तक अपनी जिद पर अड़े रहे और ऑनलाइन जुर्माना वसूल कर ही उन्होंने दम लिया। हर ट्रक पर लगभग 25 हजार रुपए का जुर्माना ठोंक दिया गया। उक्त आरोप के विषय पर चर्चा करते हुए परिवहन विभाग के सब स्पेक्टर मुकेश कुमार यादव ने कहा कि हमने तो गाड़ी मालिकों का सहयोग किया है अन्यथा हम वाहनों को जब्त कर पुलिस थाने में खड़ी करवा देते हैं जो भी कार्यवाही हुई है सही है। कार्यवाही स्थल पर उपस्थित लोगों ने कहा की आरटीओ विभाग के आज की कार्यवाही से साफ प्रतित होता है की शासकीय कार्य के क्रियान्वयन में अड़ंगा लगाने के कार्य में अधिकारी वर्ग ही बढ़ावा देते है।

### बेमेतरा पुलिस ने जुआड़ियानों से वसूली ...

में 1 व्यक्ति, चौकी कंडरका 1 चालान में 1 व्यक्ति, कुल 2 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 02 प्रकरण में कुल 6 00/- रूपये समन शुल्क लिया गया।

इसी क्रम में दिनांक 24.11.2023 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना खम्हरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना दाढी 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी देवकर 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 107,116 (3), 151 जा.फौ. के तहत कुल 06 प्रकरण में 06 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

## सोसाइटी के धान खरीदी केंद्र में परिवहन धीमी से करोड़ो का धान हुआ जाम

**घनश्याम साव**

**डोंगरगांव,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। त्योहार के बाद खेती किसानी का जोर तेजी से पकड़ लिया है डोंगरगांव में कुछ क्षेत्र के किसानों ने धान की कटाई कर तुरंत हार्वेस्टर के माध्यम से कटाई और मिंजाई दोनों कार्य तेजी से कर रहे हैं किसान पहले मजदूरों के माध्यम से कटाई कर रहे थे किसान पहले खेत खलिहान से घर तक लाकर मिंजाई बैलगाड़ी और ट्रैक्टर के माध्यम से करते थे परंतु परिवर्तन युग में अब लोग समय की बचत कर तत्काल खेत पर ही एक ही दिन में कटाई मिंजाई कर रहे हैं किसान अब सोसाइटी में टोकन लेकर सीधे समर्थन मूल्य पर बेच रहे हैं पूर्व की अपेक्षा इस वर्ष अधिक बारिश की वजह से धान की फसल उत्पादन दो गुना हुआ है किसान वर्ग के चेहरे में खुशी झलक रही है सरकार कोई भी आए किसानों के धान के दाम बढ़ेंगे साथ ही शासन की योजना का पूरा-पूरा लाभ भी मिलेंगे



**परिवहन धीमी से सोसाइटी में करोड़ों का धान जाम हुआ है**

डोंगरगांव और खुज्जी क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति धान संग्रह केंद्र में इस वर्ष धान की खरीदी में किसानों का धान बंपर आवक है परंतु मार्कफेड की ढिलाई से दो दर्जन से अधिक धान संग्रह केंद्र में परिवहन का लचर व्यवस्था से सोसाइटी में धान अभी से जाम हो गया है धान का उठाव करने में अभी तक कोई भी गंभीरता नहीं दिखाई दे रहा है

**डोंगरगांव खुज्जी क्षेत्र में दो करोड़ से अधिक धान खरीदी हुआ**

डोंगरगांव खुज्जी क्षेत्र की धान संग्रह केंद्र सोसाइटीयो में अब तक 2 करोड़ से अधिक धान खरीदी की जा चुकी है सभी किसानों के धान बेचते समय अब बायोमैट्रिक और थम्स के माध्यम से जांच कर खरीदी की जा रही है

1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होते ही सभी सोसाइटियों में बारदाना और टोकन की व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है कोई भी किसानों को इस समय धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसका ध्यान रखा गया है सोसाइटी में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज में धान खरीदी का टोकन देकर खरीदा जा रहा है

**डोंगरगांव एवं खुज्जी क्षेत्र के इन गांवो में हो रही है धान खरीदी**

किसानों का समर्थन मूल्य में धान खरीदी संग्रह केंद्र के इन गांव में खरीदी शुरू हो गया है डोंगरगांव घुगवा अर्जुनी दीवान भेड़ी खुर्सिटीकुल कोकपूर आमगांव शहीद ग्राम बादराटोला आतरगांव कुमर्दा चिरचारी कला चारभाटा धनगांव सहित कुल 13 गांव को संचालित किया गया है इसी प्रकार खुज्जी खुर्सीपार रतनभाट मटिया गिदर्री पांगरीकला उमरवाही पांगरिखुर्द सहित कुल 8 गांव को में संचालित हो रहा है

**कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र में समीक्षा की**

डोंगरगांव और खुज्जी क्षेत्र के सभी धान संग्रह केदो में कलेक्टर डोमन सिंह पहुंचकर समीक्षा करते हुए सभी सोसाइटियों के प्रबंधकों को सुचारू रूप से धान खरीदी कर व्यवस्था को संचालन करने का निर्देश दिया गया है

उल्टा पुल्टा

एक बार संतू ट्रेन में सफर कर रहा था। ट्रेन में बहुत भीड़ होने की वजह से वो एक गंजे आदमी की गोद में बैठ गया।
**आदमी (गुस्से में)** - हां, हां! मेरे सिर पर आकर बैठा जा।
**संतू**- नहीं, अंकल मैं यहीं ठीक हूं, वहां से फिसल कर गिरने का डर है।

# खालशाई शान से निकले नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत

## गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व पर कल होंगे विविध कार्यक्रम



**महासमुंद,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर शनिवार की शाम नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। प्रकाश पर्व 27 नवंबर को मनाया जाएगा। इसको लेकर सिख समाज में पखवाड़े भर से उत्साह का माहौल है और प्रतिदिन आयोजित होने वाले प्रभात फेरी में लोगों का उत्साह देखते बन रहा था। शनिवार को संध्या बेला में सजे रथ पर गुरूग्रंथ साहेब को विराजित कर नगर कीर्तन पंजप्यारों की अगुवाई में गुरूद्वारा से निकला जो नगर भ्रमण उपरांत वापस गुरूद्वारा पहुंचा। इस दौरान सिख समाज, सिंध समाज के अलावा अनेक समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा का जगह-जगह अगुवानी की। गुरू पर्व के लिए नेहरू चौक से लेकर गुरूद्वारे तक विद्युत रोशनी की गई है। नगर कीर्तन में गतका पार्टी के करतब आकर्षण का केंद्र रहा और लोग मंत्रमुग्ध होकर तरवार बाजी व अनेक करतबों का आनंद लेते रहे। मार्ग में सिख परिवार के लोगों ने पंजप्यारों का पुष्पहार, दुग्ध व अन्य पूजन विधान के अनुसार स्वागत कर चरणस्पर्श किया। गुरूग्रंथ साहेब के आगे-आगे जल का छिड़काव किया जा रहा था वही खालसा युवा मंच के बालक-बालिकाएं अगुवानी में सड़क की सफाई करते चल रहे थे। चौक-चौराहों पर जमकर आतिशबाजी भी की गई।

# 6 माह के भीतर बायपास रोड बनाने मंथन



**महासमुंद,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। बाईपास निर्माण संघर्ष समिति महासमुंद का प्रतिनिधि मंडल नगर की ट्रैफिक्र व्यवस्था की सुधार के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह की उपस्थिति में बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर नगर के भीतर ट्रैफिक्र व्यवस्था में सुधार के लिए विमर्श किया गया। इसमें प्रमुख रूप से नगर सीमा के अंदर हाईवे में गति नियंत्रण हेतु बोर्ड लगाकर वाहनों की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा में नियंत्रित करने, नगर सीमा के हाईवे में जगह.जगह बैरिकेट्स एवं चौक चौराहा में डिजिटल टाइमर सिग्नल लगवा कर ई चालान द्वारा ट्रैफिक्र नियम का कड़ाई से पालन करने का निर्देश एसपी ने ट्रैफिक्र पुलिस डीएसपी को दिया गया। अन्य बिंदुओं में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एवं

**ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने संघर्ष समिति व पुलिस प्रशासन की चर्चा**

सायं 4 से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों के लिए नो एंट्री का समय निर्धारित किया गया है। वी वाहनों में ड्राइवर के साथ कंडक्टर न होने पर चालान करने को सुनिश्चित किया गया, एफसीआई रोड में सायं 6 बजे के बाद ही भारी वाहनों के प्रवेश के लिए व्यवस्था करने हेतु आश्वासन दिया गया। इन सबके अलावा प्रमुख रूप से डीएसपी ट्रैफिक्र महासमुंद को आम जनता एवं बाईपास निर्माण संघर्ष समिति के लिए हेल्पलाइन डेस्क इंचार्ज नियुक्त किया गया। जिससे मोबाइल या व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर नगर की ट्रैफिक्र व्यवस्था में निरंतर सुधार कराने की मांग शामिल है। बैठक में 6 माह के भीतर बायपास रोड प्रारंभ करवाने के लिए मार्ग प्रशस्त करने हेतु संकल्प लिया गया। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से अग्रज शर्मा, भरत चंद्राकर, आनंद साहू, चेंबर ऑफ़कॉमर्स के अध्यक्ष श्रेयांश चोपड़ा, चेंबर ऑफ़कॉमर्स के अध्यक्ष राकेश झाबक, चार्टर्ड एकाउंटेंट रितेश गोलछा, पप्पू ठाकुर, नरेश नायक, सुमन सेदरे, राजेश डड़सेना, ज्ञानचंद चोपड़ा, नीरज जैन, आम्रपाल गुरुदत्ता, दानेश्वर सिन्हा, सोमेश दावड़ा, पार्षद हाफ़िज़ कुरैशी, पार्षद मनीष शर्मा, मनोज नेभानी, मोहित इसरानी, हेमंत सोनी, हेमंत तिवारी, सुशील चंद्राकर, उमेश, राजेश कुमार, ताराचंद चांडक, हेमंत बघेल, अशोक साहू, आरएस चंद्राकर, राजेश मदनकर, राकेश चौबे, मोहम्मद अवीज एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

# राजिम में खुलेआम भीड़भाड़ वाले इलाके में चेन स्नेचिंग




**राजिम,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शनिवार की शाम करीब 6 बजे के आसपास महामाया मंदिर के ठीक सामने भीड़भाड़ वाले इलाके में चेन स्नेचिंग की घटना से लोग भयभीत हैं यह घटना इतनी तेजी से हुई की जिस महिला के साथ यह घटना घटित हुई वह सदमे में है मिली जानकारी के अनुसार शाम 6 बजे राजिम निवासी कामकाजी महिला जो एक घर में खाना बनाने का काम करती है वहां से काम निपटाकर वापस अपने घर की ओर जा रही थी इसी दौरान मोटरसाइकिल से दो युवक गुजरे उसमें से एक युवक अपने मुंह पर नकाब बांधकर उक्त महिला पर झपट्टा मारते हुए गले से माला छीन कर भाग गया, जिसमे माला का एक टुकड़ा चोर के हाथ में आया तो दूसरा टुकड़ा उक्त महिला के हाथ में अचानक हुए इस घटना से उक्त महिला सदमे में है समाचार लिखे जाने तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी किंतु उक्त महिला ने बताया कि उनके गले में पहना हुआ वह माला आर्टिफिशियल था. नगरवासियों ने कहा कि नगर में पुलिस गश्त कम होने की वजह से इस तरह की आपराधिक घटनाएं घट रही है। भीड़भाड़ वाले इलाके में पुलिस गश्त अत्यंत आवश्यक है।

# ट्रक में गांजा तस्करी कर रहे दो तस्करों को बोराई पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा कानुन व्यवस्था एवं अपराधो के नियत्रंण की रोकथाम करने व समय-समय पर समस्त

- **80 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा लगभग कीमती सोलह लाख रुपए जप्त**
- **बोराई पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्यवाही जारी**




थाना/चौकी प्रभारियों को आसूचना तंत्र को मजबूत करते हुए एवं संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिस पर अति.पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आर. के. मिश्रा के नेतृत्व में 24 नवम्बर को थाना प्रभारी बोराई राजेश जगत के द्वारा मय स्टॉफ के नाकाबंदी पाईट एवं जांच कार्यवाही की जा रही थी तभी उडिसा के तरफ से आते एक ट्रक क्रमांक यूपी 93 बीटी 3595 को थाना बोराई के सामने बैरियर नाका के पास संदेह के आधार पर रोककर चेक किया गया जिसमें दो व्यक्ति बैठे मिले पुछताछ में गतिविधी संदिग्ध लगी तब उनका नाम पुछने पर चन्द्रभान सिंह उर्फ कल्ला पिता भूपर सिंह उम्र 30 वर्ष साकिन जुगहा थाना अबुला जिला शीवपुरी (म0प्र0) एवं यशंवत साहू उर्फ मनीष पिता महेन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष साकिन वार्ड नं0 31 उनाव रोड़ बालाजी नगर दतिया थाना दतिया जिला दतिया (म0प्र0) के रहने वाले बताये जिससे तलाशी लेने पर चार अलग-अलग बोराई में 80 किलो मादक पदार्थ गांजा किमती करीबन लगभग 16 लाख रूपये जप्त किया गया गया।

कार्यवाही में थाना बोराई प्रभारी निरी. राजेश जगत, एएसआई. रामकृष्णसाहू, आर. जितेंद्र कोर्राम, कुबेर जुर्री, प्रदीप देव, प्रवीण मरकाम, प्रमोद गाहड़े, युवराज साहू, नरेश सिदार का विशेष योगदान रहा।

# भागवत ज्ञान सप्ताह में रुकमणी-कृष्ण विवाह का वर्णन



**कुंडिनपुर के राजा भीष्म की पुत्री रुक्मणी का विवाह भगवान कृष्ण से करना चाहते थे पर उनका बड़ा पुत्र रुक्मी भगवान कृष्ण के विरोधी थे : पं. नवलकृष्ण**

**राजिम,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन छोटे राजीवलोचन मंदिर के पास गुप्ता परिवार राजिम द्वारा 20 से 27 नवंबर तक किया जा रहा है कथा स्थल को बहुत ही आकर्षक ढंग से फूलों एवं विद्युत झालर से सजाया गया है श्रोताओं को भजनों के द्वारा थिरकने के लिए पं. नवलकृष्णजी महाराज के साथ पधारे भजन गायक एवं वादक विवश कर देते है कथा श्रवण हेतु सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा का रसपान कर रहे हैं।

पं. नवलकृष्ण महाराज ने कथा की व्याख्या करते हुए बताया कि कुंडिनपुर के राजा भीष्म की पुत्री रुक्मणी का विवाह माता-पिता भगवान कृष्ण से करना चाहते थे पर उनका बड़ा पुत्र रुक्मी भगवान कृष्ण के विरोधी थे वह अपनी बहन रुक्मणी का विवाह शिशुपाल से करना तय कर दिया बूढ़े माता-पिता पुत्र के हठके सामने असहाय हो गए इधर रुक्मणी ने श्री कृष्ण को पत्र लिखकर भेजा कि वह श्री कृष्ण को पति मान चुकी है इसलिए भगवान कृष्ण आए और रुक्मणी का हरण करके ले जाए जैसे ही यह पत्र भगवान कृष्ण को मिला रुक्मणी को रथमें बिठाकर द्वारका ले आए वहां वैदिक रीति से रुक्मणी का श्री कृष्ण से विवाह संपन्न हुआ भगवान श्रीकृष्ण के विवाह की सुंदर और आकर्षक झांकी महाराज जी के साथ वृंदावन से आए झांकी वाले ने प्रस्तुत करपूरे वातावरण को कृष्ण रुक्मणी मय बना दिए बारातियों का स्वागत धूमधाम से किया गया फिर महाराज जी ने बताया की दुख केवल मनुष्यों पर ही नहीं देवताओं पर भी आया है रामायण की सीता और महाभारत की द्रौपदी स्वयं भगवान राम भगवान कृष्ण भगवान महावीर पैगंबर मोहम्मद साहब ईसा मसीह के ऊपर क्या-क्या विपत्तियां नहीं आई इन सब का गरिमा मय इतिहास है इसलिए मनुष्य को विपत्तियों से घबराना नहीं चाहिए यह बात श्री राधा कृष्ण मंदिर छोटे राजीव लोचन मंदिर राजिम में भागवत कथा के छठवें दिवस व्यास पीठ से आचार्य नवल कृष्ण महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा किदुख का कारण कोई दूसरा नहीं होता मनुष्य स्वयं अपने दुख का कारण होता है।

# विजेता टीम को दिया गया पुरस्कार



**महासमुंद,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। जय सिद्ध बाबा पचेड़ा क्रिकेट क्लब पचेड़ा द्वारा आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का समापन हुआ। प्रतियोगिता में अनेक क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया। फायनल मैच पचेड़ा व नयापारा एलिगेटर महासमुंद के मध्य खेला गया। जिसमें नयापारा एलिगेटर महासमुंद ने पहली बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 63 रनों का लक्ष्य पचेड़ा के समक्ष रखा। जिसमें पचेड़ा की टीम ने सिर्फ18 रन बना पाये। इसी तरह नयापारा एलिगेटर 45 रनों से जीत हासिल की। विजेता टीम को नगद 9000 रुपए पंचायत द्वारा दिया गया। द्वितीय पुरस्कार पचेड़ा को 7000 कोमल महानंद, शेखर चंद्राकर द्वारा व तृतीय पुरस्कार मामा भांचा व चतुर्थ पुरस्कार बोईरगांव को दिया गया। आयोजन समिति द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारी पहले से कर रखी थी। जिसके कारण प्रतियोगिता में अनेक टीमों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा हेतु समिति के अध्यक्ष निलेश गोरले, सचिव नागेन्द्र कुमार, कप्तान सोनू खान, उप कप्तान गोलू सहनी व पचेड़ा ग्राम के लोगों का सहयोग रहा। नयापारा एलिगेटर महासमुंद विजेता टीम के कप्तान अनीस यादव, संजय, चेतन, संजू, राजेन्द्र, रुपेश, दीपक, विक्की, संदीप, प्रकाश, भुरु, केशव आदि है।

# छात्राओं ने पौधों के संरक्षण के लिए साफ-सफाई की




**महासमुंद,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में आज ईको क्लब की छात्राओं के द्वारा इको गार्डन में पौध संरक्षण का कार्य किया गया। पहले से रोपे गए पौधों की कटाई छटाई के साथ ही खरपतवार को छात्राओ के द्वारा मिलजुलकर नष्ट किया गया। उक्त कार्यक्रम ईको क्लब प्रभारी परस राम सिन्हा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इसमे कुमारी उर्मिला साहू, अंजू साहू, दीप्ति साहू, गुंजा, कमलेश्वरी, जया निषाद, मुस्कान परवीन, चंचल, जीतेश्वरी, नीतू, लोकेश्वरी, सिद्धेश्वरी, अंजू चक्रधारी, ईशा, निशा, धान कुमारी सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

# शासकीय प्राथमिक शाला दुलना के परिसर में पंचायत भवन होने से विद्यार्थियों को परेशानी : प्रधानपाठक

**नवापारा राजिम,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला दुलना के परिसर में ही पंचायत भवन स्थित है। जिससे वहां पढ़ने वाले आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक शाला में 3 से 11 साल के बच्चे अध्ययनरत हैं। पंचायत कार्यालय शाला परिसर में स्थित होने के कारण ग्रामवासियों को पंचायत भवन आना जाना पड़ता है। जिसमें कई लोग सायकल व मोटरसायकल से आते जाते हैं, जिसके चलते कभी भी विद्यार्थियों को दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है साथ ही पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। कई बार असामाजिक तत्वों का भी आना जाना लगा रहता है। कुछ दिन पूर्व बाथरूम में लगे विद्युत कनेक्शन के तार की भी चोरी हो चुकी है, जिसकी सूचना प्रधानपाठक व्दारा गोबरा नवापारा थाने में दर्ज कराई गई है। चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्य भी प्रभावित होता है। इन सब परेशानियों को देखते हुए प्रधानपाठक रामनाथ साहू ने

- **प्राथमिक शाला से अलग नये पंचायत भवन बनाने की मांग उठाई प्रधानपाठक एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष ने**
- **सरपंच ने कहा कि यदि शासन नये स्थल पर पंचायत भवन बनाती है तो जनहित में अच्छा है : उमेश साहू**

कलेक्टर रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर, जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अभनपुर, जनपद पंचायत अभनपुर, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक अभनपुर को लिखित जानकारी देकर पंचायत भवन शाला परिसर से हटाकर अन्यत्र बनाये जाने की मांग की है।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष यादराम साहू ने भी विधायक धनेन्द्र साहू से नये पंचायत भवन की मांग की है। जिससे बच्चों को होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में अधिक दर्ज संख्या होने से स्कूल में जगह का काफी अभाव है।

इस संबंध में जब सरपंच उमेश साहू से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि शासन अलग स्थल पर पंचायत भवन का निर्माण कराती है तो यह जनहित एवं छात्रहित में अच्छा है।

# योगा, जुंबा और विभिन्न खेल गतिविधियों में शामिल हुए बच्चे, नागरिक

**महासमुंद,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। लोगों की बेहतर सेहत और जागरूक करने के साथ उनकी इम्यूनिटी सिस्टम को और मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, खेल विभाग, खेल संघ तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन स्थनीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में सुबह 7 से 8. 30 बजे तक किया गया। जिसमें हैंडबाल, हॉकी, खो खो, कबड्डी, नेटबॉल, रस्सा कसी, फुटबॉल, बॉल बैडमिंटन, नेटबॉल, बास्केटबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट खेल के साथ पारंपरिक गतिविधियां आयोजित किया गया। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि आयोजन में विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, खेल संघ, नवकिरण अकादमी, सत्यम योगा अकादमी, पुलिस लाईन, ग्राम पंचायत खट्टी, आदिवासी बालिका व बालक छात्रावास, अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक सहित 600 से अधिक प्रतिभागियों ने गुड मॉर्निंग महासमुंद में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया। सत्य नारायण दुर्गा व देवेंद्र दीवान के मार्गदर्शन में सत्यम योग एकेडमी महासमुंद द्वारा एडवांस योगासन पूर्ण धनुराशन, पूर्ण चक्राशन, त्रि विक्रमाशन, भू नमन आसान का प्रदर्शन किया गया। जिसमें 5 अंतर्राष्ट्रीय योग खिलाड़ी वरुण, देवेंद्र, गुणवंत, तिलक, तेजस्विनी शामिल रहें।



अफ्ज़ल अय्यूबी के मार्गदर्शन में फुटबॉल का अभ्यास किया गया जिसमें वेडनर मेमोरियल स्कूल के खिलाड़ी शामिल हुए। सै. इमरान अली के मार्गदर्शन में हैंडबाल खेला गया जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के खिलाड़ी, खेल संघ के खिलाड़ी शामिल हुए जिसमें कान्हा, शिवम, सितेंद्र, चंद्रकांत, उदय मंडल, रोशन, सकलेन, मोनू, चंदन का अच्छा प्रर्दशन रहा। कुलेश्वर चंद्राकर, आकाश सोनी के मार्गदर्शन में नेटबॉल व बॉस्केटबॉल खेला गया, जिसमें ओजश्वी चंद्राकर, खुशबू साहू, योजना रंगारी, तारिणी साहू, सौम्या खान, हेमा साहू, सिद्धार्थ साहू, सिद्धार्थ चंद्राकर, आशीष शर्मा, शेखर, पारख ने अच्छा प्रदर्शन किया। जमसेद रजा के मार्गदर्शन में क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें लॉरेंस एंटोनी, जीनस जॉन, तबरेश खान, तोरण ध्रुव, जावेद खान, वैभव का अच्छा प्रर्दशन रहा। वॉलीबाल में ग्राम पंचायत खट्टी, पुलिस लाईन, शिक्षा विभाग, सेंट पीटर्स चर्च की टीम के मध्य मैच खेला गया, जिसमें तोरण यादव, अमित साहू, रघुनंदन हरवंश, छत्रपाल सिन्हा, प्रवीण प्रधान, हेमंत ध्रुव ने अच्छा प्रदर्शन किया। प्रभात सेठ, भूषण साहू के मार्गदर्शन में बॉल बैडमिटन का मैच खेला गया जिसमें लोकेश साहू, ओम, कान्हा का अच्छा प्रर्दशन रहा। हितेष यादव, वैशाली सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जुंबा डांस किया गया, जिसमें समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, खिलाड़ी, शिक्षक, नागरिक शामिल होकर जुंबा डांस का आनन्द लिया। सेवन दास मानिकपुरी, ईश्वर चंद्राकर, इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू के मार्गदर्शन में रस्साकसी का आयोजन किया गया जिसमें नव किरण अकादमी, डीएमएस स्कूल, आशीबाई कन्या स्कूल, शिशु संस्कार, आदिवासी बालिका छात्रावास के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया व प्रतियोगिता में उत्साह देखा गया। पारंपारिक गतिविधियों में संखली, डॉज बॉल खेला >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अमृतवेले में प्रोजेक्टर के माध्यम से चलाया जा रहा सत्संग



**नवापारा राजिम,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। श्रीसिंध पंचायत नवापारा की गुरुनानक सेवा समिति एवं सतगुरु सेवा दल द्वारा अमृतवेले में अपनी सेवाएं देकर समाज के अनेक लोगों को धर्म से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है श्री गुरुनानक दरबार में प्रोजेक्टर के माध्यम से अमृतवेले सुबह 4.30 बजे से 6.15 बजे तक प्रोजेक्टर के माध्यम से सत्संग चलाया जाता है जिसमें सिखलाई नाम जपना अच्छे कर्म करने पर जोर दिया जाता है जिसका लाभ समाज के सैकड़ो लोग ले रहे हैं खासकर छोटे-छोटे बच्चे सत्संग का लाभ लेने पहुंच रहे हैं समिति का उद्देश्य बच्चों को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ना है अमृतवेले में आने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था भी की गई है। अमृतवेले में भाई साहब वीरभान ज्ञानचंदानी सुनील ज्ञानचंदानी मुरली धर सचदेव अमित जगवानी भरत नागवानी सुदामा मध्यानी इंद्र कुमार जगवानी विकास नारवानी अनिल सचदेव गोविंद इसरानी लखन खुराना यश फोटानी के साथ अनेक युवा एवं महिलाएं शामिल होकर सत्संग का लाभ लेते हुए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सत्संग के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है अमृतवेले उठकर नाम जप करें चाहे आप किसी भी धर्म और जाति के हो अमृतवेले जरूर उठे। अमृतवेले उठ कभी न धोखा खाएगा, तेरे हर संकट के मौके पर वाहेगुरु दौड़ा आएगा.

# नए जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 440 मौतें से लोगों में दहशत

**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर(देशबंधु)। नवगठित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में गत माह अक्टूबर 2023 को हुए पूरे मौत का विश्लेषण करने पर कई महत्वपूर्ण तथ्य मिलते है अक्टूबर में जिले के तीनों ब्लॉक में कुल 440 मौत हुई है ब्लॉक बरमकेला में 126 ,ब्लॉक बिलाईगढ़ में 150 एवम ब्लॉक सारंगढ़ में 164 मृत्यु हुई है। उम्र अनुसार देखी जाय तो एक माह के भीतर 16 नवजात शिशुओं की मृत्यु दर्ज की गई है जिसमे ब्लॉक बरमकेला से 8 ,बिलाईगढ़ से 1 एवम ब्लॉक सारंगढ़ से 7 बच्चो की मृत्यु दर्ज की गई है नवजात शिशुओं की मृत्यु को कम करने की अनेकों प्रयास किए जा रहे है जिसमे शस्थागत प्रसव सुरक्षित प्रसव ,इसके बढ़ावा के लिए जननी सुरक्षा योजना से हितग्राहियों को मोटिवेट करना ,गर्भावस्था में कम से कम 4 बार जांच कराना ,अनेकों जांच करना ,खतरे वाली गर्भवती की पहचान करना एवम उनका निदान करना ,गर्भकाल में बच्चे की विकास जानने के लिए जांच ,गर्भवती की टीकाकरण उनके पोषण पर ध्यान, रेफरल सिस्टम आदि के बावजूद भी नवजात बच्चो की मौटे हो रहे है पहले से नवजात बच्चो की मौत की दरें कम हुई है लेकिन यह और अत्यधित ध्यान दिए जाने की जरूरत है इसके लिए सभी स्वास्थ्य अमले की प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है एक से 5 वर्ष के बीच मात्र 7 मौत हो हुई है वही 5 से 30 वर्ष के बीच कुल 48 मौत दर्ज की गई है जिसमे बरमकेला से 18 ,बिलाईगढ़ से 9 और सारंगढ़ से 21 मौत होने की जानकारी मिली है ,30 से 60 वर्ष के बीच कुल 143 लोगो की मृत्यु हुई है बरमकेला से 36 , बिलाईगढ़ से 65 ,और सारंगढ़ से 42 लोगो की मृत्यु दर्ज की गई है जो कुल मृत्यु की 32 प्रतिशत है जबकि 60 वर्ष के अधिक लोगो की श्रेणी में सर्वाधिक 220 लोगो की रिकॉर्ड की गई जो कुल मृत्यु की 50 है जिसमे ब्लॉक बरमकेला से 63 ,बिलाईगढ़व्से 72 और सारंगढ़ से 85 लोगो की मृत्यु है यदि 30 वर्ष के उपर की कुल मृत्यु को देखे तो 83 प्रतिशत मौत हो रही इनकी मौत को कम करने के लिए शासन की अनेकों कार्यक्रम है यदि हम मौत की विश्लेषण में बीमारी वाइस देखे तो सर्वाधिक मौत 440 में 206 मौतें असंक्रामक बीमारियों से हो रही है हमे इस बात पर फोकस करना होगा की 30 के उपर के लोगो की मृत्यु होती है जिसमे मुख्य रूप से उच्चारक्त चाप एवम इनके कॉम्प्लिकेशन ,मधुमेह एवम इनके कॉम्प्लिकेशन ,एवम कैंसर की बीमारी है मुख्य रूप से इन्ही कारणों से 30 प्लस की मृत्यु होती है कुल मृत्यु माह अक्टूबर 23 में 440 हुई है इसमें से 206 लोगो की मृत्यु केवल उच्च रक्त चाप ,शुगर और कैंसर से हुई है जो कुल मृत्यु का 47 त्न है ये असंक्रामक श्रेणी के बीमारी है वही दूसरी तरफ संक्रामक रोगों से मृत्यु की संख्या नगण्य है अर्थात आज समुदाय में होने वाले अधिकतम मौत असंक्रामक श्रेणी के है जिनको हम कम कर सकते है क्योंकि ये फैलते नही है जिनको होता है उन्ही में रहता है यही कारण है की इन्हे बचाया जा सकता है लेकिन एक ही बात जरूरी है 30 वर्ष के उपर के सभी लोगो की जांच इन बीमारियों के कोई लक्षण हो तो उनका पहचान जरूरी है इसके लिए शासन से बहुत ही महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित है मितानिन के माध्यम से हम 30 वर्ष के उपर के लोगो की एक जांच करते है जिसमे हाई रिस्क कैटेगरी की पहचान पहले ही की जा सकती है जिसे समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रपत्र के नाम से जानते है इस प्रपत्र में परिवार के सभी सदस्य जिनकी उम्र 30 वर्ष से उपर है उनका भरा जाना है इस प्रपत्र में समुदाय से जानने के लिए कुल 6 प्रश्न है जैसे उम्र कितनी है? ,क्या आप दारू पीते है ?, क्या आप तंबाखू का सेवन करते है ? कमर की नाप कितनी है ,रोज कितना चलते है ?, और अंत में ये भी पता करते है की आप ब्क्क या शुगर की दवाई खा रहे है क्या ? इसमें ये भी पूछा जाता है की आपके परिवार में मां ,पिता जी ,भाई बहन किसी की मृत्यु इन बीमारी से हुई तो नही है ? इन प्रश्नों में अंक दिए गए है यदि इन अंको की जोड़ 4 से ज्यादा होती है तह यह हाई रिस्क की श्रेणी में आता है और इन्ही व्यक्ति को बीपी ,शुगर के लिए वर्ष में एक बार ,एवम कैंसर के लिए 5 वर्ष में एक बार जांच जरूरी है इन हाई रिस्क ग्रुप के व्यक्तियों को उनके स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया जाता है यदि व्यक्ति स्वस्थ जीवन शैली को अपना ले और नियमित जांच कराए बीमार होने की स्थिति में नियमित दवाई लेते रहे तो 30 वर्ष के उपर में उच्च रक्त चाप ,शुगर एवम कैंसर से होने वाले नुकसान या मौत को कम कर सकते है आज सर्वाधिक मौत स्ट्रोक ,पक्षाघात ,हार्ट अटैक , से होती है शासन इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी कर रखी है आज सभी स्वास्थ्य केंद्र वेलनेस सेंटर के रूप में वीक शीत किए गए है जहा सीबैक फॉर्म भरना सबकी बीपी शुगर जांच करना साथ में स्तन कैंसर ,मुंह के कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की प्राथमिक लक्षण को पता लगाना है मितानिन ऐसे व्यक्तियों को (ष्ट।ह्र) सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पास भेजते है जो जांच करती है जरूरत के हिसाब से वे मेडिकल ऑफिसर को सत्यापन के लिए भेजती है बीपी शुगर होने पर उनका पंजीयन किया जाता है और इन्हें नियमित रूप से दवाई की सप्लाई ष्ट।ह्र के द्वारा दी जाती है यदि हाई रिस्क ग्रुप के व्यक्ति स्वस्थ जीवन शैली अपनाए खान पान में परहेज करे ,नशा वगैरह से दूर रहे ,रोज पैदल चलता रहे ,नमक शक्कर कम से कम सेवन करे एवम दवाइया नियमित ले साथ में जांच करवाता रहे तो ये निश्चित मान के चलिए उच्च रक्त चाप ,मधुमेह से होने वाले नुकसान को बहुत कम किया जा सकता है और इससे होने वाले मौत को भी कम कर सकते है।



## कमर की नस दबने का हुआ सफल इलाज

**भाटापारा,** 25 नवंबर। निपानिया के पास गांव के रहने वाले उमेश कुमार उम्र 20 वर्ष एक्सीडेंट के बाद कमर के नीचे का भाग काम करने में पूरी तरह से असमर्थ हो गया था। कमर से पैरों की ताकत बिलकुल चली गयी थी। एम आर आई से पता चला की कमर की नस दब गयी है। ऑपरेशन के बाद भी ठीक होने की संभावना नहीं दिख रही थी। भाटापारा के सदर बाजार स्थित शारदा हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपिस्ट एवं नस दर्द विशेषज्ञ डॉ सुधाकर शर्मा के द्वारा फिजियोथेरेपी के इलाज के माध्यम से 2 महीनों के अंदर पैरों के नसों में फिरसे सुधार होने लगा एवं पहले की तरह चलने में समर्थ हो पाया। डॉ सुधाकर शर्मा ने फिजियोथेरेपी के इलाज के माध्यम से पिछले 14 सालों से रायगढ़ के कई मरीजों का इलाज किया है। नस दर्द जाँच की सुविधा जो महानगरों में होती थी,वो अब भाटापारा के शारदा हॉस्पिटल मे निम्नतम शुल्क मे उपलब्ध है।



## बरडीह में देवउठनी पर्व मनाया गया



**खरोरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शास प्राथ: शाला बरडीह एवं शास: पूर्व की शाला बरडीह में आज बच्चों की देवउठनी एकादशी पर्व की कथा सुनाया गया। माता तुलसी और भगवान शालिग राम के विवाह अवसर पर बच्चे एवं शिक्षक मिलकर पूजा का कार्य संपन्न किया। बच्चों ने इस अवसर पर ओम जय जगदीश हरे भजन क गायन किया। शाला में बच्चों का उत्साह व उल्लास की वातावरण देखने लायक था । बच्चों ने त्यौहार की बडा आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्री एम. एल वर्मा ने की किया। कार्यक्रम में शिक्षक व्हीपी वर्मा, श्रीमती एच के साहू, सी. के ध्रुव, बी. के. महिलांग सहित छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## बिलाईगढ़ में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन

**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर(देशबंधु)। नवगठित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण अभियान में समय समय पर नसबंदी पखवाड़े का आयोजन होते रहता है इसी कड़ी में इस माह दिनांक 21 नवंबर 2023 से 4 दिसंबर 23 तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन जिले में किया जा रहा है जिसका थीम है *स्वस्थ मां ,स्वस्थ बच्चा ,जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा* नसबंदी पखवाड़ा के इस आयोजन के दो भाग है पहले भाग जो 21 नवंबर से 27 नवंबर तक रहेगी जिसमे फ्रंटलाइन कार्यकर्ता ( मितानिन एवम क्र।ह्र ) के द्वारा बी लक्ष्य दंपत्तियों से संपर्क कर योग्य दंपत्तियों को चिन्हांकन करना उन्हे प्रेरित करना उनके आशंका को दूर करना एवम उनका पंजीयन करना होता है इस अवधि में सभी फ्रंटलाइन वर्कर अपने अपने क्षेत्र में योग्य दंपत्तियों का चयन करेंगे और दूसरे चरण जो 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगी जिसमे पहले चरण में पंजीकृत दंपत्तियो में से पुरुष की नसबंदी चिन्हांकित सीएचसी में की जावेगी पुरुष नसबंदी में बिना चीरा ,बिना टांका के ऑपरेशन है इसमें दर्द भी नही होता खून भी नही जाता ,और कुछ ही देर में उन्हे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाती है इस ऑपरेशन में पुरुष मर्दानी शक्ति में कोई कमी नही होती न ही किसी प्रकार परेशा नी होती आज समुदाय में इस बिना चीरा पद्धति के ऑपरेशन की पहचान बन चुकी है जागरूक समझदार पुरुष अपनी नसबंदी कराना उचित समझते है इस पद्धति की प्रचार प्रसार किए जाने की आवश्यकता है जिसके जिले की सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा सास बहू सम्मेलन करके दंपत्तियों में से पुरुष को प्रेरित करेंगे साथ ही *मोर मितान मोर संगवारी* के चौपाल लगाकर पुरुष नसबंदी को प्रोत्साहित करेंगे एवम उनके महत्व लाभ के बारे में बताएंगे महिलाओं की पंजीयन भी करेंगे यही नही बल्कि परिवार नियोजन के अस्थाई विधि के हितग्राही भी बनाते जायेंगे सभी स्वास्थ्य संस्था में कंडोम बॉक्स भी स्थापित किए गए है जहा से फ्री कंडोम की वितरण व्यवस्था रहेगी यही नही बल्कि नवदंपत्त्यो को नई पहल किट का वितरण भी करेंगे सीएचसी सारंगढ़ में प्रतिदिन पुरुष नसबंदी ऑपरेशन की व्यवस्था की गई इच्छुक व्यक्ति सीधे आकार भी सेवाए प्राप्त कर सकता है सीएचसी बिलाईगढ़ में भी ऑपरेशन व्यवस्था है लेकिन सर्जन के ट्रेनिंग के लिए दिल्ली प्रवास पर होने के कारण अभी 30 नवंबर को बिलाईगढ़ में आयोजित होगा इच्छुक दंपत्ति ( पुरुष) अपना पूर्व पंजीयन करा लेवे सीएचसी बरमकेला के हितग्राही भी अभी सीएचसी सारंगढ़ से लाभान्वित होंगे।



## गैस एजेंसी में ई केवाईसी नि: शुल्क

### नहीं कराने पर सब्सिडी की समस्या हो सकती है

**पलारी** 25 नवम्बर (देशबन्धु) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार सभी कंपनियों द्वारा एल.पी जी. गैस एजेंसीयों में ई के वाई सी का कार्य जोरो से कराया जा रहा है जिसके तहत हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा श्री विष्णु एचपी गैस एजेंसी पलारी में ईकेवाईसी का कार्य भी किया जा रहा है इस संबंध में एच पी गैस एजेंसी पलारी के प्रोपराइटर = भैयाराम ध्रुव एवं संचालक रवि ध्रुव मंत्रालय के आदेश पर एल. पी. जी गैस कंपनी के निर्देशानुसार श्री विष्णु एच पी के एजेंसी में एलपीजी उपभोक्ताओं को कार्यालय समय में उपस्थित होकर के वाई सी का कार्य कर सकते हैं एचपी गैस एजेंसी के सभी कनेक्शन धारीयों से आग्रह किया गया है कि स्वयं जल्द से जल्द उपस्थित होकर अंगूठे के बायोमेट्रिक से ही केवाईसी संपन्न होना है इसके लिए उपभोक्ताओं को गैसकार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक कॉपी लाना होगा यह कार्य गैस एजेंसी में नि:शुल्क हो रहा है। जल्द से जल्द सभी उपभोक्ताओं को ईकेवाईसी का कार्य समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। निकट भविष्य में यदि ई केवाईसी नहीं कराते हैं तो भविष्य में परेशानी हो सकती है कनेक्शन ब्लॉक हो सकता है जिससे की रिफिल लेने, सब्सिडी में या अन्य कुछ और भी समस्या हों सकती है।

## सार-संक्षेप

### देवउठनी एकादशी पर आकर्षक रंगोली बनाई गई



**खरोरा,** 25 नवंबर। दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी का इंतजार सभी को रहता है क्योंकि देवी देवताओं के जागरण के साथ ही सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। देवउठनी धूमधाम से मनाया गया , देवउठनी एकादशी दीपावली के 11 दिन के बाद मनाई जाती है। घर के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई गई।

### राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईटीपीबीएस की बैठक संपन्न

**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सारंगढ़ के एनआईसी कक्ष में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने ईटीपीबीएस की बैठक ली ।बैठक में उप डाकपाल सारंगढ़, 4 राजनीतिक दलों के और निर्दलीय प्रत्याशी के प्रतिनिधि शामिल हुए ।बैठक में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन मतगणना दिनांक 3 दिसंबर 2023 को सुबह 7:30 बजे तक सभी प्रत्याशियों और उनके एजेंट को अपने आईडी के साथ मतगणना केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। डाक मत पत्र (ईटीपीबीएस) के अंतर्गत जिले और विधानसभा के ऐसे मतदाता आते हैं, जो भारत के सेवा क्षेत्र में शामिल हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी सहित मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, अविनाश सिदार उपस्थित थे।



## कब आएगा फैसला ?, अमानक और अपमिश्रण के रिकॉर्ड मामले

**भाटापारा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कब आएगा फैसला? उपभोक्ताओं के साथ खाद्य एवं औषधि प्रशासन भी बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहा है, यह इसलिए क्योंकि अमानक और अपमिश्रण सहित कई खामियों के लगभग 60 मामले न्यायालय में पेंडिंग है। खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट या स्तरहीन सामग्री का मिलाया जाना, अब आम हो चला है। समय-समय पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, तगड़ी जांच और कड़ी कार्रवाई करता है। प्रकरण भी बनाए जाते हैं। सूक्ष्मता और गंभीरता के साथ किया जाने वाला यह काम, तब हताश करने वाला हो जाता है, जब सुनवाई और फैसले में विलंब का दौर चालू होता है। जारी है अभी भी ऐसा होना। लिहाजा जिले में अब तक लगभग ऐसे 60 मामले हैं, जो नतीजे की प्रतीक्षा में हैं।



**न्याय की आस में**

जिला निर्माण के पूर्व और बाद के वर्षों में भी निरंतर जांच के बाद न्यायालय में प्रशासन ने लगभग 60 मामले पेश किए हैं। जिन पर फैसला अब तक नहीं आ पाया है। गुजर रहे बरस में भी कुछ प्रकरण और लगाए जाएंगे लेकिन पूर्व में पेश मामलों में अब तक फैसला नहीं आने से उपभोक्ता के साथ प्रशासन में हताशा नजर आ रही है।

**ऐसे मामले ज्यादा**

न्यायालय में पेश प्रकरणों में ज्यादातर मामले अमानक स्तर की खाद्य सामग्री के हैं। अपमिश्रण के भी मामले हैं। शहरों की बात करें, तो जिला मुख्यालय बलौदा बाजार, भाटापारा और सिमगा इसमें आगे हैं। यही वजह है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन की नजर में यही शहर जांच के केंद्र में रहते आए हैं। छोटे कस्बे भी हैं लेकिन सुधार नजर आ रहा है।

**बढ़ रहा हौसला**

मिलेगी मामूली सजा या होगा अर्थ दंड। या फिर कुछ नहीं होगा, जैसी धारणा के बीच यह कारोबारी क्षेत्र बेखौफ होकर गतिविधियां चला रहा है। लाचार है उपभोक्ता और खाद्य एवं औषधि प्रशासन क्योंकि फैसला अब तक नहीं आया है। इसके बावजूद प्रशासन ने जागरूकता अभियान और सघन जांच एवं कार्रवाईयां जारी रखी हुई हैं। कभी तो आएगा फैसला, कभी तो मिलेगी सजा।

**प्रतीक्षा कर रहे हैं**

खाद्य एवं पेय पदार्थ की जांच और लैब रिपोर्ट के बाद लगभग 60 प्रकरण न्यायालय में पेश किये जा चुके हैं। फैसले की प्रतीक्षा है।

- **उमेश वर्मा,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बलौदा बाजार

## तेंदुआ को पकड़ने आखिर चार दिन बाद वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**गरियाबंद,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में नेशनल हाईवे से महज 20 मीटर दूर कब्रिस्तान और मणिकंचन केन्द्र के पास डेरा डाले तेन्दुआ को पकड़ने अंतत चार दिन बाद वन विभाग ने तीन अलग अलग पिंजरा अलग अलग स्थानो में लगा दिया है। इसके अलावा ट्रेप कैमरे की संख्या भी बढ़ा दी है। एक पिंजरा मणिकंचन केन्द्र के पास और दूसरा कब्रिस्तान के अंदर लगाया है। इसके साथ ही वन विभाग ने तेन्दुआ को पकड़ने रणनीति भी तैयार की है। जानकारी के मुताबिक रात में शोरगुल थमते ही तेन्दुआ को पकड़ने की कोषिष की जाएगी। रात होते ही पिंजरे में बकरी रखी जाएगी, ताकि तेंदुआ जब शिकार के लिए पिंजरे में प्रवेश करेगा तो उसी में बंद हो जाएगा। बकरी को पिंजरे के दूसरे भाग में रखा जाएगा, ताकि बकरी सही सलामत रहेगी। इसके साथ ही दोनो पिंजरो में नजर रखने वन विभाग की टीम भी तैनात की जाएगी।



**लोगों की मांग और कलेक्टर के दखल के बाद विभाग ने दिखाई रूचि**

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्लालय में बिते चार पांच दिनो से तेन्दुआ के चलते दषहत का माहौल है। वन विभाग का भी रवैया तेन्दुओ को भगाने में सुस्त रहा। शुक्रवार रात 11:30 वनकर्मियो के जाने के बाद फिर तेन्दुआ बाहर आया। इसी दौरान नगर के युवको ने उसकी वीडियो बनाकर सोषल मीडिया में वायरल कर दी। जिसके बाद से जिला मुख्यालय में फिर से तेन्दुओ को जल्द से पकड़ने और भगाने की मांग उठने लगी। ग्रामीणो के मांग और कलेक्टर के दखल के बाद अंतत वन विभाग ने शनिवार को दो पिंजरे लगा दिए है।

ज्ञात हो कि चार दिन से पिंजरा लगाने और तेन्दुआ का पकड़ने की मांग की जा रही थी, लेकिन वन विभाग गंभीर नजर नही आ रहा था। सुत्रो के मुताबिक शनिवार को कलेक्टर आकाष छिकारा की दखल के बाद वन विभाग हरकत में आया। इधर पिंजरा लगाने के साथ ही वन विभाग ने नगरवासियो को अलर्ट रहने कहा गया है। आसपास के दुकानो को खाली करवाया गया है। इसके अलावा वन अमले ने वनकर्मियो को भी तैनाती कर दी है।

## निधन


### चित्रा राव

**रायपुर,** 25 नवंबर। पार्थवी प्रोविंस कॉलोनी सरोना निवासी श्रीमति चित्रा राव (उम्र 46) का आज आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. अनिल राव की पत्नी थी, और सोना राव की भाभी एवं ऐश्वर्य राव, पीयूष राव की माता थी।



### शबीना बेगम

**पलारी,** 25 नवंबर। पलारी वार्ड क्रमांक-8 पलारी निवासी शबीना बेगम की आज आकस्मिक इंतकाल हो गया है। उन्हें आज 26 नवम्बर समय सुबह 10 बजे पलारी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जायेगा। वह शेख मोहम्मद नेपाली की धर्मपत्नी थी।



## जिपं अध्यक्ष ने किया मितानिनों का सम्मान

**पिथौरा,** 25 नवंबर। जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने अपने निवास पर मितानिन दिवस के अवसर पर मितानिनों का सम्मान किया गया साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। श्रीमती पटेल ने कहा कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग व शासन की योजनाओं को घर-घर जाकर क्रियान्वित करतीं है। मितानिनों को उनके सेवा कार्य के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कांग्रेस ने उनका मानदेय भी बढ़ाया है। आगे उन्हें और भी सुविधा मिलनी चाहिए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### योगा, जुंबा और विभिन्न खेल...

गया, जिसमें डीएमएस स्कूल व आशी बाई कन्या स्कूल के छात्रा शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पुलिस, नगर पालिका के साथ एपीओ रेखराज शर्मा, व्यायाम शिक्षक हिरेंद साहू, अंजनी साहू, इंद्राणी भास्कर, तृषा शर्मा, मुकेश पेंदरिया, प्राचार्य के के शुक्ला डीएमएस स्कूल, हेमिंद्र आचार्य स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल, जागेश्वर सिन्हा, चमन चंद्राकर, शैलेंद्र सोनी, जी एल साहू, सितोष झुल्फे, जे पी साहू का सहयोग रहा।

## शा. पूमा शाला छड़िया में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजित

**खरोरा,** 25 नवंबर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया,संकुल केंद्र पचरी, विकासखंड तिल्दा नेवरा,जिला रायपुर में सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमेंआज का थीम च्गुरु नानक जयंती के प्रकाश पर्व पर चर्चाज्ज जानकारियां साझा की गई ।छात्रा भारती,दिया वर्मा ,हिना, लिली ,तान्या, हिमेश महिलांग ,शुभम कोसले, चेतना ,राशि, साजिका, शिवम, गजेंद् आदि विद्यार्थियों के साथ प्रधान पाठक एस के देवांगन ने कहा कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष कि पूर्णिमा तिथि पर गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था।



शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने बताया गुरु नानक जी की माता का नाम तृप्ता और पिता का नाम कल्याणचंद था। गुरु नानक जी का जन्म 1469 में पंजाव प्रांत के तलवंडी में हुआ था। यह स्थान अब पाकिस्तान में है। इस स्थान को नानकाना साहिब के नाम से जाना जाता है। सिख धर्म के लोगों के लिए यह बहुत ही पवित्र स्थल है।

नानक देव जी एक संत, गुरु और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव हित में समर्पित कर दिया था। कहा जाता है कि नानक जी बचपन से ही अपना ज्यादातर समय चिंतन में बिताते थे। वे सांसारिक बातों का मोह नहीं रखते थे। सरपंच आशीष वर्मा तथा शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष हेमलाल बर्मन ने संयुक्त रूप से कहा कि गुरुनानक देव ने समाज को एकता में बांधने और जाति-पाति को मिटाने के लिए कई उपदेश दिए थे। उनकी जयंती को हर साल गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के रुप में मनाया जाता है। यह सिख धर्म में मनाया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार सजता है।

## फर्जी पंजीयनों पर होगा एफआईआर : कलेक्टर



**बिलाईगढ़,** 25 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनपद जनपद पंचायत सारंगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जिले के सभी सेवा सहकारी प्राथमिक समिति के प्रबंधक और ऑपरेटर को कहा कि फर्जी तरीके से किए गए पंजीयनो पर एफआईआर करें। शासन के नियम निर्देश अनुसार ही धान खरीदी करें। संयुक्त खाता के प्रकरणों में विवाद के निपटारे का समुचित निराकरण करें। समीक्षा बैठक दो पाली में आयोजित किया गया। प्रथम पाली सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के समिति प्रबंधक और सभी ऑपरेटर शामिल हुए। इसी प्रकार दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक बिलाईगढ़ विकासखंड के समिति प्रबंधक और सभी ऑपरेटर इस बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, सहायक पंजीयक व्यास नारायण साहू, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विपणन अधिकारी, उपसंचालक कृषि नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक सभी खाद्य निरीक्षक सचिव, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कृषि उपज मंडी बोर्ड आदि उपस्थित थे।

# सिक्ख पंथ के संस्थापक प्रथम गुरु गुरुनानक देव के गुरपुरब पर नगर कीर्तन का आयोजन

**भाटापारा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। सिक्ख पंथ के संस्थापक प्रथम गुरु गुरुनानक देव के गुरपुरब पर नगर कीर्तन का आयोजन आज किया गया। दोपहर बाद पंजाबी गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा से श्री गुरुग्रंथ साहिब की पालकी जिसकी अगुवाई पंजपयारों द्वारा की जा रही थी नगर के प्रमुख मार्ग झूलेलाल धाम से बस स्टैंड चौराहा से महासती मंदिर मार्ग से होते हुए रामसप्ताह चौक से फव्वारा चौक होकर स्टेशन रोड से शहर थाना, सदर बाजार से पुनः गुरुद्वारा में जाकर सम्पन्न हुआ।

पूरे नगर में जगह जगह स्वागत द्वार बनाये गये एवं फूल माला भेंट कर स्वागत किया गया। चौक चौराहा पर करतब दल द्वारा शौर्य प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

रायपुर से शबद कीरतन दल जिसमे स. रिंकू मक्कड़, स. लक्की मक्कड़ एवं स.अमन छाबड़ा के शबद कीरतन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया जिसमें स्थानीय महिला सत्संग ग्रुप की माता बहनों ने अपनी सुंदर भागीदारी दी।

पालकी साहिब की सेवा स. बल्लू चाचा, बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा सेवा समिति द्वारा प्रदान की गई।



नगरकीर्तन के स्वागत के लिए जगह जगह सर्वधर्म समभाव के साथ समाज एवं अन्य समाज के सेवादलों द्वारा कई स्थानों पर साधसंगत के लिए नाश्ते और जलपान की व्यवस्था रखी गई।

सिक्ख सेवा संस्था के युवा साथियों ने नगरकीर्तन हेतु अपने सेवादल के साथियों के साथ उत्कृष्ट सेवा का सराहनीय योगदान दिया।

समाज की महिलाओं, पुरषों के साथ साथ बच्चों ने भी नगरकीर्तन में बड़ी श्रद्धा और उत्साह से शामिल हुए, नगरकीर्तन मार्ग में साफ-सफाई और जल छिड़काव हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद के साथ साथ पालिका उपाध्यक्ष स. त्रिलोक सलूजा का योगदान सराहनीय रहा, नगरकीर्तन के सफल आयोजन एवं समाज के सभी आयु वर्ग के माता बहनों, वीरा भ्रावा और बच्चों की भागीदारी के लिए पंजाबी गुरुद्वारा संचालन समिति के स.नरिन्दर सिंह बाली, स. बलवंत सिंह, स.हरभगवान सिंह, स.मनजीत सिंह 6हैप्पी 8 एवं स.हरमिन्दर सिंह चावला ने आभार व्यक्त किया, समाज के सक्रिय सदस्य श्री अरुण छाबड़ा बंटी द्वारा झुलेलाल सेवा समिति के मुखी एवं समाज के वरिष्ठ जनों का सरोपा एवं शाल भेंट कर अभिनदंन किया नगरकीर्तन पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में पहुँच सम्पन्न हुआ जिसके पश्चात संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी। जिसमें समाज के वरिष्ठ जन स. भागसिंह जी सलूजा, श्री गुलशन सचदेव जी, स. महेन्दर सिंह सलूजा, स. भगतसिंह छाबड़ा जी के आशीर्वचन संगत को दिये गये, गुरुद्वारे के ज्ञानी स. निरंजन सिंह एवं हजूरी रागी जन ने संगत को अपने शबद कीरतन से संगत को निहाल किया, गुरपुरब सोमवार 27 नवम्बर को स्थानीय गुरुद्वारे में श्रद्धा एवं परम्परागत रुप से मनाया जायेगा। नगरकीर्तन के सफल बनाने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी के साथ साथ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग भी प्राप्त हुआ।

# शासकीय प्राथमिक विद्यालय कसडोल में भाषा उत्सव कार्यक्रम में ओडिशा के जिला ने निभाई सहभागिता

**सरायपाली,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना हेतु बहु भाषावाद को प्रोत्साहित करने हेतु, भाषा उत्सव के आयोजन राज्य परियोजना कार्यालय छत्तीसगढ़ एवं जिला परियोजना कार्यालय महासमुंद के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल संकुल समन्वयक नेहरू लाल चौधरी के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल के बच्चों का शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मुगुरिया विकासखंड -निश्चिताकोईली जिला- कटक तथा प्राथमिक शाला ओडियापारा, ब्लाक- खपराखोल, जिला -बलांगीर राज्य ओडिशा के बच्चों के साथ भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके तहत उड़ीसा राज्य के स्कूलों के बच्चों के साथ हमारे शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल के बच्चों का आपसी संवाद कराया गया। विभिन्न भाषाओं की जानकारी दी गई जिसमें बच्चों को स्थानीय भाषा में कविता, कहानियों, एवं पहेलियों का बच्चों ने आदान- प्रदान किये एवं बच्चों ने एक दूसरे राज्यों की संस्कृतियों का आदान - प्रदान अपनी स्थानीय भाषा में किया गया। कटक के बच्चों ने बताया कि उनके यहां आज बड़उषा का पूजा है एवं उन्होंने बताया कि कटक जिला महानदी एवं काठजोड़ी नदी के मध्य बसा है। इसी प्रकार से ओडियापारा स्कूल के बच्चों ने बताया कि उनके स्कूल के पास हरिशंकर नामक पर्यटन स्थल है। वहां एक शिव मंदिर है और एक झरना है जहां बहुत भीड़ रहती है कार्यक्रम का संचालन सहा.शिक्षक योगेश कुमार साहू, प्रधानपाठक अंजू पटेल, सहा.शिक्षिका अंजलिना नंद, सहा.शिक्षक विराट कुमार भोई जी द्वारा किया गया। जिसमें ओडिशा के शिक्षक मोहम्मद ओसामा तथा विष्णु ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दुर्वादल दीप ने दी।






# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 कोचिया गिरफ्तार

**पलारी,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 24.11.2023 को थाना पलारी से आरक्षक की पुलिस टीम द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?8800 कीमत मूल्य का कुल 80 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। सांथ ही अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्नस्न डीलक्स ष्ट्त04 स्ध्र 5006 एवं बिना नंबर पुरानी टीवीएस मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। आरोपियों रवि वर्मा एवम राजकुमार वर्मा दोनो गोडा निवासी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



**आरोपियों से 80 पाव देशी मसाला शराब जप्त**

# पलारी में मितानिनों का सम्मान

**पलारी,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। मितानिनो ने बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक के स्वास्थ्य की निगरानी कर आवश्यक मदद कर रही है। अपने गांव, मुहल्ले की गर्भवती महिला की स्वास्थ्य जांच व संस्थागत प्रसव में मदद करती है। आज छत्तीसगढ़ में मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु को कम करने में मितानिनों का महत्वपूर्ण योगदान है। उक्त उद्बोधन पलारी मे मितानिन दिवस के अवसर पर आयोजित मितानिन सम्मान कार्यक्रम में राम कुमार साहू वरिष्ट नागरिक ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहीं उन्होने मितानिनों के सम्मान मे छत्तीसगढ़ी मे च्जेन ह जिनगी के बाचे किताबज्ज् अऊ सेहत के राखे हिसाबज्ज्ओला कहिथे मितानिन रचना के माध्यम से प्रशँसा की। सम्मान समारोह कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे बीएमओ डा. बीएस ध्रुव ने कहा कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग एवं जनता के बीच की कड़ी है जो स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यक्रम को अपने पारा, मोहल्ला में आम जनता तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



**जेन हा जीनगी के बाचे किताब, अऊ सेहत के रखे हिसाब, ओला कहिथे मितानिन : रामकुमार साहू**

जनता की सेवा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति में मितानिनों की महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सत्य प्रकाश साहू कार्यक्रम समन्वयक राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र रायपुर ने कहा कि मितानिनें स्वयं सशक्त होकर गांव की महिलाओं को भी सशक्त की है। हमारे मितानिन लोगों के अधिकार के लिए आत्मविश्वास के साथ आवाज उठाती है। मितानिनों ने लोगों तक स्वास्थ्य शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने में मदद के साथ-साथ महिला हिंसा रोकने में अग्रणी योगदान दे रही है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मुकेश देवांगन कार्यक्रम समन्वयक, जब्बार हसन जिला समन्वयक, राजेश डहरिया विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सतीश जायसवाल जगन्नाथ यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मितानिन अनीता, सुनीता, रुक्मणी साहू, पूनम, नूरी बेगम, लाली निशा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी साहू ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम एवं राजेश डहरिया ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती फाल्गुनी मिश्रा मितानिन प्रशिक्षक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जीएनए कॉलेज ने सीआईएसएफ के जवानों को करवाया ध्यान

**भाटापारा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव 2023 को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न करवाने हेतु केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अनेक बटालियन छत्तीसगढ़ के जिलों में तैनात की गई थी। इस तारतम्य में भाटापारा में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने हेतु सीआईएसएफ की बटालियन क्रमांक 306 / 552 ई और 308 / 552 डी को रांची से बुलवाया गया था, जिसके ठहरने की व्यवस्था शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में की गई थी।

बटालियन के जवानों को उदासी और यांत्रिक दिनचर्या से उबरने में सहायता करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की वाणिज्य परिषद की ओर से तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन स्पोर्ट्स हाल में दिनांक 23 नवंबर को किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती पूर्णिमा साहू के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष अशोक वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया गया।

दूसरे सत्र के प्रारंभ में अपने उद्बोधन में प्राचार्या महोदया ने छत्तीसगढ़ की धरा पर जवानों का अभिनंदन किया और तनाव प्रबंधन में योग एवं ध्यान की भूमिका के बारे में अपने अनुभव साझा किये। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सरवैया ने मंच संभाला।



गौरतलब है कि उन्होंने ब्रह्म ऋषि पितामह डॉ. सुभाष पत्री जी से ध्यान सीखा है, जिन्होंने पूरे विश्व में पिरामिड ध्यान और शाकाहार का प्रचार-प्रसार करने हेतु पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट की स्थापना की थी। सरवैया जी छत्तीसगढ़ पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट में ध्यान प्रशिक्षक है।

कार्यक्रम के आरंभ में आपने जवानों को कठिन और चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में रहते हुए भी पूरी तत्परता से चुनाव में सुरक्षा प्रदान करने हेतु धन्यवाद दिया। बाद में उन्होंने दैनिक जीवन के कुछ उदाहरणों से बताया कि मानव किस तरह विभिन्न परिस्थितियों में क्रिया -प्रतिक्रिया करके मानसिक और भावनात्मक उलझनों में फंस जाता है।

उन्होंने इसका कारण बताते हुए कहा कि डिजिटल क्रांति से विचारों के प्रदूषण की गति बढ़ गई है, जिसने मानव के विचारों एवं भावनाओं को दूषित कर गहरे तक प्रभावित कर दिया है, इससे मनुष्य में धैर्य और सहनशीलता कम हो गई है और वह तत्काल प्रतिक्रिया करने लगा है, इससे न केवल पारिवारिक बल्कि सामाजिक और पेशेवर क्षेत्र में भी लोगों के आपसी कलह होने से तनाव, चिंता, उदासी की लहरें बढ़ गई है।

तकनीक के शिखर युग में हमें भौतिक सुख सुविधाएं तो बहुत सी प्राप्त हो रही है, लेकिन हमारी मानसिक और भावनात्मक शांति लगभग लुप्त हो गई है। लोग भीतर ही भीतर संघर्ष कर रहे हैं, इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह बहुत जरूरी हो जाता है कि हम अपने दिनचर्या में एक ऐसी प्रक्रिया को अपनाएं, जिससे हम अपने मन और भावनाओं को संभाल सके। इस समस्या का समाधान हमारे ऋषि मुनियों ने हजारों वर्षों पहले से ही खोजा था, जिसे हम योग- ध्यान के रूप में जानते हैं, अतः मन की देखभाल और सफाई करने के लिए प्रतिदिन ध्यान करना लाभकारी होता है।

अंत में उन्होंने सभी जवानों को लगभग 20 मिनट तक निर्देशित आनापानसती ध्यान करवाया। कार्यक्रम का पहला सत्र सुबह 10 बजे और दूसरा सत्र 4 बजे अलग-अलग टीम के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें कुल 150 जवानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में श्रीमती रमा बेन सरवैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी और बटालियन के इंस्पेक्टर बी सी आरभगत जी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्राचार्या महोदया मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान थी, बटालियन के इंस्पेक्टर आरके सिंह उपस्थित थे। इसके अलावा डॉ. शशि किरण कुजूर, डॉ. सुमित पंत, दीपक कुमार यादव सहित अनेक प्राध्यापक साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुप्तेश्वर साहू, रोहन अग्रवाल, विकास ठाकुर, उमेश, कोमल मानिकपुरी और सुब्बू दास का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

# फनिकेश्वर नाथ व्यापारी संघ का वार्षिक सम्मेलन घटारानी में संपन्न



**फिंगेश्वर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नए स्थान पर वार्षिक सम्मेलन का प्रस्ताव कर मां घटारानी वनांचल स्थल पर बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ संघ के समस्त पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों संरक्षक गण एवं सभी व्यापारी बंधुओ की उपस्थिति में संपन्न हुआ बैठक की शुरुआत में संघ के अध्यक्ष द्वारा बीते वर्ष के आय व्यय का ब्योरा दिया गया बैठक में व्यापारी हित में अनेक विषयों पर चर्चा की गई सभी व्यापारियों से गुमास्ता लाइसेंस एवं खाद्य लाइसेंस बनाने का सुझाव दिया गया सप्ताह में एक दिन शुक्रवार बदं आवश्यक रूप से रखा जाए इस विषय पर संयुक्त रूप से सभी व्यापारियों से सहयोग करने की अपील की गई एवं सहमति ली गई नगर में अन्य व्यापारी संघ से भी शुक्रवार बंद में सहयोग करने हेतु चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया संघ को विगत 30 वर्षों से वरिष्ठ व्यापारियों का सहयोग मिलता रहा है इस अवसर पर सभी वरिष्ठ व्यापारियों का श्रीफल एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया एवं उनका सम्मान किया गया व्यापारियों में प्रतिभावान गायक वर्ग से पुराने गीतों की बौछार की गई मुख्य रूप से नगर के युवा व्यापारी दिलीप यादव गोलू भाई अभिषेक दुग्गड ने संगीत के माध्यम से अच्छा माहौल बनाया संघ की ओर से लगभग डेढ़ सौ व्यापारियों ने नाश्ता भोजन ग्रहण कर सम्मेलन का आनंद लिया जय व्यापार के नारे लगाए गए घटारानी के जंगल क्षेत्र में बड़े ही शांतिप्रिय माहौल संघ की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए सभी छोटे-बड़े व्यापारियों ने अपनी उपस्थिति दी।

# शिवसेना जिला मिडिया प्रभारी निलेश मानिकपुरी का सम्मान



**पलारी,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में जिला मीडिया प्रभारी निलेश मानिकपुरी को सम्मान पत्र दिया गया। शिवसेना प्रदेश प्रमुख परिहार ने बताया कि विगत 39 वर्ष से शिवसेना छत्तीसगढ़ में सक्रिय है। जिसमे 20 वर्षो से निलेश ने अपना कार्यभार जो भी पार्टी के नेतृत्व में मिला सम्मान पुर्वक अपना दायित्व निभाया। आज भी मुझे याद है निलेश जब पार्टी ज्वाइन किया तो करीब 12 वर्ष का उम्र था और इस 20 वर्ष में निलेश ने कभी भी शिवसेना पार्टी को नही छोड़ा कई उतार चढ़ाव आए कई पुराने पदाधिकारी छोड़ कर चले गए और कई अभी भी है। निलेश मानिकपुरी को सम्मान पत्र इसलिए दिया गया क्योंकि इसने कभी भी पार्टी के सम्मान में कोई ग़लत निर्णय नहीं लिया एवं पार्टी अनुशासन हित काम नहीं किया।

# सुनसुनिया में ग्रामीणों ने की अवैध शराब बेचने वालो के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई

**बागबाहरा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस की मिलीभगत एवं निष्क्रियता के चलते इस क्षेत्र के अनेक गावो में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। पुलिस इस मामले में जानबूझकर कोचियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती है। जिसके कारण अवैध शराब बेचने वालो के हौसले काफी बुलंद हो गए है। वे दबंगई के साथ अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं। गांव-गांव में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री होने से गांव का माहौल दूषित एवं शराबमय हो गया है। जिसके कारण रोज गांवों में लड़ाई झगड़ा, मारपीट, गालीगलौच एवं चोरी चमारी की घटनाएं होने लगी है। अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ पुलिस आखिर ठोस कार्रवाई क्यों नहीं करती है। पुलिस की मिलीभगत एवं सांठगांठ से ही यह दो नम्बरी अवैध शराब की बिक्री रोजाना क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही है। मानो अवैध शराब की बाढ़ आ गई हो। इसी कड़ी में पुलिस की कार्यशैली से गुस्साए ग्रामीणों ने नगर से लगे ग्राम पंचायत सुनसुनिया में अवैध रूप से धड़ल्ले से बिक रहे शराब से परेशान महिलाओं ने जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मिता हितेश चंद्राकर, ग्राम पंचायत सुनसुनिया के सरपंच भेखलाल चंद्राकर एवं ग्राम प्रमुखों के मार्गदर्शन में आज शनिवार 25 नवंबर को गांव में अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के घरों में छापा मारकर शराब बनाने एवं बेचने के बर्तन एवं लावारिस महुआ लाहन पास जप्त किया गया। ग्रामवासियो द्वारा की गई इस कार्यवाही की जानकारी मिलने पर बागबाहरा थाने के पुलिस दल गांव में पहुंचा। लेकिन ग्रामीणों ने इस मामले को गांवकारी नियम एवं कानून के तहत निर्णय एवं फैसला कर अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने की बात कह कर पुलिस दल को लौटा दिया गया। बागबाहरा शहर से लगे हुए गांव के गली-गली में अवैध शराब बनाने एवं बेचने से लगातार गांव का माहौल खराब होने के कारण गांव के प्रमुखो ने बैठक बुलाकर गली- गली में शराब बनाने व बेचने को रोकने के लिए चिन्हांकित कर एक स्थान पर बेचने ठेका दे दिया गया। इस निर्णय के बाद महिला समूह के सभी सदस्यों ने गांव में शराब बेचने पर प्रतिबंध लगाने की बात कहने लगे। कल पंचायत भवन में जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर को बुलाकर उसकी अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिस पर अध्यक्ष ने ग्राम प्रमुखो एवं समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में बैठक कर चर्चा करने के सुझाव पर आज सुबह 8ः00 बजे गांव में काम बंद रखकर बैठक किया गया। जिस पर चर्चा हुई कि ठेका को निरस्त किया जाए। तथा ग्राम में अवैध शराब निर्माण एवं बेचने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया जाए। ऐसा निर्णय ग्रामवासियो द्वारा लिया गया। गांव के जिस व्यक्ति द्वारा महुआ शराब निर्माण किया जाता है। उनके घर में छापा मार कर शराब निर्माण, बर्तन एवं सामाग्री को जप्त करने का निर्णय लिया गया। जिस पर महिला समूह एवं गांव की युवाओं द्वारा शराब निर्माणकर्ताओं के घर में छापा मार कर बर्तन एवं सामग्री जप्त कर खेतों में महुआ पास लाहन को जप्त किया गया। गांव में धरपकड़ की यह कार्रवाई 2 घंटे तक चलता रहा। इसके बाद गांव में जनचौपाल आयोजित कर सामाग्री जप्त लोगों के ऊपर गांवकारी निर्णय के अनुसार दंडित करने का फैसला लिया गया। जिसमें 11-11 हजार रुपए अर्थदंड किया गया। भविष्य में अवैध शराब निर्माण एवं बेचने वालों के ऊपर 51 हजार का अर्थदंड एवं बताने वाले व्यक्ति को 5 हजार 1 सौ जुर्माना में से पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया। तथा गांव में सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलने एवं शराब पीने पर 51 सौ रुपए जुर्माना करने का भी निर्णय लिया गया है। और बताने वाले को 1 हजार 1 सौ रुपए पुरस्कार दिया जायेगा। गांव में आज शनिवार को ग्रामवासियो द्वारा अवैध शराब बेचने वालो के घरो में ताबड़तोड़ कार्यवाही कर उनके खिलाफ गांव में फैसला किया गया। इस दौरान पूरे गांव में आज कामकाज बंद रखकर यह कार्यवाही किया गया।





- **जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर के नेतृत्व में की गई सराहनीय कार्रवाई**
- **शनिवार को ग्रामवासियो ने गांव में पूरी तरह से कामकाज बंद रखकर शराब विक्रेताओं के विरुद्ध की कार्रवाई**
- **ग्रामीणों के द्वारा इस प्रकार से की गई कार्रवाई की सर्वत्र प्रशंसा**